वाराणसी, बुधवार 12 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 14, अंक 35, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन



अंदर : ट्रंपवाद से उदार लोकतंत्र खतरे में

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# पाकिस्तान में पैसेंजर ट्रेन हाईजैक

## 20 सैनिकों की हत्या, बलूच आर्मी का दावा 182 यात्री बंधक

**मचा हड़कंप**

### कहा-ऐक्शन लिया तो सभी बंधक मारे जाएंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया। बीएलए ने बयान जारी कर बताया कि उसने 182 पैसेंजर्स को बंधक बना रखा है। पहले बीएलए ने 100 से ज्यादा यात्रियों को बंधक बनाने की बात कही थी। बीएलए ने बयान में ये भी बताया कि अब तक 20 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं और एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। बीएलए के लड़ाकों का अब भी जाफर एक्सप्रेस पर पूरी तरह नियंत्रण बना हुआ है।

पाकिस्तान सरकार बोली- इमरजेंसी लागू: क्वेटा से पेशावर जा रही ट्रेन पर पहरो कुनरी और गदालार के बीच भारी फायरिंग की खबर आई। इसके बाद इलाके में इमरजेंसी के आदेश जारी कर दिए गए। ट्रेन में 9 कोच थे, जिनमें 500 यात्री सवार थे। इसे हथियारबंद लोगों ने टनल नंबर-8 में रोक लिया। सरकार यात्रियों से संपर्क करने की कोशिश कर रही है। सरकार ने बताया कि मौके पर अफसरों को पहुंचने में मुश्किल आ रही है, क्योंकि यह पथरीला इलाका है। क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है। सभी डॉक्टरों, स्पेशलिस्ट, कंसलटेंट और नर्सों को अस्पताल पहुंचने कहा गया है। पाकिस्तानी सेना ने हमले वाली जगह के लिए एक ट्रेन रवाना कर दी है। इसमें सैनिक और डॉक्टरों को भेजा गया है। एक बयान में बीएलए ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने माशकाफ, धादर और बोलान में इस ऑपरेशन को प्लान किया है। रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया गया है, जिसकी वजह से जाफर एक्सप्रेस को रुकना पड़ा। इसके बाद हमारे लड़ाकों ने इस ट्रेन पर कब्जा कर लिया और यात्रियों को बंधक बना लिया।



बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, एंटी-टेररिज्म फोर्स और इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस के एजेंट्स शामिल हैं, जो पंजाब जा रहे थे। बीएलए ने कहा, अगर किसी तरह का सैन्य हस्तक्षेप हुआ, तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। हमने महिलाओं, बच्चों और बलूच यात्रियों को छोड़ दिया है और सिर्फ पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के कर्मियों को बंधक बनाया गया है। इस ऑपरेशन का नेतृत्व बीएलए की फिदायीन यूनिट और मजीद ब्रिगेड कर रही है, जिन्हें फतेह स्क्वाड, एसटीओएस और जिराब इंटेलिजेंस विंग का समर्थन प्राप्त है।

नवंबर में क्वेटा स्टेशन पर ब्लास्ट में 26 लोग मारे गए: 14 नवंबर को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हुई थी। 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। तब भी हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलओ) ने ली थी। इससे पहले 25 और 26 अगस्त 2024 की दरमियानी रात बलूच लिबरेशन आर्मी ने कोलपुर और माच के बीच एक ब्रिज को उड़ा दिया था। जिसके बाद ट्रेन की सर्विस रोक दी गई थी। 11 अक्टूबर 2024 से ट्रेन सर्विस फिर से शुरू हुई। 16 फरवरी 2023 को भी जाफर एक्सप्रेस में ब्लास्ट हुआ था, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी। ब्लास्ट तब हुआ था, जब ट्रेन चिचावतनी रेलवे स्टेशन को पार कर रही थी। हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने ली थी।

### बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी क्या है

बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत–पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे। लेकिन बिना उनकी मर्जी से उन्हें पाकिस्तान में शामिल कर दिया गया था। ऐसा नहीं हुआ इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है। बीबीसी के मुताबिक बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं मगर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी सबसे ताकतवर संगठन है। ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया लेकिन 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है। बीएलओ बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उनका मानना है कि बलूचिस्तान के संसाधनों पर उनका हक है। पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था।

# टैरिफ मुद्दे पर अमेरिका से कोई वादा नहीं

## भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे से किया किनारा

**नई दिल्ली।** भारत ने डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वाले दावे से किनारा कर लिया है और कहा कि अभी कोई समझौता नहीं हुआ है। सरकार ने संसदीय समिति से कहा कि टैरिफ मुद्दे पर अमेरिका से कोई वादा नहीं किया गया है। साथ ही सरकार ने इस मसले को सुलझाने के लिए सितंबर तक का समय मांगा है। ट्रंप बार-बार टैरिफ का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने बीते दिन दावा किया था कि भारत ने टैरिफ को काफी कम करने की प्रतिबद्धता जताई है।

अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि भारत टैरिफ कटौती पर सहमत हो गया है। हालांकि, भारत के वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि किसी को भी ट्रंप के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि दोनों ही देशों के बीच समझौते पर बातचीत अभी जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के समक्ष पेश होते हुए वाणिज्य ने कहा कि भारत और अमेरिका पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में काम कर रहे हैं। इसमें केवल तत्काल टैरिफ समायोजन की मांग करने के बजाय दीर्घकालिक व्यापार सहयोग पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने भारत के खिलाफ टैरिफ कार्रवाई पर चिंताओं को दूर करने की भी कोशिश की। उनका तर्क था कि नई दिल्ली, वाशिंगटन के साथ एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा है, जो चीन, कनाडा और मैक्सिको के बिल्कुल अलग है। ट्रंप ने इन देशों के खिलाफ टैरिफ कार्रवाई की घोषणा की है, जिनमें से कुछ पहले ही लागू हो चुकी हैं। सूत्रों के मुताबिक एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के दीपेंद्र हुड्डा और टीएमसी की सागरिका घोष जैसे सांसदों ने वाणिज्य सचिव से पारस्परिक टैरिफ पर सवाल किए. ट्रंप ने 2 अप्रैल से उच्च टैरिफ वाले देशों पर इसका लगाने की धमकी दी है।

**सलाह**

### कहा-किसी को भी ट्रंप के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं करना चाहिए

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

## संक्षेप

### अभिनेता विजय पर केस दर्ज

**चेन्नई।** साउथ के सुपरस्टार विजय ने हाल ही में चेन्नई के रॉयपेटा में वाईएमसीए मैदान में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया, जिसे उनके प्रशंसकों ने खूब सराहा। हालांकि, यह आयोजन अब विवाद का केंद्र बन गया है, क्योंकि तमिलनाडु सुन्नत जमात द्वारा अभिनेता के खिलाफ औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है।

### तेजप्रताप यादव और हेमा को जमानत

**पटना।** बहुचर्चित लैंड फॉर जॉब घोटाले में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई, जिसमें तेज प्रताप यादव और हेमा यादव सहित सभी आरोपियों को जमानत मिल गई। कोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और एक सिक्योरिटी पर बेल दी। जमानत देते हुए कोर्ट ने कई शर्तें भी रखीं, जिनके मुताबिक गवाहों से छेड़छाड़ नहीं करनी होगी। देश छोड़ने से पहले अदालत को जानकारी देनी होगी।

### एक्ट्रेस रान्या के पिता पर भी शक, दिए जांच के आदेश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने सोने की तस्करी मामले में अभिनेत्री रान्या राव की गिरफ्तारी के बाद बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रोटोकॉल उल्लंघन की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। इस मामले में सरकार ने रान्या राव के सौतेले पिता और आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की भूमिका की भी जांच के आदेश दिए हैं।

### पांच बांग्लादेशियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो राजधानी के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे थे। पुलिस ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को सदर बाजार इलाके से जबकि बाकी तीन को बाहरी जिले से पकड़ा है। ये सभी अवैध रूप से भारत में रह रहे थे और इन्होंने फर्जी दस्तावेज भी बनवा रखे थे।

# केसीसी खातों में फंसे कर्ज नहीं चुका पा रहे किसान

**नई दिल्ली।** किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) खातों में कर्ज फंस रहा है। बढ़ते बैड लोन यानी फंसे कर्जों ने कृषि क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के मुताबिक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को छोड़ शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंकों के केसीसी खातों में पिछले चार सालों में फंसे कर्जों में 42 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2021 के आखिर में यह राशि 68,547 करोड़ रुपए थी, जो दिसंबर 2024 के आखिर तक बढ़कर 97,543 करोड़ रुपए हो गई। मीडिया रिपोर्ट में आरटीआई के जवाब में आरबीआई ने बताया है कि इस बढ़ोतरी के कई कारण बताए हैं। इनमें मौसम की मार, किसानों को पुनर्भुगतान की समयसीमा की जानकारी का अभाव, व्यक्तिगत जरूरतों के कारण भुगतान में देरी और बैंकों की कमजोर कर्ज वसूली प्रणाली शामिल है। इसके अलावा, चुनाव से पहले कर्ज माफी की उम्मीद भी इसको प्रभावित करती है। बैंकों का कहना है कि अन्य कृषि कर्जों की तुलना में केसीसी में डिफॉल्ट ज्यादा होता है क्योंकि उधार ली गई राशि कम होती है। इससे पुनर्भुगतान किसानों की प्राथमिकता में सबसे नीचे आ जाता है।

आरबीआई के मुताबिक वित्त वर्ष 2021-22 में केसीसी सेगमेंट में एनपीए 84,637 करोड़ रुपए था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 90,832 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2023-24 में 93,370 करोड़ रुपए हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह राशि 95,616 करोड़ रुपए और जुलाई-सितंबर 2025 तिमाही में 96,918 करोड़ रुपए थी। यह ध्यान रखना जरुरी है कि केसीसी सेगमेंट में एनपीए का वर्गीकरण अन्य खुदरा कर्जों से अलग है। राज्यों के लिए फसल का मौसम संबंधित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति तय करती है। ज्यादातर राज्यों में छोटी अवधि की फसलों के लिए फसल का मौसम 12 महीने और लंबी अवधि की फसलों के लिए 18 महीने होता है। बैंकरों का कहना है कि अगर कोई केसीसी कर्ज मिलने के तीन साल के अंदर नहीं चुकाता है तो उसे एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया जाएगा। वित्त वर्ष 2020-21 के अंत और दिसंबर 2024 की तिमाही के अंत के बीच बैंकों के चालू केसीसी खातों में बकाया कर्ज राशि में भी करीब 30 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। मार्च 2021 के अंत में चालू केसीसी खातों में बकाया राशि 4.57 लाख करोड़ रुपए थी, जो दिसंबर 2024 तक बढ़कर 5.91 लाख करोड़ रुपए हो गई। वित्त वर्ष 2021-22 में बैंकों के चालू केसीसी खातों में बकाया राशि 4.76 लाख करोड़ रुपए, वित्त वर्ष 2022-23 में 5.18 लाख करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2023-24 में 5.75 लाख करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में चालू केसीसी खातों में कुल बकाया राशि 5.71 लाख करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही में थोड़ी बढ़कर 5.87 लाख करोड़ हो गई।

**कृषि क्षेत्र में बढ़ी चिंता**

### बैंकों का कहना है अन्य कृषि कर्जों की तुलना में केसीसी में डिफॉल्ट ज्यादा

## दिल्ली की आग में यूपी के 3 लोग जिंदा जले, मौत

**नई दिल्ली।** आनंद विहार में मजदूरों के एक टेंट में आग लग जाने से तीन लोग जिंदा जल गए। तीनों मृतक उत्तर प्रदेश के बांदा और ओरैया के रहने वाले हैं और यहां आईजीएल में कैजुलअल लेवर के रूप में काम कर रहे थे।टेंट में रोशनी के लिए वह डीजल वाली डिबिया जलाते थे और इसे कूलर स्टैंड पर रख देते थे। टेंट में एक अस्थायी गेट था जिसे लॉक कर देते थे। जिंदा बच गए नितिन सिंह ने कहा कि श्यान सिंह ने रात 2 बजे टेंट में आग लगी देखा। श्याम सिंह ने ही उसे भी जगाया। श्याम सिंह ने लॉक खोलकर निकलने की कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुआ। नितिन का कहना है कि वह टेंट से निकलने में कामयाब रहा, लेकिन बाकी लोग नहीं निकल पाए। जग्गी, श्याम सिंह और कांता की टेंट में जलकर मौत हो गई। नितिन सिंह मामूली रूप से आग की चपेट में आया। आग लगने से एक गैस सिलेंडर भी फट गया। दमकल विभाग की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। क्राइम और एफएसएल टीम ने मौके पर जाकर जांच की। मृतकों के शवों को अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## योगी सरकार के मंत्री का विवादित बयान

# रंग से बचने को मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें

**लखनऊ ।** प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रघुराज सिंह के हालिया बयान ने गर्मी से पहले सियासी पारा चढ़ा दिया है। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के पुरुषों को सलाह देकर कहा कि यदि वे होली के रंगों से बचना चाहते हैं, तो मुस्लिम मर्द हिजाब पहनें, रंग से बची रहेगी टोपी। उनका यह बयान विवाद का विषय बन गया है।

दरअसल अलीगढ़ में मंत्री सिंह ने कहा कि अगर मुस्लिम पुरुषों को होली पर रंगों से परहेज है और वे जुमे की नमाज के लिए घर से बाहर निकलना चाहते हैं, तब उनके पास दो ही विकल्प शेष हैं, तब या वे घर पर ही नमाज अदा करें या फिर महिलाओं की तरह हिजाब पहनकर बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि होली के दिन मस्जिदों को तिरपाल से ढक दिया जाता है, जिससे वे रंगों से सुरक्षित रह सकें। इसतरह मुस्लिम पुरुष भी खुद को हिजाब से ढक सकते हैं, ताकि उनके सफेद कपड़ों पर रंग न लगे। मंत्री ने कहा कि होली खेलने वालों को यह अंदाजा नहीं होता कि रंग उड़कर कहां गिरेगा। उन्होंने होली के त्योहार में बाधा डालने वालों के लिए कड़े शब्दों में कहा कि इसतरह के लोग या प्रदेश छोड़ दें, या फिर जेल जाने के लिए तैयार रहें या यमराज से मिलने की तैयारी कर लें। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में बहस छिड़ गई है। मंत्री सिंह के बयान पर विपक्षी दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कई नेताओं ने सांप्रदायिक बयान बताकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस तरह के बयान समाज में नफरत फैलाने का काम करते हैं और इससे धार्मिक सौहार्द बिगड़ सकता है।

**विवाद**

### समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने बयान पर नाराजगी जाहिर की



### अस्पतालों में बने मुस्लिमों के अलग वार्ड

बलिया। यूपी के बलिया से बीजेपी विधायक केतकी सिंह ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में मुस्लिमों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाया जाए। मुसलमानों को होली, रामनवमी, दुर्गा पूजा से दिक्कत होती है। ऐसे में हो सकता है कि हमारे साथ इलाज करवाने में भी उनको दिक्कत हो। उन्होंने कहा कि सीएम योगी को एक कमरा और बना देना चाहिए। उनके लिए ताकि मुसलमान वहां दूसरी विंग में जाकर अपना इलाज करवा सकें। मेडिकल कॉलेज में अलग से विंग होगा मुसलमानों के लिए तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं तो महाराज से अनुरोध करती हूं कि भइया इनके लिए अलग से वार्ड बनवा दें ताकि ये अलग से इलाज करवा सकें। क्योंकि इन्हें हमारे साथ रहने में दिक्कत होती है।

# होलिका दहन के अगले दिन लग रहा खग्रास चंद्र ग्रहण

**नई दिल्ली ।** फाल्गुन मास की पूर्णिमा यानी होलिका दहन के एक दिन बाद चंद्र ग्रहण लगाने वाला है। दरअसल 14 मार्च को भी पूर्णिमा रहेगी। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन और चंद्र ग्रहण दोनों एक दिन पड़ रहे हैं। दरअसल सूर्य हर माह राशि परिवर्तन करते हैं। इस बार सूर्य का राशि परिवर्तन 14 मार्च को होगा और तभी चंद्र ग्रहण लग रहा है। सूर्य इस बार गुरु की राशि मीन में जा रहे हैं। इस राशि में मार्च में शनि भी आ जाएंगे। बता दें कि यह चंद्रग्रहण खग्रास चंद्र ग्रहण होगा। इस ग्रहण के सूतक काल पर विचार किया जाना बहुत जरूरी है। दरअसल चंद्र ग्रहण के दौरान चंद्रमा कन्या राशि में रहेगा। यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए ग्रहण का सूतक नहीं लगेगा। जो ग्रहण जिस देश में नहीं दिखता, तब उसका प्रभाव वहां नहीं माना जाता। इस प्रकार होली पर पड़ने वाले चंद्र ग्रहण का कोई असर भारत में धार्मिक तौर पर नहीं होगा। हालांकि विभिन्न राशियों पर इसका असर हो सकता है।



### होली का शुभ मुहूर्त

इस साल 13 मार्च को पूर्णिमा तिथि है, सुबह 10:36 बजे भद्रा काल शुरू हो जाएगा। इसी दिन होलिका का पूजन रात में होलिका दहन भद्रा के समाप्त होने के बाद 11.28 पर किया जाएगा। आपको बता दें कि पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 13 मार्च को सुबह 10:36 बजे होगी। इसका समापन 14 मार्च को दोपहर 12:35 बजे होगा।

### उप्र सहित एक दर्जन राज्यों में हो सकती है बारिश

**नई दिल्ली।** कहने को बारिश का मौसम जा चुका है और गरमी की शुरुआत हो गई है। मौसम विभाग ने दिल्ली उप्र सहित 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इधर, तटीय राज्यों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा रहा है। मंगलवार को भी मौसम का मिजाज इसी तरह का रहने के आसार हैं। मौसम की जानकारी देने वाली एजेंसी स्काईमेट ने बताया है कि 24 घंटे में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। साथ ही उत्तर पंजाब, सिक्किम, असम और अरुणाचल प्रदेश में भी बारिश के आसार हैं। इसके अलावा अंडमान और निकोबार आइलैंड और तमिलनाडु में भी बारिश हो सकती है। उत्तर मध्य प्रदेश में 13 और 14 मार्च को हल्की बारिश के आसार हैं। जबकि, कोंकण, गोवा और तटीय कर्नाटक 11 मार्च को उमस का सामना करेंगे।

## रोशनी नाडार बनीं भारत की सबसे अमीर महिला

**नई दिल्ली।** एचसीएल ग्रुप के संस्थापक शिव नाडार ने अपनी बेटी रोशनी नाडार मल्होत्रा को 47प्रतिशत हिस्सेदारी ट्रांसफर कर दी है। इस कदम के बाद रोशनी भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, 3.13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ रोशनी नाडार देश की पहली अमीर महिला और तीसरी सबसे अमीर व्यक्ति बन गई हैं। इससे पहले शिव नाडार इस सूची में तीसरे स्थान पर थे। अब रोशनी नाडार उनसे यह स्थान छीन चुकी हैं। उनसे आगे सिर्फ मुकेश अंबानी (7.7 लाख करोड़ रुपये) और गौतम अडाणी (6 लाख करोड़ रुपये) हैं।



## मुश्किलों में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलावर को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने शिव कुमार सक्सेना की अर्जी को स्वीकार्य किया। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को 18 मार्च को अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

# राज्यसभा में खड़गे के 'ठोकेंगे' वाले बयान पर हंगामा

**अफसोस**

### नड्डा की आपत्ति के बाद कांग्रेस अध्यक्ष ने खेद जताया

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा, आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा, ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। इस पर हरिवंश ने कहा, अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं। खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। ऐसी भाषा निंदनीय है और माफी के योग्य भी नहीं है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा, मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया है। मैं सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।



### इमिग्रेशन और फॉरनर्स बिल 2025 लोकसभा में पेश

नई दिल्ली। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में आव्रजन और विदेशी विधेयक, 2025 (इमिग्रेशन एंड फॉरनर्स बिल 2025) पेश किया। यह विधेयक भारत के मौजूदा आव्रजन कानूनों में व्यापक बदलाव लाने का प्रस्ताव करता है और औपनिवेशिक काल के पुराने कानूनों को हटाकर आधुनिक सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप एक सख्त और प्रभावी प्रणाली स्थापित करेगा। बताया गया है कि यह बिल राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने, अवैध आव्रजन को रोकने और विदेशियों के प्रवेश व ठहरने के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है।

### रेलवे संशोधन बिल पास, अब जीएम को मिला एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार

नई दिल्ली। रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल पास हो गया है। यह बिल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने में मददगार होगा। वहीं, हादसों को रोकने के लिए कचव 4.0 तकनीक के इस्तेमाल का काम तेजी से किया जा सकेगा। नई रेल लाइन बिछाने, स्टेशनों पर रिडेवलमेंट का काम कराने और यात्रियों के सुविधाजनक सफर के लिए नई नई तकनीकों के प्रयोग को बढ़ावा देने वाला है। रेलवे बोर्ड के एग्जक्यूटिव डायरेक्टर के मुताबिक राज्यसभा में पास रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 से जोनों की ताकत बढ़ेगी। जोन के जीएम को एक हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट स्वीकृत करने का अधिकार दिया है यानी स्टेशनों में यात्रियों की सुविधा से लेकर सुरक्षा तक के काम को जीएम खुद करा सकेंगे। अभी तक रेलवे बोर्ड की स्वीकृति लेनी पड़ती थी। इतना ही नहीं नई रेल लाइन से जुड़े कामों को जीएम करा सकेंगे। पहले ये काम बोर्ड की अनुमति से किए जाते थे, जिसमें समय लगता था। हादसों को रोकने के लिए कवच 4.0 तकनीक को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसका 10000 किमी. का टेंडर जारी कर दिया गया है, जिसका लक्ष्य पांच साल रखा है। नए विधेयक के पारित होने के बाद यह काम भी समय से पूरा किया जा सकेगा।

## संसद के बाहर धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और ट्राय–लैंग्वेज को लेकर संसद के बाहर विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया। उ्टङ सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा, केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन–भाषा नीति और एनईपी पर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के बच्चों के लिए मिलने वाले फंड को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। सोमवार को धर्मेंद्र प्रधान ने बहुत ही अपमानजनक तरीके से जवाब दिया। कहा कि हम बेईमान हैं और तमिलनाडु के लोग असभ्य हैं। हम उनसे ऐसी भाषा बोलने की उम्मीद नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। हम माफी की मांग करते हैं।

# क्रेडिट कार्ड से 34 लाख का फ्रॉड करने वाला गिरफ्तार

**सफलता**

### कूटरचित दस्तावेज समेत लक्जरी कार बरामद

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** कूटरचित पैन कार्ड के सहारे केवाईसी के नाम पर क्रेडिट कार्ड से 34 लाख रुपये का साइबर फ्राड करने वाले को साइबर थाना पुलिस ने सरगना समेत गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के पास से कूटरचित दस्तावेज के अलावा लक्जरी, मोबाइल कार बरामद हुआ। अभियुक्तों की पहचान हैप्पी सिंह निवासी संगरूर पंजाब और सौरभ पटेल निवासी चांदपुर वाराणसी के रूप में हुई। साइबर पुलिस अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।

साइबर थाना पुलिस प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि जूड रेजी फ्रैंकलिन जो गुड़गांव डीएलफ सिटी में रहते हैं उन्होंने इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि उनके कार्ड से 30,50,000 की खरीदारी की गयी और अन्य स्थानो से भी खरीदारी की गयी थी। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि विभिन्न व्यक्तियों के पैन कार्ड के सिविल स्कोर के बारे में जानकारी जुटाते हैं जिस व्यक्ति का सिविल स्कोर बहुत अच्छा है और 30 से 50 लाख रुपए तक क्रेडिट लिमिट दिाने का झांसा देते है। इसक बाद उसके नाम का मिलता जुलता नाम के व्यक्ति की तलाश किया जाता है, जैसे ही व्यक्ति मिल जाता है, उसके आधार कार्ड में पैन कार्ड के तरह नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि बदलवाकर तथा पता चेंज करवाया जाता है और पैन कार्ड से मिलता जुलता नाम के व्यक्ति का फोटो पैन कार्ड में फर्जी रूप एडिट कर पैन कार्ड तैयार कर लिया जाता है।

इसके बाद क्रेडिट कार्ड देने वाले ऐसे कंपनी का चुनाव करते है जो आनलाइन अप्लाई करवाकर आनलाइन केवाईसी कराकर क्रेडिट कार्ड प्रोवाइड कराते है, और आनलाइन अप्लाई करके आनलाइन केवाईसी करके पोस्ट से क्रेडिट कार्ड प्राप्त कर लेते है और इसके बाद फ्राड करते हैं। आरोपियों ने बताया कि इस मामले में भी इसी तरह का फ्राड दोनों ने मिलकर किया।

## पूर्व सभासदों को मिली अग्रिम जमानत

**वाराणसी।** नगर निगम की मिनी सदन की बैठक के दौरान मेयर से अभद्रता करने, सदन में हंगामा व तोड़फोड़ करते हुए सरकारी संपति को क्षति पहुंचाने के मामले में आरोपित पूर्व सभासदों को कोर्ट से राहत मिल गई। फास्ट ट्रैक कोर्ट (द्वितीय) सुनील कुमार की अदालत ने पूर्व सभासद प्रशांत सिंह उर्फ पिंकू, कमल पटेल, सीताराम केशरी, रियाजउद्दीन, मो. सलीम, अफजाल अंसारी व मनोज यादव को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में एक-एक लाख रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, रवि तिवारी व कृष्णा यादव ईलू ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार तत्कालीन प्रभारी नगर आयुक्त मोतीलाल सिंह ने 24 मार्च 2018 को कैंट थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप था कि 24 मार्च 2018 को कार्यकारिणी समिति के 12 सदस्यों के निर्वाचन के लिये पूर्वाह्न 11 बजे सांस्कृतिक शंकुल भवन, चौकाघाट में बैठक आहूत की गयी थी। बैठक की कार्यवाही के दौरान नरसिंह दास, पार्षद दशाश्वमेघ वार्ड द्वारा रोहित जायसवाल वार्ड नवापुरा की पत्नी पूजा जायसवाल के निधन का एक शोक प्रस्ताव लाते आज की बैठक को स्थगित करने की मांग की। जिस पर शोक सभा कर बैठक को किसी अन्य दिन के लिए रखने की बात कही गयी। इसी बीच सदन के अन्दर तत्कालीन पार्षद सीताराम केशरी, प्रशान्त सिंह व अजीत सिंह द्वारा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों का चुनाव आज ही कराने की बात कही गयी। बैठक के दौरान प्रशान्त सिंह उर्फ पिंकू, अविनाश यादव (विक्की) पार्षद के देवर, कमल पटेल, सीताराम केशरी, अंकित यादव, भैयालाल यादव, अवनीश यादव, बबलू शाह, सुनील यादव, अरसद लड्डू पूर्व पार्षद व अन्य 10 लोगों द्वारा अध्यक्षासन पर चढ़कर महापौर के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए टेबुल, कुर्सी उलट दिया गया और सदन के अन्दर की कुर्सियों को पटक कर तोड़ दिया गया। जिससे सरकारी सम्पत्ति की क्षति पहुंचने के साथ- साथ सदन व महापौर की गरिमा को ठेस पहुंचा। इस मामले में सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## संक्षेप

### एसीपी के साथ कई मुद्दे पर चर्चा



**वाराणसी।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले विभिन्न बिन्दुओं को लेकर यूनियन के लोगों ने वाराणसी परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक परशुराम पांडेय से वार्ता की। क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में पहुंचे यूनियन के लोगों ने वार्ता के क्रम में डग्गामार के संचालन पर रोक लगाने को लेकर कड़ाई से पालन करने को कहा बताया कि डग्गामार के चलते रोडवेज की बसों की इनकम कम हो रही है जिसका गाज चालक परिचालक पर गिरता है। इसके साथ ही कर्मचारी के एसीपी लगवाने के संबंध में वार्ता की गयी। यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कर्मचारी हित में कई मुद्दों पर वार्ता की। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री इंद्रेश मिश्रा, कैंट शाखा मंत्री अमरनाथ तिवारी, कैंट शाखा उपाध्यक्ष विभूति नारायण सिंह, काशी डिपो शाखा अध्यक्ष सुदर्शन गुप्ता, विजय त्रिपाठी, जौनपुर डिपो के अनिल कुमार, ग्रामीण डिपो शाखा मंत्री कमलेश यादव, प्रांतीय सदस्य विवेकानंद सिंह, ओरिजिनल वर्कशॉप शाखा मंत्री प्रभाकर मिश्रा सहित अन्य लोग थे।

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**लोहता।** पुलिस चोरी छिनैती अपराध हेतु चलाया जा रहा अभियान में पुलिस को मुखबिर की सूचना से अवैध गांजा बेचते हुए तस्कर को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि मंगलवार को सुबह पुलिस गस्त पर थी तभी मुखबिर से सूचना मिलती है कि सिटकहवा बाबा मंदिर के पास एक युवक खड़ा होकर हाथ में झोला लेकर आ जा रहे राहगीरों को गांजा बेच रहे थे सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देखकर वह युवक भागने लगा शक होने पर दौड़ाकर पकड़ लिये झोले में तलाशी लेने पर अवैध गांजा बरामद हुआ पकड़े गये तस्कर का नाम गोविन्द राम पुत्र मुन्ना राजभर निवासी राम रायपुर थाना रोहतास के बताया गया पुलिस ने तस्कर के पास एक किलो एक सौ पचास ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

### मंदिर की दानपेटी उठा ले गए चोर

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के नेवादा स्थित राजेंद्र विहार कॉलोनी में लेन नंबर 6 में स्थित शिव मंदिर के गेट का ताला तोड़कर चोर देर रात में दानपेटी उठा ले गए। मंदिर में चोरी होने की जानकारी मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों पूजा करने के लिए पहुंचने के बाद हुई हैं। मंदिर में चोरी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। छानबीन करके वापस पुलिस कर्मी वापस लौट गए। दानपेटी के भीतर 15 पंद्रह हजार रुपए के ऊपर नकद था। मंदिर में चोरी होने की जानकारी मिलने के बाद कॉलोनी में रहने वालों में ।आक्रोश हो गया। इसी मंदिर के बगल में रहने वाले चकिया में स्कूल संचालक श्रवण सिंह के बंद घर में घुसे चोर 5 लाख नकद और एक करोड़ जेवरात उठा ले गए थे।

### होली व रमजान के मद्देनजर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**चौबेपुर।** होली व रमजान का त्यौहार नजदीक होते ही पुलिस किसी भी प्रकाश की गड़बड़ी न हो इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी है ।इसके लिए पुलिस ने एसीपी सारनाथ डा अतुल अंजान त्रिपाठी के नेतृत्व में मंगलवार प्रातः 10बजे फ्लैग मार्च किया ।फ्लैग मार्च चौबेपुर थाने से निकलकर कस्बे में भ्रमण करते हुए चौबेपुर बाबतपुर मार्ग के रास्ते कादीपुर कलां,चुमकुनी,बनकट शाहपुर, बीकापुर, पर्वतपुर, मुनारी, मंगरहुंआ, लटौनी आदि कई प्रमुख जगहों तक पहुंचा। प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा ने होली व रमजान का त्यौहार मनाएं लेकिन कोई ऐसा काम न करें जिससे माहौल खराब हो ।इसकी अपील भी करते रहे ।इस मौके पर चिरईगांव, जाल्हूपुर, चांदपुर,कैथी चौकी प्रभारी व सभी थाने के उपनिरीक्षक, कांस्टेबल व पीआरबी के पुलिस कर्मी शामिल रहे।

### विवेकानंद में पुनः बनाए जाएंगे दिव्यांग प्रमाण पत्र

**वाराणसी।** राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य दिव्यांग बंधु डॉक्टर उत्तम ओझा ने बताया कि भेलूपुर स्थित स्वामी विवेकानंद चिकित्सालय में दिव्यांग प्रमाण पत्र पुनः बनाए जाने का निर्देश मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल जी ने सीएमओ वाराणसी को दिया है। जिला दिव्यांग समन्वय समिति की हुई बैठक में डॉक्टर उत्तम ओझा ने हिमांशु नागपाल को अवगत कराया कि भेलूपुर चिकित्सालय में पूर्व में भी यह प्रमाण पत्र बनता था ।जिस पर उन्होंने सहमति जताते हुए सीएमओ को निर्देश दिए ।इस निर्णय से काशी के दक्षिण भाग में रहने वाले दिव्यांग जनों को काफी राहत मिलेगी।

### गंभीर बीमारियों से बचना हो तो करें जैविक खेती

**सेवापुरी।** किसानों को जैविक खेती के बारे में जागरूक करने की खातिर सेवापुरी विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोसाईपुर स्थित पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को किसान मेला का आयोजन हुआ। इसमें किसानों से अपील की गयी कि गंभीर बीमारियों से बचने के लिए जैविक खेती पर जोर दिया जाए। किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोहनिया विधायक डॉ. सुनील कुमार पटेल ने कहा कि निरोग रहने के लिए रासायनिक खेती का त्याग करके अब किसानों को जैविक खेती को अपनाना होगा। एडीओ कृषि कृष्ण कुमार सिंह व धीरज कुमार सिंह, पूर्व एडीओ एजी श्रीराम, कृषि विभाग के फुलझार प्रसाद ने किसानों को देसी गाय पालन, मिट्टी में जीवांश बढ़ाने, गो मूत्र व गोबर गुड़, चने का बेसन, जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग, लाइन में फसलों की बुवाई करने, मिलवा खेती करने, बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग, देशी बीज का प्रयोग करने के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने विभिन्न जैविक उत्पाद स्टॉलों का अवलोकन किया। संचालन एडीओ एजी कृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान संजय यादव व संतोष, अर्पित सिंह, गोविंद पटेल, विनोद पटेल, मानस सिंह, डॉ. उदय प्रताप वर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, उदयभान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गुम हुए मोबाइल से मायूस हुए लोगों को जीआरपी का उपहार

**खुश हुए लोग**

### सर्विलांस के सहारे बरामद मोबाइलों को लोगों को सौंपा



**वाराणसी।** होली से पूर्व लोगों के चेहरे पर खुशी लाने के उद्देश्य से कार्य कर रही कैंट जीआरपी टीम ने मंगलवार को 33 लोगों को उनके खोये मोबाइल देकर उनको होली का उपहार दिया।

जीआरपी (राजकीय रेलवे पुलिस) के वाराणसी उपाध्यक्ष रेलवे कुंवर प्रभात सिंह व इंस्पेक्टर हेमंत सिंह ने सामूहिक रूप से बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उप महानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज राहुल राज, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज अभिषेक यादव निर्देशन में चलाये जा रहे जांच अभियान के तहत स्टेशनों पर लगातार जांच किया जा रहा है। बताया कि जिन लोगों ने अपने मोबाइल की गुमशुदुगी व चोरी की शिकायत जीआरपी कैंट में की थी ऐसे लोगों के मोबाइल की बरामदगी के लिए सर्विलांस टीम के साथ कार्य किया गया। इसमें कुल 191 खोये मोबाइल को बरामद किया गया। उन सभी लोगों को मोबाइल देने के लिए बुलाया गया जिनमें 33 लोग जीआरपी कैंट में उपस्थित होकर अपना खोया मोबाइल बरामद किया। बताया कि इसमें ऐसे पीड़ित भी शामिल थे जो गोवा के रहने वाले थे, बताया कि एक साल पूर्व खोये मोबाइल को भी बरामद कर उन्हें लौटाया गया। हेमंत सिंह ने बताया कि उनकी सर्विलांस टीम 24 घंटे इसी पर कार्य करती है। उनके कार्यकाल में अब तक हजार की संख्या में खोये मोबाइल को बरामद कर लोगों को लौटा दिया गया है।

**बोले मोबाइल धारक**

रेलवे कॉलोनी वाराणसी के निवासी रवि रंजन सिन्हा, गोरखपुर के अशोक कुमार, सारनाथ के विजय कुमार, लोहता के बलराम मिश्र, आजमगढ़ के ऋषि पांडेय, रोहनिया के रंजीत, जंसा के जयशंकर व भोजपुर के राहुल सहित अन्य लोगों ने बताया कि मोबाइल खोने के बाद मिलना किसी सपने से कम नहीं, ऐसे में जीआरपी ने मोबाइल बरामद कर हम लोगों को सौंपा व एक सराहनीय कार्य है। जीआरपी पर भरोसा बढ़ गया। पुलिस की नकारात्मक छवि को जीआरपी सकारात्मक छवि में तब्दील कर दिया।

# मादक पदार्थ सेवन करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई



**पिंडरा।** बाबतपुर स्थित गोमती जोन कार्यालय में प्रमोद कुमार पुलिस उपायुक्त एवं अपर पुलिस उपायुक्त आकाश पटेल गोमती जोन के द्वारा आगामी होली के त्योहार व रमजान माह को सकुशल सम्पन्न कराने एवं कानून शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत गोमती जोन के समस्त थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं हल्का प्रभारियों के साथ एक गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिसमें होली त्योहार के मद्देनजर, सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सम्मानित नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करेंगे। तथा किसी भी नई प्रथा या परंपरा की शुरूआत नहीं होगी। होलिका दहन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्येक स्थल पर वालंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित करने के साथ साथ सीसीटीवी कैमरे लगाई जाय।

पिछले वर्षों में होली के दौरान हुए विवादों को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील स्थानों एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की पहचान करें। वहां शांति समिति/आयोजन समिति के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक सुझाव दें तथा अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सतर्क निगरानी बनाए रखें।असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाय ।

थाना क्षेत्रों में ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीमों को शराब की दुकानों की जांच के लिए निर्देशित किया गया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ सक्रिय रूप से गश्त करें। साथ ही, चिन्हित स्थानों और अंतरजनपदीय बॉर्डरों पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच सुनिश्चित करें, ताकि होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों का सेवन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखी जाएगी, और भ्रामक या आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा, प्रशिक्षु सहायक पुलिस आयुक्त थाना कपसेठी तथा समस्त थाना प्रभारी और अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रसूति व स्त्री रोग विभाग में मरीजों के लिए बढ़ीं सुविधाएं

**राहत**

### आईएमएस, बीएचयू में विभाग के आईसीयू में चिकित्सा सुविधाओं का हुआ उद्घाटन



**वाराणसी।** सर सुंदरलाल अस्पताल, चिकित्सा विज्ञान संस्थान, बीएचयू के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, प्रसूति आईसीयू, चतुर्थ तल, एमसीएच विंग में मंगलवार को एक नई हीमोडायलिसिस मशीन, पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और ईसीजी मशीन का उद्घाटन किया गया। इस अत्याधुनिक उपकरण का उद्देश्य रोगियों, विशेष रूप से गुर्दे की जटिलताओं वाली गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इसके साथ ही हाई एंड अल्ट्रासाउंड मशीन का भी उद्घाटन किया गया। एमसीएच के अंदर सभी गर्भवती महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।

उद्घाटन समारोह का नेतृत्व प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग की प्रमुख प्रोफेसर संगीता राय ने किया। इस कार्यक्रम में निदेशक प्रो. एसएन संखवार, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. केके गुप्ता और विभाग के संकाय सदस्य। इन उन्नत चिकित्सा सुविधाओं के जुड़ने से गंभीर रूप से बीमार गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाओं को तत्काल हीमोडायलिसिस सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलेगी, जिससे नेफ्रोलॉजी विभाग में समय लेने वाली ट्रांसफर की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। पोर्टेबल यूएसजी और ईसीजी मशीन बिना किसी देरी के तत्काल निदान और प्रबंधन में मदद करती है इससे गर्भवती महिलाओं की चिकित्सा बेहतर हो जाएगी। यह विकास क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन नई सुविधाओं के साथ, अस्पताल का लक्ष्य बेहतर रोगी देखभाल और परिणाम प्रदान करना है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**वाराणसी।** पाण्डेयपुर क्षेत्र के बघवानाला हुकुलगंज निवासी युवक ने अपने कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्मह कर ली। सूचना पर पहुंची लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस नें मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर आवश्यक कार्यवाही हेतु शिवपुर स्थित पोस्टमार्टम हॉउस भेज दिया। परिवार के लोगो नें पुलिस को बताया कि दो बच्चों के पिता विनोद सरोज (32) का पत्नी से विवाद हुआ था। जिससे पत्नी अपने दो छोटे छोटे बच्चों को लेकर बड़ागांव अपने मायके चली गयी थी।इस बात से नाराज विनोद नें मंगलवार की सुबह अपने रूम में रस्सी के सहारे फंखे से लटककर खुदखुशी कर ली। छोटी बहन कुसुम ने दोपहर दरवाजा अन्दर से बन्द होने व आवाज देने भी ने दरवाजा नही खोला तो उसने जब खिड़की से झाका तो विनोद फांसी लगाकर लटक रहा था। बहन देखते ही शोर मचाने लगी। जिससे परिवार सहित आस पास के लोग जुट कर दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंचे लालपुर पाण्डेयपुर थाना प्रभारी विवेक कुमार पाठक ने फरेंसिक व फिंगर प्रिंट टीम के साथ पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर शव को शिवपुर स्थित पोस्टमार्टम हॉउस भेजवा दिए।

# करसड़ा कूड़ा डंपिंग प्लांट में लगी आग

**हड़कंप**

### धुएं की गुबार से आंखों में जलन से परेशान नागरिकों का धरना

### अधिकारी पहुंचे मौके पर, तीन दिनों में होगा समस्या का निस्तारण

**रोहनियां।** करसड़ा कूड़ा प्लांट में लगी आग से धुएं की गुबार से आंखों में हो रही जलन से परेशान नागरिकों ने मंगलवार को प्लांट पर सभा कर धरना दिया। इसको लेकर ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्रीय नागरिक जुटे और रोहनिया थाना क्षेत्र के अखरी चौकी स्थित करसड़ा प्लांट पर पहुंचे। जहां लोगों ने प्लांट का मुख्य द्वार बंद कर दिया और नारेबाजी की। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि कूड़े में आग लग जाने से धुएं के गुबार से लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है,वहीं आंखों में जलन होने से लोग परेशान हैं। इसके कारण आसपास के गांव के लोग काफी गंभीर बीमारियों की प्रबल आशंका से भयभीत हैं, लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाया, लेकिन लोग नहीं माने इसके बाद शहर से कूड़ा लेकर प्लांट पर आई गाड़ियों की कतार लग गई। जिसकी सूचना पर नगर निगम के जोनल अधिकारी इंद्र विजय तत्काल मौके पर पहुंचे और लोगों से वार्ता की। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया की तीन दिन के भीतर आग व धुआं खत्म कर पूरी तरह समस्या का निस्तारण कर दिया जाएगा। जोनल अधिकारी ने बताया कि फायर ब्रिगेड से पानी की व्यवस्था कर यहां पर कूड़े के ढेर पर छिड़काव किया जाएगा ताकि भविष्य में आग लगने की समस्या ना हो। जिसके बाद धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेंद्र सिंह, दिनेश कुमा, मुलायम यादव नरेश,इंद्र बहादुर,राकेश दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

**सूचना**

ग्रामीण महिला विद्यापीठ ग्रा0+पो0–डबरिया, तह0–सकलडिहा, जि0–चन्दौली का चुनाव 23.03.2025 को होगा उसी दिन नामांकन व परीणाम सुबह 10.00 बजे से 01.00 बजे होगा। अगर मतदान आवश्यक हुआ तो उसी दिन 02.00 बजे से 03.00 बजे तक कराया जाएगा। चुनाव परिणाम की घोषणा उसी दिन 03.00–04.00 बजे के बीच कर दी जाएगी।

प्रबन्धक
रामनगिना सिंह

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल वर्ष 1996 अनुक्रमांक 1951703 का मूल प्रमाण पत्र खो गया है। वन्दना सिंह पुत्री हवलदार सिंह मो0–चन्दन नगर पो0–आलमबाग, जिला–लखनऊ।

मेरा N C C का B प्रमाण पत्र सर्टिफिकेट सॅ० -U PSD /01/284537 यूनीट–96 यू.पी. बटा एन सी सी जौनपुर प्रमाण पत्र खो गया है अखिलेश कुमार पुत्र हीरालाल ग्राम–विशेषरपुर, पोस्ट–शीतला चौकियां, जौनपुर।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2016 अनुक्रमांक 3115732 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 2454745 का अंकपत्र एवं मूल प्रमाण पत्र खो गया है। सतीश रजक पुत्र जगलाल रजक, ग्राम–बाजिदपुर, पोस्ट–दलनछपरा, जिला–बलिया, उप्र।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2017 अनुक्रमांक 3062043 एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2068964 का अंकपत्र खो गया है। सोनी पटेल पुत्री रमेश कुमार ग्राम–अदमापुर, पोस्ट–गोराई, थाना–मिर्जामुराद, जिला–वाराणसी।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड पर गलती से मेरा नाम लकी यादव पुत्र प्यारे लाल यादव हो गया है। जबकि वास्तविक नाम युवराज यादव है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाय। युवराज यादव पुत्र प्यारे लाल यादव ग्राम–रामपुर, पोस्ट–असवनिया, जिला–आजमगढ़।

मेरे जीवन बीमा पालिसी संख्या–293429786 में मेरा नाम निखिल कुमार अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा नाम आदित्य यादव दर्ज है। उक्त दोनों ही नाम मेरा है। मुझे आदित्य यादव के नाम से जाना व पहचाना जाय। आदित्य यादव पुत्र पलकधारी, ग्राम–धनियांकुण्डी, पो0–भुइधरपुर, जिला–आजमगढ़।

## रेस्टोरेंट में आग लगने से कई सामान जले

**वाराणसी।** पहड़िया चौराहे के पास बेनीपुर मार्ग पर बहु–उद्देशीय प्राथमिक सहकारी समिति(बी–फैक्स)लिमिटेड पाण्डेयपुर की बाउंड्री के अन्दर अवैध रूप से संचालित बाटी चोखा रेस्टोरेंट में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग से रेस्टोरेंट का फर्नीचर व दो मोटरसाईकिल जलकर राख हो गयी। फायर ब्रिगेड को सूचना के बाद आस–पास के लोगो नें आग पर काबू तो पा लिया लेकिन तब तक सभी सामान जलकर राख हो गया था। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार पहड़िया निवासी दिलीप गुप्ता ने समिति के संचालन मंडल की मिलीभगत से उक्त समिति में लगे टिन सेड, पतलो से डिकोरेशन करके मामाजी बाटी–चोखा नाम से रेस्टोरेंट पांच माह से चला रहे थे। इस बीच नगर निगम नें गृहकर की लगभग 3 लाख बकाया वसूली के लिए समिति के डायरेक्टर से सम्पर्क किया तो उन्होंने नहीं दिया तो नगर निगम नें उक्त समिति के दोनों गेटो पर ताला लगाकर सील कर दिया। नगर निगम द्वारा समिति के भवन के दोनों गेटो को सील किये जाने के बावजूद भी एक छोटे खिड़की गेट से रेस्टोरेंट का संचालन किया जा रहा था। मंगलवार सुबह भी रेस्टोरेंट के लिए बाटी–चोखा बनाया जा रहा था तभी सार्ट सर्किट से आग लग गयी ।आस पास के लोगो नें अथक परिश्रम से आग बुझाने का प्रयास किया तब तक देखते ही देखते पूरा रेस्टोरेंट व उसमें खड़ी दो मोटरसाईकिल पूरी तरह जलकर राख हो गया।

# रेलकर्मियों के साथ अमानवीय बर्ताव नहीं करेंगे बर्दाश्त

जनसंदेश न्यूज

**बोले शिवगोपाल मिश्रा**

### रेलवे मंत्रालय के समक्ष एआईआरएफ ने उठाया संरक्षा कोटि के कर्मचारियों से निर्धारित समय ड्यूटी लेने का मुद्दा

### एनआरएमयू के निवर्तमान शाखा सचिव सुनील सिंह के अभिनन्दन समारोह में पहुंचे महामंत्री ने बुलंद की आवाज



**वाराणसी।** संरक्षा कोटि के कर्मचारियों से आठ घंटे की ड्यूटी लेना अमानवीय है। इसे रेलवे मंत्रालय के समक्ष एआईआरएफ (ऑल इंडिया रेलवे फेडरेशन) ने मजबूती से रखा है। यह बातें एनआरएमयू (नॉर्दर्न रेलवे मेन्स यूनियन) के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने कहीं। वह मंगलवार को कैंट स्टेशन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित निवर्तमान शाखा सचिव सुनील सिंह के अभिनन्दन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे।

रेलकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आठवें केंद्रीय वेतनमान आयोग के लिए टर्म्स व रेफरेंस की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। जिसमे वेतन भत्ते, सेवानिवृत होने के बाद भुगतान, ग्रेच्युटी व पेंशन समेत अन्य विषय शामिल हैं। बताया कि परिजनों और आश्रितों के सम्मानजनक जीवन के लिए आयोग की सिफारिश में बुनियादी आवश्यकताओं को उचित स्थान देने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि आठवें वेतनमान आयोग को लागू करने से पूर्व सातवें वेतनमान की तमाम विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई गई है। इसके पूर्व उन्होंने सेवानिवृत सुनील कुमार सिंह का अभिनंदन किया। बड़ी संख्या में मंचासिन पदाधिकारी एवं रेलकर्मियों ने माला पहनकर उन्हें उज्वल भविष्य की कामना दी। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (वाराणसी) लालजी चौधरी, निदेशक अर्पित गुप्ता, एनआरएमयू के मंडल मंत्री आरके पांडेय, मंडल अध्यक्ष विभूति मिश्रा, एनई रेलवे मेंस यूनियन के मंडल मंत्री एनबी सिंह, डीएलडब्ल्यू मेंस यूनियन के महामंत्री अरविन्द श्रीवास्तव, प्रदीप शर्मा, राजेश सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

**कार्यालय जिलाधिकारी, सोनभद्र**

सावधान! सावधान!

**(आबकारी विभाग)**

**अवैध शराब के सेवन से बचे!**

**अपील**

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन कदापि न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है। अपने परिवार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकृत आबकारी ठेके से ही बारकोड/क्यू0आर0 कोड एवं सील लगी मदिरा/शराब खरीदें। अवैध अड्डों पर महुए एवं अन्य माध्यम से बनी शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है।

उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि विभिन्न प्रकार के समारोह, शादी विवाह, उत्सव व पार्टी आदि के आयोजन स्थल पर मदिरा उपयोग (परोसने) करने हेतु htt;s://excise.up.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए अकेजनल बार अनुज्ञापन (एफ0एल0-11) प्राप्त किया जा सकता है। यदि किसी समारोह स्थल पर अथवा किसी व्यक्ति के कब्जे में प्रदेश के बाहर की मदिरा पायी जाती है, तो निम्नलिखित अधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर तत्काल सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1. जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र। मो0नं0-9454465619
2. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1 राबर्ट्सगंज, सोनभद्र। मो0नं0-8299436851
3. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2 दुद्धी, सोनभद्र। मो0नं0-8423636665
4. आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3 घोरावल, सोनभद्र। मो0नं0-8800807279

उक्त के अतिरिक्त अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री के सम्बन्ध में शिकायत विभागीय टोल फ्री नम्बर-14405 एवं व्हाट्स एप नम्बर-9454466019 पर की जा सकती है।

**जिला आबकारी अधिकारी, सोनभद्र।** **जिलाधिकारी सोनभद्र।**

पत्रांक: 290/13-15/जि0आ0अ0/अपील/सोनभद्र/2024-25, दिनांक 28.02.2025

# वाराणसी भाव

**वाराणसी सर्राफा भाव**

सोना (RTGS 999.0) 89250/inc.GST

चांदी (99.50) 98500/- प्रति किलो

चांदी सिक्का 120000/- प्रति सैकड़ा



शंकर चतुर्वेदी



### हर सड़क और गलियां हुई जाम

मणिकर्णिका घाट की ओर जाने वाले सभी रास्ते चोक हो गए। भीड़ गलियों, घाटों और बोट से सीधे मणिकर्णिका घाट पर पहुंचती रही। इस दौरान जमकर धक्कामुखी भी हुई। मणिकर्णिका घाट पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही। घाट की ओर जाने वाले रास्ते पर भी जवानों की तैनाती रही। सुरक्षाकर्मी भीड़ को कंट्रोल करने में जुटे रहे।

# धधकती चिताओं के बीच खेली भस्म से होली

## मणिकर्णिका घाट पर खेली गई मसाने की होली, मणिकर्णिका घाट पर दिखा अनोखा नजारा

**उत्सव सा नजारा**

**मसान पर उड़ते रहे अबीर गुलाल, हजारों लोग रहे शामिल**

**नरमुंड नागाओं ने किया तांडव, कड़ी सुरक्षा के बीच मनायी गई मसाने की होली**

**वाराणसी।** काशी में मणिकर्णिका घाट पर मंगलवार की सुबह से मसान होली का उत्सव शुरू हुआ। धधकती चिताओं के बीच भस्म से होली खेली गई। चिताभस्म बिखेरा और मुक्ति की कामना की।भूतभावन बाबा विश्वनाथ के साथ रंगभरी एकादशी पर अबीर गुलाल संग होली खेलने के बाद मंगलवार की सुबह मणिकर्णिका घाट की विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली का उत्सव शुरू हो गया। माता पार्वती का गौना कराकर अपने धाम में लौटे बाबा विश्वनाथ अपने गणों नन्दी, श्रृंगी, भृंगी और भूत प्रेत के साथ जलती चिताओं की भस्म से अद्भुत होली खेली। इस दौरान हर- हर महादेव के जयघोष से पूरा घाट गूंज उठा। सबसे पहले धुनी रमाए नागा साधु मसान घाट पर पहुंचे। उनके ऊपर राख डालकर लोगों ने हाथ जोड़कर प्रणाम किया। इसके बाद आम भक्तों पर चिता भस्म फेंककर महादेव का जयघोष किया गया। इस दौरान घाटों पर अद्भुत नजारा दिका।



### डीजे न बजने से घटा उत्साह

मसान होली में डीजे प्रतिबंधित किया गया है। ऐसे में डीजे न बजने की वजह से मसाने की होली मनाने आए कई फैन उदास दिखे। नाच- गाना न होने से युवाओं का उत्साह कम दिखा। लेकिन भक्तों की भीड़ जुटी रही।

### पुलिस ने लाठी भांजकर हटाई भीड़

मणिकर्णिका घाट की तरफ जाने वाले मार्ग पर भीड़ अनियंत्रित होने से लोगों में धक्कामुक्की शुरू हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद पुलिस ने मणिकर्णिका द्वार पर लाठियां भाजकर लोगों की भीड़ हटाई।



# गुणवत्ता के संदेह पर 800 किलो काजू सीज



**कार्रवाई**

**खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई**

**मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने को 18 प्रतिष्ठानों की जांच कर लिए 14 नमूने**

**वाराणसी।** होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम जिले में लगातार छापेमारी कर रही है। सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कौशलेन्द्र शर्मा ने खाद्य पदार्थों की जांच- पड़ताल के लिए टीमें गठित कर मंगलवार को कार्रवाई के लिए भेजा। विभाग की टीम ने गुणवत्ता पर संदेह होने पर एक मैजिक वाहन पर रखा 800 किलोग्राम काजू सीज कर दिया। टीम ने काजू का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। इसके अलावा कई प्रतिष्ठानों की जांच कर गुणवत्ता जांच के लिए खाद्य पदार्थों के 14 नमूने लिए गए।

सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कौशलेन्द्र शर्मा ने बताया कि होली पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों की धरपकड़ के लिए विभाग की टीमें विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच कर रही हैं। मंगलवार को विभागीय टीम ने करसड़ा, भदउर, देईपुर, लहरतारा, पहड़िया क्षेत्र में खाद्य पदार्थ बेचने वाले 18 प्रतिष्ठानों की जांच की। इसके अतिरिक्त आठ छापामार कार्रवाई के दौरान रसगुल्ला, खोवा, मैदा, वनस्पति, नमकीन, पापड़, काजू, बेसन, चमचम, गुलाब जामुन, मिल्क केक, शकरपारा समेत खाद्य पदार्थों के कुल 14 नमूने लेकर गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। उन्होंने बताया कि लहरतारा क्षेत्र में एक मैजिक पर रखे काजू की गुणवत्ता को लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी को संदेह हुआ जिसपर 800 किलोग्राम काजू को सीज कर दिया गया। जांच- पड़ताल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव, राजेश कुमार, सम्राट श्रीवास्तव, नीरज, बिंदु पाण्डेय, आदित्य विक्रम, विजय बहादुर, एसपीएन सिंह, रत्नेश कुमार, जेएन सिंह, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

## केबल बाक्स डैमेज, पन्नालाल पार्क से घंटों गुल रही बिजली

**वाराणसी।** केबल बाक्स डैमेज होने से पन्नालाल पार्क उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों की बिजली मंगलवार को घंटों गुल रही। बताया जाता है कि दोपहर बाद केबल बाक्स डैमेज हो गया। इसमें चलते उपकेंद्र से जुड़े कई इलाकों की बिजली गुल हो गयी। लंबे समय तक बिजली न आने पर प्रभावित लोगों ने उपकेंद्र का फोन घनघनाया तो केबल बाक्स डैमेज होने की जानकारी मिली। एसडीओ अभिषेक मौर्य ने बताया कि केबल बाक्स बनाने में थोड़ा समय लगता है। ऐसे में आपूर्ति बहाल में समय लगा। खैर, देर शाम आपूर्ति बहाल होने पर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों ने चैन की सांस ली।

# प्रोजेक्ट प्रवीण से संवरेगा निपुण विद्यार्थियों का कॅरियर

**पहल**

**जिले के छह राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में शुरू किया गया कार्यक्रम**

**कक्षा-9 व 11 के विद्यार्थियों को सेक्टर, ट्रेंड में शॉर्ट कौशल प्रशिक्षण का मिलेगा लाभ**

**वाराणसी।** प्रोजेक्ट प्रवीण निपुण विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करेगी। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने बताया कि उप्र कौशल विकास मिशन की ओर से संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण छात्र-छात्राओं के लिए काफी फायदेमंद हैं। उप्र कौशल विकास मिशन एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के अनुरूप राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-9 व 11 के विद्यार्थियों को उनके इच्छा के अनुसार सेक्टर, ट्रेंड में अल्पकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के छह राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यक्रम शुरू किया गया है। प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रदाता की ओर से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सेक्टर से सम्बन्धित पठन-पाठन सामग्री निशुल्क उपलब्ध करायी जाती है। प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों का मूल्यांकन भारत सरकार से निर्धारित सेक्टर स्कील काउन्सिल से किया जाता है और सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट से जुड़कर छात्र- छात्रा अपनी योग्यता के अनुसार अपना कैरियर बना सकते हैं।

# होली पर चाक- चौबंद व्यवस्था को लेकर विभागों को किया अलर्ट

**चौकस व्यवस्था**

**नगर निगम, जलकल, विद्युत, स्वास्थ्य, अग्निशमन विभाग को समुचित इंतजाम कराने का निर्देश**

**जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अफसरों को इंतजामों की मानीटरिंग स्वयं करने की दी हिदायत**

**वाराणसी।** होली पर जिले में चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को एलर्ट जारी किया है। होली के मद्देनजर होने वाली व्यवस्था में कोई कोर कसर न रहे इसलिए जिला प्रशासन ने नगर निगम, जल कल, विद्युत, स्वास्थ्य, अग्निशमन विभाग को पत्र लिखकर समुचित इंतजाम कराने का निर्देश दिया है। होली पर कोई दुर्घटना न हो इसलिए कड़ी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस अधिकारियों को भी पत्र लिखा गया है।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने नगर निगम, स्वास्थ्य, जलकल, विद्युत समेत नागरिक सुविधाओं से जुड़े सभी विभागों को अपनी पूरी क्षमता से जनसुविधा के लिए इंतजाम करने का निर्देश दिया। होली पर साफ- सफाई, पानी की सप्लाई, बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन न हो तथा किसी आकस्मिक स्थिति से निबटने के लिए अस्पतालों में समुचित व्यवस्था का विशेष प्रबंध करने का जिलाधिकारी ने विभागीय अफसरों को निर्देश दिया है। उन्होंने सभी विभागीय प्रमुखों को त्याहोर पर लोगों की सहूलियत के लिए किए जा रहे इंतजामों की स्वयं मानीटरिंग करने का निर्देश दिया है। सभी विभागीय अधिकारियों को सभी व्यवस्था के लिए स्वयं मुस्तैद रहने और जहां कहीं भी कमी दिखाई दें उसे तत्काल दूर कराने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने नगर निगम, जल कल, विद्युत व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विशेष तौर पर अलर्ट रहने और ड्यूटी पर लगायी गयी टीमों से फीडबैक लेते रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जन सुविधाओं से जुड़े विभागों के अधिकारी फील्ड में सक्रियता बरतें और सभी बिंदुओं पर मुकम्मल व्यवस्था कराएं। सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। अफसरों को इंतजामों को कराने में जरा भी टाल- मटोल न करने की हिदायत भी दी है।

# होली का हुड़दंग रोकने को प्रशासनिक अफसरों की तैनाती

**तैयारी**

**पुलिस संग प्रशासनिक अधिकारियों की भी लगायी गयी ड्यूटी**

**अतिसंवेदनशील व संवेदनशील इलाकों में बरती जाएगी विशेष चौकसी**

**वाराणसी।** होली पर हुड़दंग न हो और शांतिपूर्ण तरीके से रंगों का पर्व संपन्न कराया जाए इसके लिए जिला प्रशासन ने पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी ड्यूटी लगायी है। शहर के अति संवेदनशील व संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों को इन क्षेत्रों में भ्रमण करने का निर्देश दिया गया है। शुक्रवार को होली और जुमा की नमाज भी होने के कारण प्रशासन कानून व्यवस्था को लेकर पूरी सतर्कता बरत रहा है।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने शहर से अति संवेदनशील व संवेदनशील इलाकों में तैनात किए गए मजिस्ट्रेटों को क्षेत्र में चक्रमण कर व्यवस्था की निगरानी करने का निर्देश दिया है। इसके लिए गंगा घाटों, रेलवे स्टेशन एवं बस अड्डों पर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए है। रंगों के त्योहार के नाम पर किसी से दुर्व्यवहार न हो और सभी लोग मिल जुलकर सौहार्दपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं इसलिए ड्यूटी पर लगाए गए अफसरों को पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को अपने ड्यूटी प्वाइंट्स पर समय से पहुंचने और चक्रमण कर व्यवस्था की निगरानी का निर्देश दिया है। प्रशासनिक अधिकारियों को पुलिस अधिकारियों से समन्वय बनाकर शहर में सौहार्द बनाए रखने के लिए सभ्रांत लोगों संग बैठक भी करने का निर्देश दिया गया है। सभी उप जिलाधिकारियों को भी ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन और होली पर विशेष चौकसी बरतने का निर्देश दिया है।

### स्वयंसेवकों से जुटायी जा रही जानकारी

वाराणसी। होली का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से आपसी भाईचारे से मनाया जाए इसलिए प्रशासन ने सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को भी सक्रिय किया है। रंगों के त्योहार पर अमन चैन बना रहे इसलिए स्वयंसेवकों को अपने क्षेत्र की गतिविधियों पर नजर रखने और अवाछंनीय तत्वों के बारे में जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। त्योहार की शांति में खलल पैदा करने वालों के बारे में प्रशासन स्वयंसेवकों से जानकारी एकत्रित कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रहा है।



# सरसों-हल्दी मिश्रित उबटन लगाने से सेहत रहती है चंगी

## बदन पर लगे उबटन को गोहरी के साथ होलिका में डालने की प्राचीन परम्परा

**होलिका दहन के दिन**

**उबटन के साथ होलिका में डालना चाहिए सरसों दाना सूखा नारियल, गाय की उपलें**

**इससे मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है और प्रत्येक काम में आ रहे विघ्न होते हैं दूर**

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** होलिका दहन के दिन घर के बुजुर्ग से लगायत बच्चे तक को सरसों-हल्दी मिश्रित उबटन लगाने की परम्परा प्राचीन काल से चली जा रही है। यह परम्परा आज भी कायम है। हालांकि आज की युवा पीढ़ी ऐसी दकियानुसी विचारों के नहीं मानती, लेकिन परिजनों के दबाव पर महज हाथ-पैर में उबटन लगा ही लेते हैं। माना जाता है कि होलिका दहन के दिन सरसों-हल्दी मिश्रित उबटन लगाने से सेहत चंगी रहती है।

सेवानिवृत्त बैंककर्मी प्रियरंजन श्रीवास्तव कहते हैं कि जब से मैंने होश संभाला है, जब से परिवार में उबटन लगाने की परम्परा को देख ही नहीं रहा, बल्कि निर्वहन भी हो रहा है। होलिका दहन के दिन घर की महिलाएं सरसों पिसती है और उसमें हल्दी मिलाकर उबटन तैयार कर लेती है। फिर परिवार के सभी सदस्यों को सरसों और हल्दी मिश्रित उबटन को पूरे बदन पर लगाती है। उबटन आसानी से बदन से छूट जाए, इसके लिए सरसों तेल का इस्तेमाल भी करती है। बदलन से उबटन जब छूटता जाता है तो एकत्रित कर लिया जाता है, जिसे गोहरी के साथ होलिका दहन के समय होलिका में डाला जाता है। माना जाता है कि उबटन लगाने से बदन की सारी मलीनता भी साथ निकल जाती है और होलिका में जलकर भस्म हो जाती हे। मान्यता है कि ऐसा करने से स्वास्थ्य लाभ मिलता है। तन और मन दोनों से मलिनता का त्याग करने का त्योहार ही होली है। इसलिए जिन लोगों के बीच मनमुटाव या मनभेद है, उनको सम्पूर्ण नाराजगी, मनमुआव और मनभेद को होलिका में मानसिक रूप से अर्पित करके भस्म कर देनी चाहिए। बदन में लगने वाला उबटन भी यहीं संदेश देता है। यहीं कारण है कि उबटन से शरीर का मैल निकाल कर उसे भी होलिका की अग्नि में भस्म कर दिया जाता है।

मशहूर ज्योतिष परिवार से जुड़े ज्ञानेंद्र नाथ शर्मा उर्फ ज्ञानू कहते हैं कि बाप-दादा के जमाने से इस परम्परा का निर्वाह हमारे परिवार में होता चला आ रहा है।

वे कहते हैं होली से ठीक एक दिन पहले होलिका दहन होता है। होलिका दहन से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। अगर लोग होलिका दहन के दिन कुछ उपायों को प्रयोग करें तो पूरे साल उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि आ सकती है। होली की पूजा करने से महालक्ष्मी प्रसन्न हो जाती हैं और घर में सुख-सम्पन्नता का संचार होता है। इतना ही नहीं, प्रत्येक काम में आ रही विघ्न-बाधा भी दूर हो जाती है। उनका कहना है कि पूजा शुरू करने से पूर्व सर्वप्रथम होलिका को हल्दी का टीका लगाना चाहिए। जो भी चीजें अग्नि में अर्पित करनी है. उसे अर्पित करके घर में सुख-शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। होलिका के चारों ओर पांच से सात बार परिक्रमा करके जल अर्पित करना चाहिए, क्योंकि ऐसा करने से घर में समृद्धि आती है। होलिका दहन की रात्रि में श्री विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ करना लाभकारी माना जाता हे। जिन लोगों के जीवन में परेशानियां पीछा नहीं छोड़ती, उनको सुंदरकांड का पाठ अवश्य करना चाहिए। शनि की साढ़ेसाती से या शनि के कोप से प्रभावित लोगों को शनि के बीज मंत्र का जप और हनुमानजी की विधिवत आराधना करना चाहिए। होलिका दहन के बाद घर आकर भी लोगों को अपने पूजा घर में एक दिया जरूर जलाना चाहिए। होलिका दहन होने से पहले या बाद में घर में उत्तर दिशा में शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। ऐसा करने से घर में सुख-शांति का वास होता है।



### मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के उपाय

ज्ञानेंद्र नाथ शर्मा उर्फ ज्ञानू कहते हैं कि एक मुट्ठी सरसों का दाना, नारियल का सूखा गोला और पांच, सात या फिर 11 गाय के उपला लेना चाहिए। नारियल के सूखे गोले में जौ, तिल, सरसों का दाना, चावल, शक्कर और घी भरना चाहिए। तत्पश्चात सभी चीजों को होलिका की जलती हुई अग्नि में प्रवाहित कर देना चाहिए। इससे मां लक्ष्मी जल्द प्रसन्न होती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। मां लक्ष्मी के आशीर्वाद से प्रत्येक काम आ रही बाधा दूर होती है।

### सीएम योगी का आगमन आज, करेंगे समीक्षा बैठक

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर 12 मार्च को अपराह्न में यहां आयेंगे। यहां आने पर सीएम योगी सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद वह काशी में चल रही विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं मसलन रोप-वे, गंजारी स्टेडियम आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। वह श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंच कर बाबा दरबार में पूजन-अर्चन भी करेंगे। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में करेंगे।

### सर्व वैश्य समाज का होली मिलन समारोह 16 को

**वाराणसी।** सर्व वैश्य समाज का होली मिलन समारोह 16 मार्च को अपराह्न साढ़े चार बजे से रुद्राक्ष कन्वेशन सेंटर मे आयोजित किया गया है। इसमें प्रख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी सांस्कृतिक प्रस्तुति करेंगी। संगठन की हुई बैठक में अध्यक्ष आरके चौधरी ने सभी वैश्य लोगों से अनुरोध किया कि सपरिवार होली मिलन कार्यक्रम मे सहभागिता करे। बैठक में उमाशंकर अग्रवाल, मनोज मद्धेसिया, अरविन्द जायसवाल, अवधेश गुप्ता, राजीव अग्रवाल, सत्यनारायण सेठ, पवन अग्रवाल, हेमदेव अग्रवाल, राकेश जायसवाल आदि थे।

# होली समारोह में छात्राओं से छेड़छाड़ पर बवाल

## महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में घटना का विरोध करने पर पत्थरबाजी

**आक्रोश**

**अराजक तत्वों के पथराव से कई छात्र घायल, परिसर में मची अफरा-तफरी**

**जनसंदेश न्यूज**





**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में होली मिलन समारोह के जश्न के बीच मंगलवार को तनाव की स्थिति पैदा हो गई। होली मना रहे छात्र-छात्राओं पर कुछ बाहरी लोगों ने अचानक पत्थरबाजी कर दी, जिससे कई छात्र चोटिल हो गए।

घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में अफरातफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छात्र-छात्राएं डीजे पर नाचते हुए होली का आनंद ले रहे थे, तभी कुछ स्थानीय लोग जबरन परिसर में घुस आए और छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने लगे। जब छात्रों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते कार्यक्रमस्थल पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। हमले के बाद परिसर में जगह-जगह ईंट-पत्थर बिखरे नजर आए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को काबू में किया। साथ ही कई स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया गया है और परिसर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस घटना से नाराज छात्र पुलिस चौकी पर धरना देकर परिसर में बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग करते रहे। इस मामले में एसीपी चेतगंज गौरव कुमार ने बताया कि होली मिलन समारोह के दौरान कुछ स्थानीय लोग परिसर में पहुंचे, जहां छात्रों से कहासुनी हो गई।

विवाद बढ़ते ही पत्थरबाजी शुरू हो गई, जिससे दो स्थानीय लोग भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई जारी है।

इस मामले में काशी विद्यापीठ के चीफ प्रॉक्टर केके सिंह ने बताया कि छात्रों ने होली समारोह मनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुमति ली थी। इसी दौरान कार्यक्रम चल ही रहा था कि कुछ बाहरी लोग आकर डांस करने लगे। बाहरी छात्र इसी बीच छात्राओं को छेड़ने लगे, छात्रों की ओर से विरोध किए जाने पर वह भाग गए। इसके कुछ ही देर बाद अवांछनीय तत्व परिसर में आकर पत्थरबाजी करने लगे। इसके बाद बवाल बढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपद्रवियों व छात्रों को तितर-बीतर करने के लिए बल प्रयोग भी किया, तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# छात्रों से ढुलवाई गई खाद्यान्न की बोरी

**यह है हाल**

**पचरांव कंपोजिट विद्यालय का मामला, अभिभावकों ने किया विरोध**

**बीएसए बोले, मामले की जांच कराकर दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई**

**जनसंदेश न्यूज**



**चिरईगांव।** विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय पचरांव में मंगलवार को एमडीएम के खाद्यान्न की बोरी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों से ढुलवाई गई। बोरी को उनकी पीठ पर लदवाकर विद्यालय में रखवाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामपंचायत में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाता है। यहां 500 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। बच्चों के लिए एमडीएम खाद्यान्न की आपूर्ति प्रत्येक माह कोटे की दुकान से ही होती है। विद्यालय के खाद्यान्न की आपूर्ति मैजिक से हुई, जिसे उतारने के लिए बच्चों की पीठ पर बोरी लाद दिया गया। इसका कुछ अभिभावकों ने विरोध भी किया। पंचराव निवासी श्याम कार्तिक मिश्रा ने बताया कि प्रधानाध्यापक प्रत्येक माह बच्चों की पीठ पर वजनदार बोरियां लादकर ढुलाई करवाते हैं। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरा लगा है।

इस प्रकार के कृत्य से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस बाबत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद पाठक का कहना है कि विद्यालयों में एमडीएम खाद्यान्न पहुंचाने की जिम्मेदारी ग्रामप्रधान की है।

व्यावहारिक तौर पर उतरवाने में शिक्षक सहयोग कर सकते हैं। लेकिन छात्रों से बोरी उतरवाना अपराध है। इसकी जांच की जाएगी जांच में दोषी पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होगी।

वहीं खण्ड शिक्षा अधिकारी चिरईगांव प्रीति सिंह का कहना है कि बच्चों से बोरी उतरवाने व ढुलाई कराने में जो भी दोषी होगा। नोटिस देकर कार्यवाही की जाएगी।

## बीएचयू में गर्ल्स हॉस्टल की ओर न जाएं छात्र

**अपील**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय परिसर में सुरक्षित होली को लेकर जारी की गई अपील**

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय में सुरक्षित होली को लेकर मंगलवार को अपील जारी की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से होली पर्व के दिन शुक्रवार को सुबह आठ से दोपहर दो बजे तक हॉस्टलों के परिसर में होली मनाने का निर्देश दिया गया है। छात्रों को मना किया गया है कि किसी भी आवासीय क्षेत्र या फिर गर्ल्स हॉस्टल की ओर वे कदापि न जाएं। परिसर में नशीले पदार्थों के सेवन, हॉस्टलों और सड़कों पर हुड़दंग, अशोभनीय नारेबाजी और तेज गति में वाहन चलाने की मनाही है। किसी भी तरह की अनुशासनहीनता नहीं होनी चाहिए। बीएचयू के चीफ प्रॉक्टर प्रो. शिव प्रकाश सिंह की ओर से यह अपील जारी की गई है।

## होली के बाद होगी छात्रों की यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं

**जनसंदेश न्यूज**

**टाइम टेबल जारी**

**महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में यूजी की सेमेस्टर परीक्षा**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2024-25 में यूजी की सेमेस्टर परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। विश्वविद्यालय ने मुख्य परिसर के साथ ही गंगापुर और एनटीपीसी के बीए, बीएससी के छात्र-छात्राओं की प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए समय-सारिणी घोषित कर दी है। होली बाद शुरू होकर परीक्षा पांच मई तक चलेगी।




विश्वविद्यालय में कॉलेजों की सेमेस्टर परीक्षाएं तो चल रही हैं, इस बीच एनईपी के तहत विश्वविद्यालय परिसर और गंगापुर, एनटीपीसी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की परीक्षा की तिथि भी आ गई। अलग-अलग सेमेस्टर के रेग्युलर/इंप्रूवमेंट/ बैक के विद्यार्थियों की परीक्षा अलग-अलग तिथि में दो पाली में कराई जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जबकि दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा नियंत्रक दीप्ति मिश्रा ने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियां अंतिम दौर में हैं। तीसरे, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 18 मार्च और पहले सेमेस्टर की परीक्षा 11 अप्रैल से करवाई जाएगी। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर परीक्षा समय-सारिणी अपलोड करवा दी गई है।

## यूजी-पीजी के पांच छात्र वायु थल सेना में बने अधिकारी

**उपलब्धि**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के इन होनहार युवाओं ने किया कमाल**

**सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड की ओर से तीनों सेनाओं में होता है चयन**

**वाराणसी।** बीएचयू के पांच छात्र बिना कोचिंग कॉमर्स फैकल्टी में ट्रेनिंग लेकर वायु और थल सेना की परीक्षा पास कर अधिकारी पद पर चुने गए हैं। थल सेना में बीएससी-स्टैटस्टिक्स के रघु सिंह, एमबीए के नीरज जायसवाल और बीकॉम के छात्र हुनर गुप्ता का चयन हुआ है। वहीं, एयरफोर्स में एमएससी के छात्र सार्थक त्रिगुण और बीकॉम के छात्र मानस सिंह का चयन हुआ है। तीनों सेनाओं में अधिकारियों के चयन की प्रक्रिया सर्विसेज सेलेक्शन बोर्ड की ओर से चलाई जाती है। पांच कठिन टास्क को पूरा करना आसान नहीं होता। कॉमर्स फैकल्टी के चौथे फ्लोर के एक छोटे से कमरे में इन सभी छात्रों को टास्क को पार करने की रणनीति सिखाई जा रही है।

ट्रेनिंग देने वाले असिस्टेंट प्रोफेसर डा. अवधेश सिंह ने कहा कि ये छात्र क्लासरूम की रूटीन पढ़ाई पूरी कर शाम को 4.30 बजे तक कॉमर्स फैकल्टी के टॉप फ्लोर पर आ जाते थे। इन्होंने कोचिंग का सहारा नहीं लिया।

**सैन्य अधिकारी ही लेते हैं मॉक इंटरव्यू**

डॉ. सिंह ने कहा कि मॉक इंटरव्यू लेने वाले एक्सपर्ट इसी परीक्षा से चुने गए सेना के अधिकारी होते थे। मॉक इंटरव्यू ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में होगा। स्क्रीनिंग में प्रजेंस ऑफ माइंड, साइकोलॉजी टेस्ट, ग्रुप टास्क, ग्राउंड टेस्ट मिलिट्री प्लानिंग और इंटरव्यू की तकनीक अलग-अलग एक्सपर्ट की ओर से सिखाई जाती है। एलईडी और प्रेजेंटेशन सिस्टम को लगवा दिया गया है। डा. सिंह ने कहा कि बीएचयू ज्वाइन करने से पहले वह भी भारतीय सेना में अधिकारी के तौर पर कार्यरत रहे। उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए बीएचयू में शिक्षक बन गए, सेना वाला जुनून अभी भी बचा हुआ है।

**एक सप्ताह में लंबित पत्रावलियों का करें निस्तारण**

**वाराणसी।** वीडीए की मंगलवार को हुई बैठक में शिवपुर वार्ड के शमन मानचित्रो के निस्तारण की जानकारी लेकर एक सप्ताह में लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण नहीं किए जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दर्ज कर सख्त कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। इसको लेकर वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अवर अभियन्ता संजय तिवारी की तैनाती वाले प्रवर्तन जोन-01 (वार्ड-शिवपुर) के शमन मानचित्र के निस्तारण के समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि वार्ड-शिवपुर के अन्तर्गत लम्बित शमन पत्रावलियों के निस्तारण में जहां लापरवाही बरती जा रही है,वहीं अवर अभियंता संजय तिवारी द्वारा कोई रुचि नहीं ली जा रही है। इस दौरान वीडीए उपाध्यक्ष ने उक्त अवर अभियन्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनका वेतन अगले आदेश तक आहरित न किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्राथमिकता पर लम्बित शमन पत्रावलियों का तत्काल विधि संगत निस्तारण सुनिश्चित करने और अवर अभियंता से एक सप्ताह में उल्लेखनीय प्रगति कर अवगत नही कराए जाने पर प्रतिकूल दृष्टिकोण अपनाते हुये अग्रेतर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

# चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ के 365 दिन पूर्ण

**धर्मकर्म**

**सपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रहा विश्व कल्याणार्थ महायज्ञ**

**नव संवत्सर चैत्र कृष्ण द्वितीय को भव्य रूप में होगी महायज्ञ की पूर्णाहुति**



**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा की प्रेरणा एवं प्रयास से विश्वविद्यालय विकास समिति एवं संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे चतुर्वेद स्वाहाकार महायज्ञ के 365 दिन मंगलवार को पूर्ण हो गए।

विश्वविद्यालय परिसर स्थित वेद विभाग के स्मार्तमंडप (यज्ञशाला) में डा. विजय कुमार शर्मा के आचार्यत्व व संयोजकत्व में 11 मार्च 2024 से संवत्सरव्यापी चतुर्वेद स्वाहाकार विश्वकल्याण महायज्ञ शुरू हुआ था। इसके निर्विघ्नता पूर्वक अनवरत 365 दिन पूर्ण हो गए। इस अवसर पर कुलपति प्रो बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि एक वर्ष से अनवरत चल रहे इस महायज्ञ के प्रभाव से देश ही नही संपूर्ण विश्व में सकारात्मक ऊर्जा का संचरण हो रहा है। यज्ञ की पवित्र धूम के प्रभाव से जन-जन के मन में धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ी है। जहां एक ओर लोग घर-घर में भगवदाराधना में लीन हैं तो वहीं तीर्थाटन के प्रति भी भाव बढ़ा है।

यज्ञ के संयोजक एवं वेद विभाग के आचार्य डा. विजय कुमार शर्मा ने बताया कि चूंकि अभी होलाष्टक चल रहा है इसलिए यज्ञ की पूणार्हुति स्थापनोत्सव के उपलक्ष्य में नव संवत्सर चैत्र कृष्ण द्वितीय को की जाएगी। इस महायज्ञ में वाराणसी एवं देश के अन्य भागों के अनेक महानुभावों का योगदान रहा है। यज्ञ के संयोजक डा. शर्मा ने बताया कि यज्ञ की पूणार्हुति भव्यता के साथ करने के लिए अनेक विद्वानों एवं गणमान्यों को आमंत्रित किया जाएगा। महायज्ञ के तीन सौ पैंसठ दिन पूर्ण होने पर विश्वविद्यालय परिवार हर्ष का अनुभव कर रहा है।

## संक्षेप

### व्यापारी मिले जेसीपी से, गिनाईं समस्याएं



**वाराणसी।** वाराणसी व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल नवागत ज्वाइंट पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह से उनके कार्यालय में मिला। प्रतिनिधि मंडल ने उनका स्वागत करते हुए व्यापारियों की समस्याओं को रखा। नेतृत्व करते हुए अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने ज्वाइंट पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह को माला और दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि काशी में आपका व्यापारी तहेदिल से स्वागत करते हैं और अपेक्षा रखते हैं कि आप व्यापारियों की कसौटी पर खरा उतरेंगे। व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण कर उनका दिल जीतेंगे। प्रतिनिधिमंडल में संजय गुप्ता, सुजीत, आनंद प्रकाश, जयप्रकाश, राजेश, प्रिया अग्रवाल, योगिता तिवारी, आरती शर्मा, निर्जला सिंह, सुजीत वर्मा, शरद गुप्ता आदि थे।

### शम्स तबरेज को मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि



**वाराणसी।** वाराणसी ओलंपिक संघ के सचिव शम्स तबरेज 'शम्पू' को अमेरिकन मेरिट काउंसिल की ओर से मानद डाक्ट्रेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शम्पू विगत 30 वर्षों से खेल जगत में विशेष योगदान देते आ रहे हैं। वह हैंडबॉल की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभा चुके हैं। उन्हें उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की तरफ से राष्ट्रीय खेलों में उप मुख्य दल का नायक भी बनाया जा चुका है। अभी हाल ही में वाराणसी में जिला ओलंपिक खेलों का भव्य आयोजन इन्होंने सम्पन्न कराया था। इसमें 26 खेलों को शामिल किया गया था। इन्हें अटल अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। इनकी खेल के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धियां को देखते हुए इन्हें मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. शम्पू कई खेल संघो से भी जुड़े हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने बधाई दी हैं।

### जरूरतमंद बच्चों संग मनाया होली उत्सव



**वाराणसी।** मीरा फाउंडेशन और 39 गोरखा रेजीमेंट की टीम ने मंगलवार को नई बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के साथ होली का रंगारंग उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि धनेश कुमार यादव, दया सिंह, हेमचंद, कमल देव, आरके शुक्ला और निकम बी ने बच्चों को संस्कृति, स्वच्छता व शिक्षा के प्रति जागरूक किया। 39 गोरखा रेजीमेंट ने बच्चों में बैग व टॉफियां वितरित की। मीरा फाउंडेशन के सहयोगी टीम परितोष, शालिनी, सोनम प्रसाद, अभिषेक, बसंत, सुमिता, मृदुला, ज्योति, विजय कुमार, दीपशिखा, संजय, अंशिका, मनोज, विजय, अजय, विपिन, वर्षा अंशिका वंश आदर्श लक्की प्रियांशी आदि ने 50 से अधिक बच्चों को पिचकारी, रंग, मिठाई व चॉकलेट वितरित की। बच्चों ने गुलाल लगाकर होली मनाया।

### राष्ट्रीय महिला शतरंज में बनारस की लड़कियों का शानदार प्रदर्शन



**वाराणसी।** अहमदाबाद में पांच मार्च से 11 मार्च तक आयोजित 22वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज टीम चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश टीम ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कुल चार खिलाड़ियों की टीम में वाराणसी की दो खिलाड़ी ऐशानी पाठक और वैष्णवी प्रकाश शामिल थीं। यूपी टीम ने कुल सात मैच में नौ अंक बनाए। बोर्ड प्राइज में भी ऐशानी ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया। टीम को साठ हजार रुपये नकद पुरस्कार भी मिला। महिला खिलाड़ियों की इस सफलता पर वाराणसी के शतरंज खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिला शतरंज एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार, दिनेश दत्त पाठक, सीके गांगुली, कविता पटेल, तुषार सारस्वत, सहाब अहमद, दिनेश पांडेय, दिलीप त्रिपाठी आदि ने उन्हें बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बीएचयू रिसर्चर ने प्रधानमंत्री संग्रहालय में पढ़ा रामायण श्लोक

**वाराणसी।** बीएचयू के दर्शन एवं धर्म विभाग में पोस्ट डॉक्टोरल फेलो डॉ. सौरभ राय ने प्रधानमंत्री संग्रहालय में फेलोमीट में प्रतिभाग कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया है। प्रो. सतीश चंद्र दुबे के निर्देशन में पोस्ट डॉक्टोरल फेलो व गाजीपुर निवासी डॉ. सौरभ राय ने इस दौरान शैक्षणिक कार्य दार्शनिक राजा एवं रामराज्य की अवधारणा को प्रस्तुत किया। अपने प्रस्तुतीकरण की शुरुआत उन्होंने वाल्मीकि रामायण के श्लोक से की। उन्होंने बताया कि सत्य ही प्रारूप शब्द ब्रह्म है। सत्य में ही धर्म प्रतिष्ठित है। सत्य ही अविनाशी वेद है और सत्य से ही परम ब्रह्म की प्राप्ति होती है। उनके वक्तब्य की वहां मौजूद श्रोताओं ने सराहना भी की।

### कुश्ती दंगल में कई पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच



**वाराणसी।** खेलकूद जीवन का एक अभिन्न अंग है, जिसमें एक कुश्ती भी है। कुश्ती से शरीर बलिष्ठ होता है। यह विचार मंगलवार को सोलापुर क्षेत्र के कटारी गांव में आयोजित अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने कही। दंगल में शकीरा नूर मेरठ व प्रवीण पहलवान के बीच कांटे की टक्कर रही। इसी प्रकार विकास बनियापुर एवं बबलू अजगर के बीच बराबरी पर कुश्ती छूटी। इस दंगल में सेना एवं रेलवे के अलावा दिल्ली, बिहार तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पहलवानों ने अखाड़े में दमखम दिखाए। रेफरी की भूमिका में सुभाष पहलवान, भैरव यादव, सहेंद्र एवं संतोष पहलवान थे। इस अवसर पर लालजी पहलवान, बबलू सिंह, शिव धनी पहलवान, मनोहर पहलवान, अमिताभ आनंद, रामू पहलवान, दीपक मौर्य, अमित लोहार, झगड़ू भैया, रामसेवक, क्षमा पहलवान, राजेश यादव, सुभाष यादव, त्रिभुवन नारायण सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सनराइज क्लब सब जूनियर बालिका हॉकी का बना चैंपियन

**खेलकूद**

**जिला स्तरीय सिक्स ए साइड सब जूनियर बालिका प्रतियोगिता में यूथ क्लब को फाइनल में 10-7 से दी शिकस्त**

**जनसंदेश न्यूज**




**वाराणसी।** हॉकी का रोमांचक मैच काफी दिनों बाद मंगलवार को देखने को मिला। फाइनल में दोनो टीम की दो-दो खिलाड़ियों ने हैट्रिक लगाई। सनराइज क्लब ने जिला स्तरीय सिक्स ए साइड सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल में यूथ क्लब को 9-7 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सनराइज क्लब की तनु यादव को 10 गोल करने पर बेस्ट स्कोरर घोषित किया गया।

परमानंदपुर मिनी स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में पहला गोल यूथ क्लब की सोनल सिंह ने खेल के दूसरे मिनट में किया। जवाब में सनराइज क्लब की तनु यादव ने चौथे और पांचवें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया। उसके बाद यूथ क्लब की अंजली प्रजापति ने हैट्रिक लगा कर स्कोर 4-2 कर दिया। जवाब में सनराइज क्लब की तनु यादव ने हैट्रिक लगा कर स्कोर 5-4 कर दिया। पहले हाफ में यही स्कोर रहा।

दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने अपनी-अपनी रणनीति में बदलाव किया। इस हाफ में सनराइज क्लब की टीम ने छोटे-छोटे पास का सहारा लिया। इस हाफ में सनराइज क्लब की मोनिका गुप्ता ने खेल के 21 वें, 23वें और 25वें मिनट में हैट्रिक लगा कर स्कोर 8-4 कर दिया। दूसरी तरफ यूथ क्लब की सोनल सिंह ने खेल के 31वें, 35 वें और 38वें मिनट में हैट्रिक लगाते हुए स्कोर 7-8 कर दिया। खेल खत्म होने से एक मिनट पहले सनराइज क्लब की रोशनी पटेल ने गोल कर स्कोर 9-7 कर दिया। जावेद खान व गोपी निर्णायक थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हॉकी वाराणसी के अध्यक्ष डाक्टर एके सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हॉकी वाराणसी के सचिव केबी रावत ने संचालन किया।

## मार्कण्डेय महादेव धाम मार्ग चौड़ीकरण कार्य की बाधाएं दूर

**राहत की बात**

**प्रभावित भवन स्वामियों को क्षतिपूर्ति का भुगतान हुआ प्रारम्भ**



**वाराणसी।** वाराणसी-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैथी चौराहे से मार्कण्डेय महादेव धाम तक की सडक के चार लेन में चौड़ीकरण कार्य की सभी बाधाएं दूर हो गयी है। प्रभावित भवन स्वामियों को क्षतिपूर्ति का भुगतान भी प्रारंभ हो गया है।

दरअसल, 2400 मीटर की सडक के चौड़ीकरण में कैथी बाजार और गांव में आ रही आबादी पर लगभग 90 परिवारों के भवन प्रभावित हो रहे थे, जिसके कारण लोगों में कुछ असंतोष था। किन्तु पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पाण्डेय के प्रयास से सभी बाधाएं दूर हो गयी है। लोक निर्माण विभाग ने प्रभावित होने वाले लगभग दो दर्जन भवन स्वामियों को क्षतिपूर्ति राशि प्रदान कर दी है। शेष लोगों के प्रपत्र मिलते ही उन्हें भी भुगतान कर दिया जाएगा। इस बीच सडक के चौड़ीकरण का कार्य लगभग दो तिहाई पूर्ण हो चुका है। बताया जाता है कि सावन मेले से पूर्व चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य सम्पन्न कर लिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने भवन स्वामियों से कहा है कि वे चिन्हित क्षेत्र में अपने निर्माण को शीघ्रातिशीघ स्वयं हटा लें अन्यथा उनसे शमन शुल्क वसूल किया जाएगा। मारकंडेय महादेव धाम से गंगा गोमती संगम मार्ग पर भी सीसी रोड का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। यद्यपि क्षतिपूर्ति को लेकर भूस्वामियों में असंतोष है, किंतु क्षेत्र के पर्यटन, व्यावसायिक और वाणिज्यिक महत्व को देखते हुए कोई सम्मानजनक समाधान शीघ्र निकलने की संभावना है।

# वीडीए सचिव ने की अधिकारियों संग बैठक

**बैठक**

**जोन स्तर पर की शमन शुल्क और जनशिकायतों की समीक्षा**

**जाना कार्यों की प्रगति,जोन से प्राप्त जनशिकायतों की ली जानकारी**

**जनसंदेश न्यूज**



**वाराणसी।** वीडीए सचिव ने मंगलवार को अधिकारियो संग बैठक कर जोन स्तर पर शमन शुल्क और जनशिकायतों की समीक्षा की। इस दौरान वीडीए सभागार में हुई बैठक में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा ने कार्यो की प्रगति जाना और प्राप्त जनशिकायतों की जानकारी ली। उन्होंने जोन-3 (वार्ड-दशाश्वमेध, चेतगंज, चौक व कोतवाली), जोन-4 (भेलूपुर व नगवां), जोन-5 (रामनगर व मुगलसराय) का साप्ताहिक कार्यो के प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने कई जोनों से प्राप्त शमन शुल्क मद में एक करोड़ एक लाख 74,962रुपये की हुई वसूली के कार्यो में और अधिक प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान वीडीए सचिव ने आलोच्य अवधि में जमा शमन मानचित्र, स्वीकृत शमन मानचित्र, तावान / शमन शुल्क की वसूली, पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों पर असन्तुष्ट प्रतिक्रिया के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई। वहीं अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की गई कार्रवाई,अनाधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल / डीजल/सी.एन.जी. फिलिंग स्टेशनों के विरुद्ध कार्रवाई, विन्यास व भवन (वार्ड) के टॉप-10 बकायेदारों आदि मुख्य बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। आलोच्य अवधि में जोन-3 द्वारा कुल 01, जोन-4 द्वारा कुल 05 व जोन-5 द्वारा कुल 02 इस प्रकार कुल 08 शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। आलोच्य अवधि में जोन-3, 4 व 5 द्वारा शमन शुल्क के मद में कुल रु0 1,01,74,962,.00 प्राधिकरण कोष में जमा हुआ। जिसमें अपर सचिव परमानन्द यादव, जोन-3 के जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति,अवर अभियन्ता राजू कुमार, जोन-4 के जोनल अधिकारी संजीव कुमार, अवर अभियन्ता आदर्श निराला एवं जोन-5 के जोनल अधिकारी सिंह गौरव जय प्रकाश, अवर अभियन्ता अशोक कुमार यादव व मुख्य भवन लिपिक, विन्यास लिपिक एवं अन्य लिपिक उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



घटना की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन

जनसंदेश न्यूज

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रेवती-सुरेमनपुर स्टेशन के बीच कुंवापीपर रेलवे क्रासिंग से पूरब मंगलवार को किसी ट्रेन की चपेट में आने से कस्बा रेवती के वार्ड नंबर तीन निवासी 25 वर्षीय गुड्डु तुरहा की मौत हो गई। सुरेमनपुर स्टेशन मास्टर द्वारा थानाध्यक्ष प्रशान्त चौधरी को घटना के बाबत सूचना दी गई। थानाध्यक्ष के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एसआई द्वारा शव को कब्जे में लेकर आवश्यक पंचनामा के साथ पोस्टमार्टम हेतू जिला अस्पताल बलिया भेज दिया। बताया जा रहा है कि गुड्डू की शादी अभी एक महीने पूर्व बिहार के सीवान जिला के बादल तुरहा की पुत्री काजल के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता कन्हैया तुरहा एवं पत्नी काजल सहित अन्य का रोते-रोते बुरा हाल है।

## कार के शीशे में गर्दन दबने से मासूम की मौत

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम चकिया निवासी रवि ठाकुर नई बलेनो कार लेकर पूजा अर्चना करने के लिए चन्दाडीह स्थित मातुजी महारानी मन्दिर गए थे। इस दौरान डेढ़ वर्षीय रेयांश की दरवाजे के शीशे में गर्दन दब जाने से दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार चरण शोभा दुकान के संचालक चकिया निवासी रवि ठाकुर नई बोलेनो कार लिये थे। वह सोमवार को चन्दाडीह स्थित मातुजी महारानी मन्दिर पर पूरे परिवार के साथ पूजन अर्चन करने गए थे। गाड़ी का आधा शीशा खुला हुआ था। इसमें उनका डेढ़ वर्षीय भतीजा रेयांश पुत्र रोशन ठाकुर गाड़ी के शीशे पर गर्दन रखकर बन्दर देख रहा था। इसी बीच कार चालू करते समय कार का शीशा अचानक बंद हो गया। इससे मासूम रेयांश की गर्दन शीशे में दब गया। इससे वह अचेत हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे नजदीक में प्राथमिक उपचार के बाद मऊले गये, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# 1.800 किग्रा गांजे के साथ अभियुक्त गिरफ्तार




**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्र के कुशल नेतृत्व में नगरा पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। नगरा थाने के उनि छुन्ना सिंह, उनि संदीप कुमार मय हमराह कर्मचारीगण के साथ देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित/वारण्टी क्षेत्र में परसिया चट्टी पर मामूर थे कि जरिए मुखवीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति इन्दासो की तरफ से फायर स्टेशन के पीछे नेछुआडीह बाग के तरफ से एक झोले में नाजायज गांजा लेकर कही जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा फायर स्टेशन के पीछे नेछुआडीह बाग में अभियुक्त दीपक यादव पुत्र श्रीकान्त यादव निवासी जिउतपुरा महमूदचक, थाना उभांव को पुलिस हिरासत में लिया गया।

पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से हाथ मे लिए झोले में रखे हुए सामान के बारे पूछताछ किया तो उसने बताया कि झोले में गांजा है। उसके झोले से 1.800 किग्रा गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने उसे संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

## संक्षेप

### नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी का निधन, शोक



**बेल्थरारोड।** नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी खालिद जहीर (58) की सोमवार की रात्रि लगभग 12 बजे वाराणसी में निधन हो गया। उनके निधन से शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गयी। नगर के वार्ड नम्बर एक बिचला पोखरा निवासी खालिद जहीर बहुत ही मृदुभाषी, मिलनसार स्वभाव और सबके सुख-दुःख में शामिल होने वाले व्यक्ति थे। उनके असमय चले जाने से नगरवासी काफी मर्माहत है। ज्ञात हो कि खालिद जहीर बीते एक मार्च को बेल्थरारोड रेलवे प्लेटफार्म पर गिर जाने से चोटिल हो गए थे। उसी समय वह वाराणसी उपचार हेतु निकल गये। बताया जा रहा है कि वह सोमवार की रात्रि रमजान में अपनी बहन के यहां बाथरूम के लिए बिस्तर से उठने के बाद अचानक गिर गए, जिसके कारण उनके सिर में पीछे की तरफ गम्भीर चोट आ गई। आनन-फानन में उन्हें वाराणसी के एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को प्रातः उनके पैतृक आवास पर शव पहुंचते ही परिजनों समेत पूरे नगर में कोहराम मच गया। उनके घर पर आने-जाने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। उनके जनाजे की नमाज 12 मार्च को सुबह 10 बजे बिचला पोखरा पर होगी। उसके उपरांत उन्हें सुपुर्द ए खाक किया जायेगा।

### भंडारे में ग्रामीणों ने ग्रहण किया प्रसाद



**बेरुआरबारी।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत बभनौली स्थित काली माता मंदिर में अजय गुप्ता द्वारा भण्डारा का आयोजन किया गया। इसमें सपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह गुड्डू शामिल हुए। बता दें कि ग्राम पंचायत बभनौली में अजय गुप्ता द्वारा काली माता मंदिर पर श्रीरामचरित मानस पाठ की पूर्णाहूति पर भण्डारा का आयोजन किया। इसमें सपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह गुड्डू शामिल हुए। उन्होंने काली माता मंदिर में मत्था टेका। तत्पश्चात प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रासबिहारी मिश्रा, प्रेम सागर मिश्रा, विपिन बिहारी मिश्रा, अरुण प्रकाश मिश्रा, मुन्नू यादव, संजय तिवारी, मोहन यादव, रामसुंदर यादव, गिरीश चौबे इत्यादि मौजूद रहे।

### मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दी गई दवा




**रेवती।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विजय यादव के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेवती के अधीक्षक डा. प्रवीण कुमार के निर्देशन में उच्च प्राथमिक विद्यालय गोपालनगर में आयोजित एचआईवी एवं एड्स के स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन चिकित्साधिकारी डा. बद्रीराज यादव एवं प्रधान प्रतिनिधि प्रदीप यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दियरांचल के 200 मरीजों की हीमोग्लोबिन, एचआईवी शुगर की जांच लैब टेक्निशियन अंकुर कुमार द्वारा किया गया। जांच के पश्चात दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट अशोक कुमार यादव, एएनएम समीक्षा सिंह, पूर्व प्रधान प्रदीप यादव, अमरदीप, गणेश सहित आशा बहु, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

### होलिका दहन 13 को, 14 को मनेगी होली

**बलिया।** जनसंदेश टाइम्स से मंगलवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बलिया में होली पर्व को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकारी कैलेंडर के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन तथा 14 मार्च होली मनायी जाएगी। यदि कोई 15 मार्च को होली मनाना चाहता है तो उसके लिये प्रशासन की तरफ से कोई मनाही नहीं है। बतातें चलें कि बलिया के विद्वत जनों ने शास्त्र के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन तथा 15 मार्च को होली पर्व मनाने का निर्णय लिया है। लेकिन एक समस्या यह आ रही है कि उसी दिन सीबीएसई इंटर की परीक्षा होनी है। ऐसे में परीक्षार्थियों के लिये 15 तारीख को होली मनाने में दिक्कत होगी। उधर, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह जिले में भ्रमण करते हुए नजर आ रहे है। वह यह मैसेज दे रहे है कि 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। उधर, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने भी अपने आदेश पत्र में यह जारी किया है कि 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को ही अधिकारियों को जोन वाइज जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### भूतपूर्व सैनिकों के साथ ईसीएचएस अस्पताल में बैठक

**बलिया।** ईसीएचएस अस्पताल बलिया के प्रभारी अधिकारी विंग कमांडर घनश्याम ओझा (सेनि) की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवार के सदस्यों और अस्पताल के कर्मचारियों के बीच मार्च महीने की बैठक अस्पताल के प्रांगण में आयोजित की गई। इस मीटिंग में ईसीएचएस अस्पताल की कार्यशैली, अस्पतालों में इलाज के दौरान परेशानियों, अन्य समस्याओं और सुझावों पर विचार विमर्श कर इनके निस्तारण पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। प्रभारी अधिकारी ने लाभार्थियों को दिशा निर्देशों और बेहतर उपचार के लिए विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी। इस अस्पताल के 14 कर्मचारी, जिनमें दो चिकित्सक डा. अरुण कुमार शुक्ला, डा. मिथिलेश दीक्षित), डा. आनंद कुमार सिंह, डा. मोहमद्द असलम, ओनोरी कप्तान सत्य सागर चौहान (सेनि), पैरामेडिकल और नान पैरामेडिकल स्टाफ की मदद से मेडिकल, दंत चिकित्सा, पैथोलाजी, डिस्पेंसरी, इमरजेंसी ट्रीटमेंट और प्राथमिक उपचार की सुविधाएं दी जाती हैं। यह प्रक्रिया पूर्णतः आनलाइन हैं। प्रभारी अधिकारी द्वारा यह जानकारी दी गई कि यह सुविधा पूर्व सैनिकों और उनके आधिकारिक आश्रितों के लिए पूर्णतः कैशलेश हैं। यह स्वास्थ्य योजना दोनों ही पद्वति एलोपैथी और आयुष में उपलब्ध हैं, परंतु लाभार्थी एक ही पद्वति प्रक्रिया का चयन कर सकते हैं।

# पूर्व सीएमओ की पेंशन व फंड रोकने को भेजा पत्र

**मांग**

**फर्जी स्टाफ नर्सों को जारी किया गया लगभग 90 लाख से अधिक वेतन**

**बलिया।** स्वास्थ्य विभाग में फर्जी स्टाफ नर्स नियुक्ति के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच तेज हो गई है। अब तक हुई जांच में पूर्व के दो सीएमओ, दो बाबू सहित 12 सीएचसी प्रभारी एवं लिपिक का नाम सामने आ रहा है। बताया जाता है कि दर्ज मुकदमे में सभी का नाम जुड़ेगा। सदर कोतवाली में फर्जी स्टाफ नर्स की नियुक्ति मामले की विवेचना उप निरीक्षक ज्ञानचंद शुक्ल कर रहे है। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने वाले पूर्व सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी की पेंशन एवं फंड रोकने के लिए शासन को पत्र भेजा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि फर्जी स्टाफ नर्स को विभाग द्वारा लगभग 90 लाख से ऊपर वेतन जारी हुआ है। उक्त धनराशि की रिकवरी एवं जांच में सहयोग के लिए फंड एवं पेंशन रोकना जरूरी है। अन्यथा बाद में जांच में सहयोग नहीं मिलेगा। वहीं, अन्य लोगों के अभी कार्यरत होने के कारण समस्या नहीं है। विवेचना में दो पूर्व सीएमओ डा. जयंत कुमार एवं डा. विजयपति द्विवेदी, प्रशासनिक अधिकारी, दो लिपिक प्रथम दृष्टया जांच के दायरे में आ रहे है। उनको नोटिस जारी कर 14 बिंदुओं पर जानकारी एवं उसके संबंधित अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की गई है। अभिलेख मिलने पर अभी और लोग जांच के दायरे में आयेंगे। बता दें कि तत्कालीन सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी के सीएचसी रेवती के निरीक्षण के दौरान एक स्टाफ नर्स पर शंका होने पर उन्होंने सात सदस्यीय टीम गठित कर जिले में नियुक्त 33 स्टाफ नस्र की जांच करवाई थी। जांच टीम ने 2020 से अब तक तैनात स्टाफ नर्सों की नियुक्ति की जांच की। 33 फर्जी स्टाफ नर्स अभिलेख उपलब्ध नहीं करा सकी और सभी गायब हो गई। उक्त स्टाफ नर्स में कई को इंजेक्शन लगाना तो दूर नाम लिखना तक नहीं आता था। इसकी शिकायत कई प्रभारी कर चुके थे। सीएमओ ने निदेशालय से तैनात स्टाफ नर्स की नियुक्ति की जानकारी मांगी तो इनकी नियुक्ति को लेकर निदेशालय ने भी इनकार कर दिया। रिपोर्ट आने के बाद सीएमओ डा. विजयपति द्विवेदी ने अपने कार्यकाल के दौरान नियुक्त 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। अभी 18 लापता है।

# पेड़ के सहारे छत पर चढ़े चोर, उड़ाया लाखों का सामान



गेहूं के खेत में मिला टूटा बक्सा, कपड़ा एवं अन्य सामान

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के भरखरा गांव में सोमवार की रात एक घर में चोरों ने लाखों रुपए के गहने एवं नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना किया।

बता दें कि भरखरा निवासी मोहन गुप्ता के परिजन सोमवार की रात खाना पीना खाकर रोज की तरह सोने चले गए। रात में घर के बाहर नीम के पेड़ के सहारे छत पर चोर चढ़ गए। मोहन की पत्नी एवं बच्चे घर के बाहर दरवाजे पर सोए थे। चोरों ने अंदर से दुपट्टा के माध्यम से बांध कर मेन दरवाजा बंद कर दिया। घर के कमरों का ताला तोड़ कर उसमें रखा एक बड़े बख्शे को तोड़ा। उसमें रखा पांच ट्राली बैंग एवं दो बक्से खिड़की का दरवाजा खोल कर लेते गए। करीब तीन बजे भोर में मोहन की पत्नी की नींद खुली तो उसने देखा कि घर के आंगन में उजाला आ रहा है। वह आंगन का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बंद था। मोहन गांव में ही एक विवाह उत्सव गृह में काम करता है। उसको सूचना दिया गया।

उसने पीआरबी एवं थाना पुलिस को सूचना दिया। उसके बाद पीछे से जाकर घर में घुसकर देखा तो उनके सभी कमरों का ताला टूटा था। घर का सामान गायब था। तीन ट्राली बैग एवं दो बक्से घर से दक्षिण कुछ दूरी पर एक गेहूं के खेत में टूटा पड़ा था। पीड़ित के अनुसार उसके लड़के की शादी 13 मई को है। उसने धीरे-धीरे लगभग चार लाख का गहना बना कर रखा था। करीब अस्सी हजार रुपया की नगदी का होना भी पीड़ित ने बताया। सुखपुरा थाने से महज एक किमी की दूरी पर चोरी होना पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ है। पुलिस सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से चोरों की तलाश में लगी है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर दे दिया है।

## यात्रियों का बैग छीनने वाले चार युवक गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**सुरेमनपुर स्टेशन से ई-रिक्शा पकड़कर जा रहे थे यात्री**

**बैरिया।** सुरेमनपुर स्टेशन से बैरिया लौट रहे दो युवकों से सोमवार की रात बाबा लक्ष्मण दास इंटर कालेज बैरिया के सामने बैग छीनने के आरोप में चार युवकों को बैरिया पुलिस ने गिरफ्तार कर छीने गए बैग एवं सामान को बरामद कर लिया है। वही, चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि हनुमानगंज निवासी अनिल वर्मा एवं छोटकी सेरिया, थाना बांसडीह निवासी धीरज कुमार सोमवार की रात सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन से उतरकर ई-रिक्शा से बैरिया की तरफ आ रहे थे कि बैरिया के हरिजन बस्ती निवासी विमलेश पासवान एवं शंकर ई-रिक्शा को बाइक से घेरकर बैग छीनने लगे, तभी उनके सहयोग में हरिजन बस्ती बैरिया के ही आकाश एवं कैलाश आ गए और यात्रियों का बैग छीनकर भाग खड़े हुए। पीड़ितों द्वारा घटना के तत्काल बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर यात्रियों से छीना हुआ बैग बरामद कर लिया। एसएचओ ने बताया कि चारों आरोपियों को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय किया गया है। वहीं, उनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही हैं। एसएचओ ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को किसी ने गलत सूचना दी थी कि पीड़ित रुपयों से भरा बैग लेकर जा रहे है। दरसल उस बैग में रुपया नही, बल्कि कपड़े भरे हुए थे।

# आग से आधा दर्जन परिवारों का आशियाना राख



आग से जलकर राख हुईं झोपड़ियां व सामान

**नुकसान**

**आस-पास के लोगों ने अथक प्रयास करके आग पर पाया काबू**

**बेरूआरबारी।** सुखपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुर्गीपुर में राम मंदिर के समीप मंगलवार की दोपहर अज्ञात कारणों से लगी आग से आधा दर्जन से अधिक फुस की झोपड़ियां जल गई। आग से झोपड़ियों में रखा अनाज, भूसा सहित कपड़ा, नगदी आदि जलकर राख हो गया। वहीं, आग की चपेट में आने से आधा दर्जन मवेशी भी बुरी तरह से झुलस गये।

आग लगने की सूचना पर आस-पास के लोग मौके पर पहुंच गये। लोगों ने अथक प्रयास करके आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जैसे-तैसे मवेशियों को बाहर निकाला जा सका। घटना की सूचना पर भाजपा नेता विश्राम सिंह मौके पर पहुंचकर सभी पीड़ितों को तिरपाल, आटा, चावल, दाल, तेल, दवाई एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई। आग से भरत गोंड का हाथ जल गया। इधर, भाजपा नेता श्री सिंह द्वारा लेखपाल, पशु चिकित्सक एवं अन्य उच्च अधिकारियों को फोन कर पीड़ितों को हरसंभव मदद करने की बात कही। ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने पीड़ितों को हरसंभव मदद करने का भरोसा दिलाया। आग से अमिचंद राजभर, प्रेमचंद राजभर, शिवचंद राजभर, भरत गोंड, मुद्रिका गोंड, जयप्रकाश तिवारी आदि की झोपड़ी, गाय और पड़िया झुलस गई हैं।

## बैंक में आग लगने से मची अफरा-तफरी



**बलिया।** सुखपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में मंगलवार की दोपहर अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गया। आग लगने के बाद पूरा परिसर धुंआ-धुंआ हो गया। पूरा सिस्टम बैठ गया। उपभोक्ताओं एवं बैंक कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गया। सभी लोग बैंक परिसर छोड़ कर बाहर चले आए। लेकिन संयोग यह रहा कि आग ने विकराल रुप नहीं लिया। केवल कुछ तार ही जले थे। लोगों ने आग पर काबू पा लिया। करीब एक घण्टे बाद फायर विभाग की गाड़ी पहुंची। इस मामले में शाखा प्रबंधक स्वर्णीमा सिंह ने कहा कि विद्युत शार्ट सर्किट से आग लगी है। कोई नुकसान की सूचना नहीं है।

# 40 लाख लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

**राहत**

**जनपद में तीन परियोजनाओं पर तेजी से चल रहा कार्य**

**बलिया।** गंभीर पेयजल संकट झेल रहे जनपदवासियों को जल्द ही राहत मिलेगी। इसके लिए केन्द्र सरकार की स्वर्णिम योजना जल जीवन मिशन से लगभग 40 लाख ग्रामीण आबादी को नदियों का शोधित जल पिलाने की कार्ययोजना पर काम चल रहा है। इसके लिए शासन ने 3335 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। बेलहरी ब्लाक में गंगा नदी पर परियोजना पर काम चल रहा है।

इसका लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट को तीन फेज में बांटा गया है। योजना के तहत 2024 में कार्य पूरा हो जाना चाहिए था। वैसे, जिले में पेयजल आपूर्ति का हाल ठीक नहीं है। भूजल में आर्सेनिक और फ्लोराइड की अधिक मात्रा के चलते लाखों लोग परेशान है। वह बीमारियों की चपेट में है। बेलहरी, हनुमानगंज और मनियर में प्रस्तावित डब्ल्यूटीपी 337 एमएलडी पानी शोधित किया जायेगा। इन प्लांटों को पेयजल टंकियों से जोड़ा जायेगा। यहां से लगभग 16 हजार किमी तक पाइपों का नेटवर्क बिछाया जायेगा। कुछ नई टंकियां बनाने का भी प्रस्ताव है। इसके जरिये लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी।

इस संबंध में जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता मो. मुकीम ने बताया कि जिले में गंगा एवं सरयू नदी के जल को शोधित कर पानी की आपूर्ति की जायेगी।

इसके लिए जिले में तीन परियोजनाओं पर काम तेजी से चल रहा है। दिसंबर तक कार्य पूरा होने की उम्मीद है। बेलहरी ब्लाक में गंगा पर परियोजना का कार्य काफी तेजी से चल रहा है।

# मनरेगा से नहीं हो रहा मजदूरों का भला

**नाराजगी**

**महज 26.51 प्रतिशत एससी-एसटी को मिला काम**

**बलिया।** कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों के लिए वरदान साबित हुई महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना अब मजदूरों का भला नहीं कर पा रही है। खास कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कामगार ज्यादा प्रभावित है। मनरेगा में 100 दिन का रोजगार देना जरूरी है। आकड़ों पर नजर दौड़ाये तो एससी और एसटी समूह के कुल 73095 जाब कार्ड होल्डर है। इनमें 62335 अनुसूचित जाति और 10760 अनुसूचित जनजाति समूह के है। इनमें से मात्र 19381 लोगों को ही अब तक रोजगार मिल पाया है। यह उनकी संख्या का मात्र 26.51 प्रतिशत ही है। जिले के 596 अनुसूचित जाति और 96 अनुसूचित जनजाति परिवारों को अब तक 100 दिन का रोजगार मिल पाया है। रोजगार की गारंटी देने के मामले में जिले के चार ब्लाक दहाई का आकड़ा भी पार नहीं कर पाये है। इसमें हनुमानगंज, बेरूआरबारी, बैरिया एवं रेवती ब्लाक शामिल है। आकड़े के अनुसार हनुमानगंज के एक अनुसूचित जाति, बेरूआरबारी के दो अनुसूचित जनजाति, बैरिया के दो एससी एवं तीन एसटी और रेवती के चार एससी एवं दो एसटी परिवार को ही 100 दिन का रोजगार मिल पाया है। एससी-एसटी परिवार को रोजगार देने के मामले में नगरा ब्लाक प्रथम पायदान पर है। यहां मजदूरों की कुल संख्या 2354 है। इनमें 2205 अनुसूचित जाति एवं 149 अनुसूचित जनजाति के है। जाब कार्ड होल्डर की संख क्रमशः 8646 एवं 587 है। वहीं, सबसे कम रोजगार मुहैया कराने वाले ब्लाकों में हनुमानगंज, बेलहरी, बैरिया, मुरलीछपरा एवं रेवती ब्लाक है। अब तक हनुमानगंज ब्लाक में 355, बेलहरी में 432, बैरिया में 466, मुरलीछपरा में 514 एवं रेवती में 522 एससी एवं एसटी मजदूरों को रोजगार मिल पाया है। इसके अलावा बांसडीह ब्लाक में कुल 577 एवं बेरूआरबारी के 617 मजदूरों को ही रोजगार मिला है। इस संबंध में उपायुक्त मनरेगा दिग्विजय नाथ पांडेय ने बताया कि मनरेगा से सामान्य रूप से सभी जाब कार्डधारकों को काम दिया जाता है। मौसम एवं त्योहार के चलते काम मांगने वालो में कमी आयी है। मनरेगा श्रमिकों के लिए गांवों में काम उपलब्ध कराया जा रहा है।

# दो माह में 11 हजार से अधिक राजस्व वादों का निस्तारण

**रिकॉर्ड**

**प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में जनपद जनवरी में प्रथम एवं फरवरी में दूसरे स्थान पर**

**बलिया।** प्रदेश में पहली बार जून 2016 को राजस्व न्यायालय कंप्यूटर प्रबंधक प्रणाली की शुरूआत की गई। इसके माध्यम से कोई भी वादकारी कहीं पर बैठकर अपने मुकदमों की स्थिति को देख सकता है। इस व्यवस्था के तहत जिले में अब तक 3.40 लाख राजस्व वाद दर्ज किये गये, जबकि 3.20 लाख से अधिक मामलों को निस्तारित किया जा चुका है। जनवरी से अब तक 40 राजस्व अदालतों में 11 हजार मुकदमों का निस्तारण किया गया। प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में जनपद जनवरी में पहले और फरवरी में दूसरे स्थान पर रहा। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार प्रतिदिन इसकी मानीटरिंग करते है। एक जनवरी से 28 फरवरी के मध्य 7405 नये मुकदमे पंजीकृत किये गये। इसमें पांच वर्ष से अधिक समय से लंबित 1868 वाद शामिल है। अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की ओर से वादों की नियमित समीक्षा की जा रही है। वर्षों से लंबित वादों को शीघ्रता से निस्तारण कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार मुकदमों के निस्तारण में गंभीर है। वह लगातार सुनवाई करते हुए फाइलों का निस्तारण करते है। अधिसंख्य मामलों में तो वह कोर्ट में ही बैठकर फैसला सुना देते है। उनके कोर्ट में मुकदमे कम पड़ गये। बताया जाता है कि उन्होंने 50 फाइल अपर जिलाधिकारी के कोर्ट से मंगाया है। वह अधिकारियों को भी लगातार मामले को निस्तारित करने का निर्देश दे रहे है।

इस संबंध में डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि मुकदमों के निस्तारण में जनपद जनवरी में प्रथम एवं फरवरी में दूसरे स्थान पर है। दो महीने में 11 हजार से अधिक मामलों को निस्तारित किया गया है। आगे भी प्रदेश में पहला रैंक बना रहे, इसलिए लगातार राजस्व अदालतों की मानीटरिंग की जा रही है। पुराने लंबित मामलों पर अधिक फोकस किया गया है।

# पूरी तरह से खाली पड़ा है जिला कारागार

## बेकार पड़े हुए हैं लगभग दो करोड़ से अधिक के उपकरण



जिला कारागार

**बलिया।** मौजूदा समय में जिला कारागार बंदियों से पूरी तरह से खाली पड़ा हुआ है। यहां के कैदी अन्य जिला के कारागार में भेज दिये गये है। अब इस जगह पर मेडिकल कालेज का निर्माण होगा। आजादी के पहले 1917 में जिला कारागार बना। निरूद्ध 900 से अधिक बंदियों को मऊ एवं आजमगढ़ भेज दिया गया, लेकिन पुराने जेल की जगह सरकार अभी तक नये जेल के निर्माण के लिए पूरी तरह से फेल साबित हो रही है। खाली जेल में रखे गये दो करोड़ से अधिक का उपकरण बेकार हो रहे है। अभी भी बंदियों के सारे अभिलेख जेल के अंदर रखा हुआ है। बताया जाता है कि जेल के अंदर लगे 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरा, जैमर और रोटी तैयार करने वाली 50 लाख से अधिक की मशीन के अलावा आटा तैयार करने वाली मशीन शामिल है। बंदियों को पेशी पर लाने के प्रतिदिन 18 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाती है। 100 लीटर से अधिक एक वाहन पर डीजल खर्च होता है। सर्वाधिक दिक्कत मुलाकातियों को उठानी पड़ती है। परिवार के लोगों को उनसे मिलने के लिए मऊ एवं आजमगढ़ जाना पड़ता है।

### बंदियों को पेशी पर लाते समय रहता है खतरा

**बलिया।** बंदियों को पेशी पर लाते समय खतरा बना रहता है। शासन की ओर से नई जेल बनाने की योजना तो तैयार की गई, लेकिन अभी तक भूमि को अधिग्रहित करने को लेकर कोई प्रस्ताव नहीं है। अभी भी यहां पर 10 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है। जेलर का कहना है कि अभी तक उपकरणों को स्थांतरित करने के लिए कोई आवश्यक दिशा-निर्देश नहीं मिला है।

### जेल भवन का कराया जायेगा मूल्यांकन

**बलिया।** निर्माण के पहले जेल भवन का मूल्यांकन कराया जायेगा। इसी आधार पर इसकी नीलामी की जायेगी। जिला जेल की दीवारे अभी भी मजबूत है। पिछले वर्ष यहां जेल के आवास का निर्माण कराया गया था।


### इतिहास समेटे हुए है जिला जेल

**बलिया।** 19 अगस्त 1942 की क्रांति की यादों को जिला कारागार ताजा करता है। बलिया के आजादी से जिला कारागार जुड़ा है। हर साल 19 अगस्त को क्रांतिकारियों एवं सेनानियों की याद में बलिया बलिदान दिवस मनाया जाता है। लोग जिला कारागार पहुंचते है। सिंगल वाल के जिला जेल अपने पीछे इतिहास को समेटे हुए है। अब यह कहानी बनकर रह जायेगी।

### डेढ़ करोड़ रुपये से तैयार हुआ था पंप

**बलिया।** सरकारी खजाने से बजट आवंटित होने के बाद जेल परिसर में पंप बनवाया गया। बताते चले कि 2019 में जेल में पानी भर जाने के कारण बंदियों को दूसरे जिले में सिफ्ट किया गया था। इसी को आधार बनाकर जेल को स्थांतरित कर दिया गया। डेढ़ करोड़ रुपया खर्च करके पानी निकालने के लिए पंप हाउस का निर्माण भी बेकार साबित हो रहा है।

# राज्यपाल ने डॉ. प्रीति को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ गोल्ड मेडल पाने वाले लोग

**सम्मान**

### ग्रामीणों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार

**रसड़ा।** बलिया की बेटी को राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आमंत्रित कर गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसकी जानकारी उसे गांव बुढ़ऊ में होते ही लोग एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करने लगे। बताते चलें कि गड़वार थाना क्षेत्र के बुढ़ऊ गांव निवासी वीरेंद्र सिंह प्राथमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षक है। उनकी बेटी डॉ. प्रीति सिंह की पढ़ाई ग्रामीण परिवेश से लेकर दूसरे अन्य शहरों में हुई है। वर्तमान में डॉ. प्रीति सिंह साहू रामप्रीति महाविद्यालय बरेली में बतौर राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्य देखती है। डॉ. प्रीति को दलनायक के रूप में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड राज्य के प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ। बीते गुरुवार को राजभवन लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 12 प्रतिभागियों में सम्मिलित डॉ. प्रीति को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इसके बाद डॉ. प्रीति ने राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से किए गए अपने कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में स्वयंसेविकाओं के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से समाज को जागरूक कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जनपदवासियों सहित क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। डॉ. प्रीति के गांव बुढ़ऊ स्थित उनके आवास पर लोग पहुंचकर उनके पिता वीरेंद्र सिंह को बधाई दे रहे है। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मेरी बिटिया बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की थी। उसकी इस उपलब्धि पर मुझे गर्व है।

# पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए दी श्रद्धांजलि



**बलिया।** सीतापुर जनपद के महोली तहसील के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेयी की विगत दिनों दिनदहाड़े गोली मारकर की गई हत्या से पत्रकारों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को पत्रकारों ने फेफना तिराहा स्थित शहीद रामसागर स्मारक स्थल पर शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान पत्रकारों ने गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर प्रार्थना किया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटेलाल चौधरी ने घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। वरिष्ठ पत्रकार नवीन कुमार गुप्ता ने प्रदेश सरकार से दिवंगत पत्रकार के परिवार को एक करोड़ रुपए मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। राकेश मिश्र किसान बाबा ने पत्रकारों पर लगातार बढ़ रहे हमले की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। कहा कि सीतापुर जनपद में पत्रकार की हत्या लोकतंत्र को गहरी चोट पहुंचाने वाली है। भ्रष्टाचारियों और उससे जुड़े सिंडिकेट ने जिस तरह से इस हत्याकांड को अंजाम दिया है, इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। पत्रकार अपनी कलम को निडरतापूर्वक चला सके, इसके लिए आवश्यक है कि पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। इस अवसर पर संतोष सिंह, अभिजीत सिंह, प्रभाकर सिंह, कन्हैया वर्मा, श्यामजीत कुशवाहा, चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गरीबों का खून चूस रही माइक्रो फाइनेंस कंपनियां

**बैरिया।** बेरोजगारों को रोजगार करने के नाम पर माइक्रो फाइनेंस कंपनियां ब्याज के रुप में लोगों का खून चूस रही है। वही, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट की जड़ें ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी होती जा रही है। एजेंट गरीब तबके के लोगों को कम ब्याज दरों पर कर्ज दिलाने का झांसा देकर उन्हें फंसा रहे हैं। वसूली के लिए इस कदर उत्पीड़न कर रहे हैं कि परेशान होकर कर्जदार घर एवं गांव छोड़कर बाहर भाग जा रहे हैं। एजेंटों की बदसुलूकी एवं उत्पीड़न के डर से लोग जमीनों को गिरवी रखकर कर्ज का किस्त चुका रहे हैं। वहीं, कई अपने शरीर से गहने उतारकर बेच दे रहे हैं। बावजूद इसके किस्त की अदायगी समय से नहीं हो पा रही है और गरीब एजेंटों के उत्पीड़न के शिकार हो रहे हैं। परेशान लोग कर्ज में दबे होने के कारण पुलिस के पास भी इसकी शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। इसके कारण कर्ज बांटने वाली माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के एजेंट उत्पीड़न जारी रखे हुए हैं। कानून के जानकार लोगों का कहना है कि शिकायत मिलने पर प्रशासन को जांच करने का अधिकार है। फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ संबंधित पीड़ित को जरूर शिकायत करनी चाहिए, नहीं तो उनका उत्पीड़न आगे और बढ़ सकता है। इस संबंध में करण छपरा, धतुरी टोला, रामनगर, मुरली छपरा सहित कई गांवों की महिलाओं ने बताया है कि एजेंट उनका उत्पीड़न कर रहे हैं। हम कर्ज से दबे हुए हैं। इसलिए हम लोग उनकी कहीं शिकायत नहीं कर पा रहे हैं। इस संदर्भ में जागरूक लोगों ने उचित कार्रवाई करते हुए माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से इसका डिटेल तलब करने की मांग प्रशासन से की है।

## खाद्य विभाग ने सीज किया 110 किग्रा कचरी

**बलिया।** होली पर्व पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 110 किलो रंगीन कचरी को सीज कर दिया। इसकी कीमत पांच हजार पांच सौ रुपए है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश कुमार राय के नेतृत्व के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सोमवार को चितबड़ागांव के बाजारों में खाद्य पदार्थो में मिलावट को रोकने के लिए जांच अभियान चलाया। टीम ने पांच खाद्य पदार्थ की दुकानों पर खाद्य सामग्रियों की जांच की। सन्दिग्ध प्रतीत होने पर मैदा, बेसन, वनस्पति, रंगीन कचरी व पेड़ा के छह नमूने संग्रहित किये। जांच के दौरान टीम ने अत्यधिक रंग का प्रयोग करने पर 110 किलों रंगीन कचरी को सीज कर दिया, जिसकी कीमत पांच हजार पांच सौ रूपये है। सहायक आयुक्त द्वितीय वेद प्रकाश मिश्र ने कहा कि खाद्य विक्रेता यह सुनिश्चित कर ले कि जो खाद्य सामग्री वे बिक्री करे, वह गुणवत्तापूर्ण हो। जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार, अनिल कुमार व राकेश कुमार शामिल रहे।

# मॉडल तहसील पर जारी रहा आगसा का धरना



**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का कार्यालयावधि का चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को भी जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शासनादेश में दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन कराने के लिए पत्रक दिया जाता रहा है। इसके क्रम में उप जिलाधिकारी सदर आत्रेय मिश्रा द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया है कि शासनादेश में दिये गये व्यवस्था एवं जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्गत निर्देश के अनुपालन में स्थलीय एवं अभिलेखीय जांचोपरांत सही पाये जाने पर नियमानुसार गोंड का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है। सच्चाई यह है कि गोंड जाति के प्रमाण पत्र के लिए आनलाइन आवेदन करने पर लेखपाल एवं तहसीलदार द्वारा आवेदन को बार-बार निरस्त कर दिया जा रहा है। शासन, जिला एवं तहसील प्रशासन द्वारा केवल कागजी घोड़ा दौड़ाने का काम किया जा रहा है। आगसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज शाह ने कहा कि आंदोलन के अगले क्रम में गोंडऊनाच एवं हुरुका के साथ 26 मार्च को विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर संजय गोंड, सुरेश शाह, विक्रम गोंड, अंकित कुमार, मुकेश गोंड, महेंद्र गोंड, रघुनाथ गोंड, श्रीपति गोंड, रामनारायण गोंड, अनिल गोंड, चंद्रेश गोंड, संतोष गोंड, कमलेश गोंड, शिवशंकर गोंड, अशोक गोंड, रामप्रवेश गोंड आदि मौजूद रहे।

# पत्रकार हत्याकांड को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, प्रदर्शन

**मांग**

### पत्रकारो ने शोक सभा करके जताया दुःख



**मऊ।** सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के मामले को लेकर मंगलवार की सुबह जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित होकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मऊ के माध्यम से पत्रकारों ने छह सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। यहाँ पर संगठन के जिलाध्यक्ष हरिद्वार ने कहा कि पत्रकार हमेशा सरकार की नीतियों को सबके सामने खबरों के माध्यम से प्रसारित करता है। सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलता है, लेकिन आज एक पत्रकार की हत्या के बाद सरकार की चुप्पी का राज समझ में नहीं आ रहा है। हमारी मांग है कि पत्रकार की विधवा को राजकोषीय मद से 50 लाख रुपए की आर्थिक मदद तथा पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं हत्यारे की तत्काल गिरफ्तारी तथा दोषियों के खिलाफ मुकदमा कराया जाए। साथ ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए, उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार के आदेश का जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर है, उसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। पत्रकार राघवेन्द्र बाजपेई की हत्या का खुलासा अतिशीघ्र किया जाए। जिलाध्यक्ष श्री राय ने कहा कि बड़े ही आश्चर्य की बात है कि उत्तर की पुलिस किसी मामले का खुलासा बहुत जल्दी कर देती है, लेकिन पत्रकार की हत्या का खुलासा एवं हत्यारों की गिरफ्तारी में इतना विलम्ब होना गले से नहीं उतर रहा है। अगर तीन दिन ते अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई तो पत्रकार सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होगें। जिलाधिकारी को पत्रक देने के लिए जयप्रकाश महामंत्री प्रदीप सिंह, आनंद गुप्ता, प्रवीण राय, विनोद सिंह, रंजीत राय, प्रकाश पांडेय, हरिओम राय, अप्पू सिंह, चंद्रप्रकाश तिवारी, अवधेश पांडेय, कल्याण सिंह, जितेन्द्र वर्मा, अजय गुप्ता, राजीव रंजन सिंह, षाहिद, मनोज, सुनील यादव, बृजराज, असरफ आदि शामिल रहे।

## होली पर छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ विशेष गाड़ी का होगा संचालन

मऊ। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01015/01016 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से 12 मार्च को तथा मऊ से 14 मार्च को 01 फेरे के लिये निम्नवत किया जायेगा। 01015 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ त्यौहार विशेष गाड़ी 12 मार्च को छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से 22.30 बजे प्रस्थान कर दादर, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव जं., भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, प्रयागराज छिवकी वाराणसी जं., जौनपुर तथा औंड़िहार होकर मऊ पहुँचेगी। 01016 मऊ-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 14 मार्च को मऊ, औंड़िहार, जौनपुर वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी, जबलपुर, भुसावल, नासिक रोड होते हुए तीसरे दिन दादर पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 08 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# हर मानसिक बीमारी पागलपन नहीं होती



सुनना, आत्महत्या के विचार आना, अत्यधिक आक्रामकता, बार-बार नकारात्मक विचार आना जैसे लक्षण मानसिक बीमारियों के संकेत हो सकते हैं।

### मानसिक बीमारियों से बचाव और समाधान

**मऊ।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी के प्रांगण में एक वृहद मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. बीके यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. वकील अली, डीआईओ डॉ. संजय गुप्ता, और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में डॉ. राहुल सिंह ने मानसिक रोगों के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान के बारे में जानकारी दी। डॉ. रविशंकर पांडेय ने इस धारणा को गलत बताया कि हर मानसिक रोग पागलपन होता है। उन्होंने कहा कि डिप्रेशन (अवसाद), अत्यधिक चिंता, घबराहट, नींद न आना या अधिक आना, अनजाने भय का अनुभव, काल्पनिक आवाजें नोडल अधिकारी डॉ. बीके यादव ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त लक्षणों का अनुभव करता है तो टेलीमनोस हेल्पलाइन नंबर 14416 या 18-891-4416 पर संपर्क कर सकता है। इसके अलावा, जिला चिकित्सालय स्थित ह्यमन कक्षह्न में विशेषज्ञों से परामर्श लेकर इलाज करवाया जा सकता है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. रविशंकर पांडेय ने कहा कि ह्लहर मानसिक रोगी पागल नहीं होता। समाज में यह धारणा गलत है कि मानसिक बीमारी का मतलब पागलपन होता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें, सही समय पर विशेषज्ञ से संपर्क करें और स्वस्थ जीवन जीएं। कार्यक्रम का संचालन अपर शोध अधिकारी सुनील सिंह ने किया।

## जनपद में रिक्त केन्द्रों पर 165 के सापेक्ष 146 केन्द्रों पर पाए गए पात्र अभ्यर्थी

**मऊ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि जनपद में कुल 165 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती का विज्ञापन 15 मार्च 2024 को प्रकाशित किया गया था जनपद में रिक्त केन्द्रों पर 165 के सापेक्ष 146 केन्द्रों पर पात्र अभ्यर्थी पाये गये हैं। शेष 19 केन्द्रों पर विभिन्न कारणों से पात्र अभ्यर्थी नहीं पाये गये हैं। प्रत्येक केन्द्र पर उपलब्धता के आधार पर दो अभ्यर्थियों की आंगनबाड़ी भर्ती शासनादेशानुसार बीपीएल, एपीएल एवं विधवा, परित्यक्ता को वरियता देते हुए समय-समय पर जारी आरक्षण प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए मेरिट सूची तैयार की गयी है। जिसमें से मेरिट गुणांक के आधार पर वरीयता को ध्यान में रखते हुए चयनित अभ्यर्थी तथा एक अभ्यर्थी को प्रतिक्षा सूची में रखा गया है। चयनित अभ्यर्थी के द्वारा निर्धारित अवधि में योगदान न करने या नियुक्ति आदेश के 90 दिन के अन्दर योगदान न करने पर प्रतिक्षा सूची वाले अभ्यर्थी का चयन जिलाधिकारी का अनुमोदन प्राप्त कर किया जायेगा। जनपद की कुल 10 परियोजनाओं में सर्वाधिक 34 अभ्यर्थियों का चयन रानीपुर परियोजना/विकास खण्ड में तथा सबसे कम 03 अभ्यर्थियों का चयन बड़रॉय परियोजना में हुआ है। 146 चयनित अभ्यर्थियों की सूची बाल विकास परियोजना कार्यालय, विकास खण्ड परिसर एवं जनपद स्तर पर विकास भवन में 12 मार्च को पूर्वान्ह 10 बजे चस्पा कर दिया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण 12 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे से नगर पालिका कम्यूनिटी डाल में किया जायेगा। जिसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को दे दी गयी है। अतः चयनित अभ्यर्थियों से अपील है कि 17 मार्च से 23 मार्च के बीच कार्यालय दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे के मध्य अपने समस्त स्वप्रमाणित अभिलेख एवं षपथ पत्र के साथ 23 मार्च 2025 के पूर्व योगदान आख्या बाल विकास परियोजना में अवश्य प्रस्तुत करें। 23 मार्च 2025 के पूर्व योगदान ग्रहण न करने वाले अभ्यर्थियों को कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा उस पद पर नियमानुसार प्रतिक्षारत सूची से पात्र अभ्यर्थी का चयन कर लिया जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित अभ्यर्थी का होगा। वर्तमान में जनपद में लगभग 50 पद ऑगनबाड़ी कार्यकत्री तथा 600 पद ऑगनबाड़ी सहायिका के रिक्त है। जिसका सम्भवतः यथाशिघ्र विज्ञापन प्रकाशित कर चयन प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी।

# डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**मऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी प्रवीण मिश्र ने ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के चारों तरफ लगाए गए सीसीटीवी कैमरो की सक्रियता, कंट्रोल रूम, कक्षवार विद्युत आपूर्ति, खिड़कियों एवम् रोशनदानों को सुरक्षित रखने के उपायो सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की अनवरत निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ही उन्होंने सुरक्षा गाड्र्स की शिफ्ट वार तैनाती सहित वेयरहाउस की अन्य सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर उप जिलाधिकारी अवधेश चैहान, रामकरन यादव, जयप्रकाश, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआईएम पार्टी, भारतीय जनता पार्टी तथा वरिष्ठ सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चुनाव आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया

**मऊ।** भारत के चुनाव आयोग सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओं के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए है। आज राजनैतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए परस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी अध्यक्ष ऑन और पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले पिछले सप्ताह ईएसआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचानए गए 28 हिट धारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हित धारक है। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960 चुनाव संचालन नियम 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश मैन्युअल और हैंडबुक (ईएसआई वेबसाइट पर) उपलब्ध ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## संक्षेप

### एसपी ने भ्रमण कर लोगों से किया संवाद



**बेल्थरारोड।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार की शाम कहा कि होली पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ और रमजान में रोजा चल रहा है। बिना हेलमेट के भारी संख्या में बाइक सवार मिले, जिनका पुलिस ने आनलाइन चालान किया। पुलिस का मकसद चालान करना नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा के लिए सभी को जागरूक करना है। कहा कि बलिया जिले के अंदर अब तक करीब 40 लोगों की मौत केवल दुर्घटना में हो चुकी है, जबकि आपराधिक मामलों में केवल चार लोगों की मौत हुई है। पुलिस अधीक्षक सिंह बेल्थरारोड नगर के पुलिस चौकी सीयर पर पहुंचे। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा सहित भारी पुलिस बल के साथ रेलवे स्टेशन चौराहा तथा रेलवे स्टेशन पहुंचकर पुलिस की गतिविधि का एहसास कराया। कहा कि पुलिस हर सहयोग के लिए जनता की सेवा में तत्पर रहेगी। उन्होंने पब्लिक से रमजान व होली पर्व को लेकर संवाद किया।

### मनोरोगियों को दिया गया जरूरी टिप्स

**बैरिया।** मनोरोग चिकित्सक डा. अनुष्का सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा परिसर में आयोजित मनोरोग चिकित्सा शिविर में कुल 102 रोगियों का मानसिक परीक्षण एवं इलाज किया गया। इस दौरान डा. अनुष्का सिन्हा ने रोगियों को जरूरी टिप्स दिए। बताया कि स्वस्थ मानसिक स्थिति के लिए क्या कुछ सावधानी बरतें? उन्होंने लोगों से अपील किया कि बिना संकोच उन्हें कोई भी मानसिक परेशानी हो रही हो तो बताएं। उसका निःशुल्क समुचित इलाज किया जाएगा। किसी भी रोग को छुपाने से स्थिति बिगड़ती है। कोई भी रोग किसी को भी हो सकता है। इसलिए निःसंकोच चिकित्सकों को अपनी परेशानी बतानी चाहिए। इस अवसर पर अधीक्षक डा. राजेश सरोज, डा. देवनीति सिंह, डा. सुमन मिश्रा, डा. काजिम, चीफ फार्मासिस्ट निर्भय नारायण शुक्ला, अमर कुमार पाल, सचिन कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जिले में गंगा को गंदा कर रहा कटहल नालाः रमाशंकर

**बलिया।** उत्तराखंड के टिहरी में गंगा की धार के साथ तकरार प्राकृतिक प्रतिकूलता का सृजन कर रही है। नदी सभ्यता के प्रति नादान हरकत हर स्तर पर अब भी बंद नहीं हुआ तो दुनिया में जीवन प्रणाली खतरे में पड़ जायेगी। उक्त बातें मंगलवार को दुबहर ब्लाक के बंधुचक स्थित एक विद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को गंगा का दर्द बताने के क्रम में गंगा मुक्ति एवं प्रदूषण विरोधी अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने व्यक्त किया। कहा कि गंगा साफ करने में अनियमितता की जा रही है। गंदे नाले गंगा में गिरने से रोकना होगा। नदी को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशों का पालन होना चाहिए। जिले में कटहल नाला गंगा को गंदा कर रहा है। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर डा. हरेन्द्र यादव, कौशल कुमार, विनोद, राकेश, रानी पाठक, ऋषि कुमार, रामावती देवी आदि मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** एक गांव में ट्यूशन पढ़ाने वाले एक शिक्षक की शर्मनाक करतूत सामने आई है। मामला फेफना थाना क्षेत्र के एक गांव का है, जहां ट्यूशन पढ़ने गई नौ वर्षीय बालिका के साथ ट्यूशन शिक्षक ने दुष्कर्म किया। घरवालों ने लोकलाज के भय से घटना की जानकारी तीन दिन तक किसी को नहीं दी। सोमवार को तहरीर मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांचपड़ताल शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को पियरिया चट्टी के समीप से गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि कक्षा चार में पढ़ने वाली एक बालिका अपने गांव आई थी। साथ के बच्चों के साथ ट्यूशन पढ़ने गई थी, जहां ट्यूटर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। लोक लाज के भय से परिजनों ने भी घटना की जानकारी किसी को नहीं दी थी। थाना प्रभारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी मंजीत सिंह पुत्र दयानंद सिंह निवासी सहदेश को मुखबिर की सूचना पर पियरिया चट्टी के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा पत्रक

**बैरिया।** आबकारी विभाग द्वारा दोकटी थाना क्षेत्र के बिहार बार्डर के निकट रामपुर कोड़रहा गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान स्वीकृत कर उसे लाटरी के माध्यम से आवंटित किए जाने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को ग्राम प्रधान समेत कई लोगों ने डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार से मिलकर पत्रक सौंपा। पत्रक में उल्लेख किया गया है कि ग्राम सभा रामपुर कोड़रहा मे अंग्रेजी शराब की नई दुकान आवंटन हुई है। इससे ग्रामवासियों में काफी आक्रोश है। क्योंकि बीच गांव में शराब की दुकान खुलने से ग्रामवासी काफी भयभीत है। रामपुर कोड़रहा गांव से बिहार बार्डर की दूरी मात्र 500 मीटर है। बिहार के लोग तथा अराजक तत्व गांव में आकर बवाल करेंगे। घर से महिलाओं को बाहर निकलना दुभर हो जाएगा। सरकार की मंशा एवं शासनादेश के विपरीत रामपुर कोड़रहा में आवंटित अंग्रेजी शराब की दुकान को ग्रामीणों ने निंदनीय बताया है। पत्रक देने वालों में ग्राम प्रधान सुभाष, धनलाल, अमरजीत, सूचित, पप्पू, नारद, लाल साहब, कृष्ण, ब्रिज किशोर, बलभद्र आदि शामिल रहे।

### अभिजीत सिंह अंकुर बने संयुक्त महामंत्री

**बलिया।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त महामंत्री की जिम्मेदारी अभिजीत सिंह अंकुर को दी गयी है। अध्यक्ष जितेंद्र सोनी, महामंत्री योगेंद्र सिंह व संगठन महामंत्री संत मिश्र ने प्रदेश के एक दर्जन से अधिक युवा पदाधिकारियों को मनोनीत करते हुए उनके नामों की घोषणा की है। अंकुर सिंह को संयुक्त महामंत्री बनाये जाने पर जनपद में खुशी का माहौल है और व्यापारियों की तरफ से उन्हें बधाई दी गयी। अंकुर सिंह को प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा, प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील पांडेय, बलिया जिलाध्यक्ष टुनटुन सराफ, जिला महामंत्री संजीव कुमार डंपू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी तिवारी, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री हरिनारायण गुप्ता, सुमित साहू, अरुण, विशाल, संदीप गुप्ता, अतुल पाठक, अजय गिरी, अंकित, संदीप, आशीष शर्मा आदि ने बधाई दी है।

### पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

**मऊ।** पुलिस कार्यालय में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक इलामारन जी द्वारा सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को प्रशस्ति पत्र दिया गया तथा नये उत्साह के साथ कार्य करने को प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय हैं किं उक्त टीमों द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत शीतला माता मंदिर में हुई चोरी का सफल अनावरण किया गया है। जिससे आमजन में पुलिस विभाग की छवि और अच्छा हुआ है। साथ ही साथ महोदय द्वारा उक्त टीमों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। उक्त टीम जिसमें क्षेत्राधिकारी नगर अंजनी कुमार पाण्डेय, प्रभारी नि. कोतवालीनगर अनिल कुमार सिंह, प्रभारी नि0 दक्षिणटोला धर्मेन्द्र सिंह, प्रभारी स्वाट, एसओजी, सर्विलांस सेल प्रमोद सिंह, उ.नि. अनिल द्विवेदी, उ.नि. ओमसिंह, उ.नि. सुनील कुमार, उ.नि. अमित कुमार, उ.नि. हरिकेश यादव, हे.का. राकेश यादव, का. बृजेश मौर्य, का. अश्वनी गोंड सर्विलांस सेल, हे.का. सुशील यादव, हे.का. अजय यादव, हे.का. विनोद कुमार, का. कमलेश ठाकुर, का. ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, का. अविवाश धर दूबे, का. अनिरूद्ध सिंह, का. रिषभ द्विवेदी स्वाट/एसओजी टीम को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

### आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष ने अपनी पूरी टीम के साथ घोसी नव निर्माण मंच किया ज्वाइन

**मऊ।** घोसी नव निर्माण मंच की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अपने कार्यक्रमों और जनता के कल्याण में किए गए कार्यों व उठाए गए मुद्दों की वजह घोसी नव निर्माण मंच आज मऊ जिले का लोकप्रिय संगठन बनता जा रहा है। भारी मात्रा में स्थानीय लोग इस संगठन से जुड़ रहे हैं। घोसी नव निर्माण मंच के पूर्व में घोसी नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष रहे आसिफ गांधी पिछले दिनों आजाद समाज पार्टी में चले गए थे। कल उन्होंने फिर से आजाद समाज पार्टी छोड़कर घोसी नव निर्माण मंच ज्वाइन कर लिया है। यह हमारे परिवार के लिए बड़ी ताकत देने वाली बात है। परिवार के लिए काफी खुशी की बात है। अपना तो अपना होता है हमारे यहां पर जो भी आयेगा, सबका स्वागत है। आप मंच के साथ एक बार कार्य कर लिए तो मंच आप का हो गया। आप सबसे निवेदन है कि आप एक बार मंच के साथ जुड़िए, हमारे साथ कार्य करिए, वोट लेने के लिए नहीं बल्कि जनता का कार्य करने के लिए यह संगठन बनाया गया है। आप परिवार के सदस्य हो गए तो हमारे दिल में बने रहेंगे हम और हमारी टीम आपके साथ सदैव खड़े रहेंगे। हम सब मिलकर क्षेत्रीय नेतृत्व को बहाल करेंगे और अपने क्षेत्र को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाएंगे।

### रजतेश्वर महादेव मंदिर के भंडारे में उमड़ा भक्तों का रेला

**दोहरीघाट, मऊ।** विगत तीन वर्ष पूर्व श्रावण मास के प्रथम सप्ताह में सरयू नदी से उत्पन्न चांदी के शिवलिंग मिलने के बाद दोहरीघाट मे बाबा मेलाराम मंदिर परिसर मे स्थापना कर पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया करने के उपलक्ष्य में तीसरे स्थापना वर्ष को लेकर मंदिर समिति द्वारा विशेष पूजन आरती के उपरान्त भव्य महा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपस्थित श्रद्धालु भक्तगण ने प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे मे रिटायर्ड अपर जिला जज संतराम यादव की पत्नी पुनम यादव, सीओ घोसी दिनेश दत्त मिश्रा, थाना प्रभारी दोहरीघाट प्रमेन्द्र कुमार कुमार सिंह, गुलाब चंद्रगुप्त, राजीव, विनोद, महेश उमर, श्रीकांत सोनी, संतोष, सुरेंद, उमेर्श, आजाद, मनोज, अजय साहू, संदीप साहू, सनोज साहनी, बृजेश साहनी, मोनू साहनी, हरिकेश, विनय बबलू राय, समेत हजारों भक्तगण मंदिर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे। मंदिर के संस्थापक व संरक्षक व्यवस्थापक महंत मेलाराम ने सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया।

# वाहन के धक्के से युवक की मौत

**साथी घायल**

## ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाइवे पर देर रात्रि को हुआ हादसा

जनसंदेश न्यूज


मृतक विजयशंकर (फाइल फोटो)।

**रेवतीपुर।** सुहवल थाना क्षेत्र के मेदनीपुर गाँव स्थित एक ढाबा के समीप बीते देर रात्रि को ताड़ीघाट-बारा नेशनल हाईवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जिसमें अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक विजयशंकर उर्फ वीरबहादुर पटेल उम्र करीब 25 वर्ष की? मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिछे बैठा कन्हैया पटेल उम्र करीब 27 वर्ष निवासी सुहवल गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में? लेकर पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित मोर्चरी हाउस भेंजवा दिया। वहीं घायल को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले गये। जहाँ उसकी हालात गम्भीर देख चिकित्सकों ने उसे वाराणसी रेफर कर दिया। जहाँ उसकी हालात अभी गम्भीर बनी हुई है। वहीं इस बड़े सड़क हादसे की सूचना पुलिस ने ज्योहिं मृतक और घायल दोनों के परिजनों को दी तो उनमें कोहराम मच गया। मृतक की मां कांती देवी सहित पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था,जबकि इस हादसे के बाद से ही पूरे गाँव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के परिजनों ने इस हादसे के मामलें अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चालक और वाहन की तलाश में जुट गई। मगर कोई कामयाबी नहीं मिल सकी। पीड़ित परिजनों ने बताया कि मृतक अपने पांच भाईयों में सबसे छोटा था,जो पलंम्बर मिस्त्री का काम करता था। परिजनों ने बताया कि मृतक अपने बगल के एक अन्य दोस्त के साथ जिला अस्पताल में भर्ती गाँव के ही एक आदमी को देखने बाइक से जा रहे थे,कि इसी दौरान मेदनीपुर ढाबा से कुछ दूरी पहले ही एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक विजयशंकर उर्फ वीरबहादुर पटेल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पिछे बैठा कन्हैया पटेल? गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक के पिता बाढू उर्फ रामविलास घर पर ही रहते है। प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि हादसे में मृत युवक के शव को कब्जे में ले पीएम के लिए भेंजा गया है,जबकि घायल का वाराणसी में इलाज जारी है,बताया कि धक्का मारने वाले वाहन और चालक की तलाश जारी है।

### बाइक से गिरकर महिला की मौत

**जखनिया।** कोतवाली भुडकुडा अंतर्गत हुसनपुर गांव निवासी शकुंतला देवी पत्नी रवि राम 45 वर्ष की बाइक से गिरकर मौत हो गई। शकुंतला देवी अपने घर से जखनिया बाजार में आवश्यक कार्य हेतु आ रही थी। नहर रोड पर साधन न होने से उनके पति रवि राम ने जखनियां जा रहे बाइक सवार को रोककर गाड़ी पर बैठा दिया। रास्ता ठीक न होने से महिला की साड़ी बाइक के चक्के में फंस गई। जिससे गिरकर उसके सिर में गंभीर चोटे आई। गिरने के बाद लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जखनियां लाए। लेकिन स्थिति नाजुक होने पर जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक भुडकुडा शैलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि बाइक से गिरकर महिला की मौत हुई है अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# किराने की दुकान का चोरों ने चटकाया ताला, दो लाख गायब

जनसंदेश न्यूज

**बेखौफ**

## कस्बा बाजार चौधरी मुहल्ले की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**जमानियां।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा बाजार चौधरी मोहल्ला स्थित एक किराने की दुकान में सोमवार देर रात चोरों ने धावा बोल दिया।

चोर करीब दो लाख रुपये नकद और दुकान में रखा सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना किया और जांच शुरू कर दी है। चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। पीड़ित दुकानदार इरफान अहमद ने बताया कि सोमवार को रोजे की वजह से उन्होंने शाम 5 बजे दुकान बंद कर दी थी। मंगलवार सुबह नगर पालिका के सफाईकर्मी की नजर दुकान के खुले दरवाजे पर पड़ी, तो उसने तत्काल इरफान अहमद को सूचना दी। जब दुकानदार मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान का मुख्य दरवाजा खुला था, सीढ़ी के पास लगा दरवाजा टूटा हुआ था, और पहली मंजिल की हमेशा बंद रहने वाली खिड़की भी खुली मिली। दुकान में सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले में रखे दो लाख रुपये गायब थे। पीड़ित के अनुसार, चोर छत के रास्ते खिड़की से अंदर घुसे और सीढ़ी के पास लगे दरवाजे को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया।

चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर मुख्य दरवाजे से बाहर निकल गए। ज्ञात हो कि बीते एक माह में करीब चार चोरी की घटना हो चुकी है। जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। जिसको लेकर कस्बा बजार के व्यपारी सतेन्द्र वर्मा, तारकेश्वार वर्मा, मुन्ना गुप्ता, जगदीश प्रसाद सेठ, अनुपम वर्मा, कुमार वर्मा, संजय जायसवाल, विशाल वर्मा, राजू रतन सिंह, मोहम्मद आरीफ, सोनू शेख, प्रिंस जायसवाल, श्रवण कुमार गुप्ता आदि ने नगर में बढ रही चोरी की घटनाओं को लेकर प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया है।

वही पीड़ित ने कोतवाली में घटना की तहरीर दी। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुरागों की पड़ताल कर रही है।

### दावत खाकर लौट रहे युवक पर हमला, चार पर मुकदमा दर्ज

**गहमर।** गांव में दावत खाकर घर लौट रहे युवको पर चार लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने युवक की भाई के तहरीर पर गांव के ही चार लोगों पर मुकदमा दर्जकर घायल को मेडिकल के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा भेज दिया।विकास यादव पुत्र शंकर यादव निवासी गांव गहमर पट्टी खेलूराय ने बताया कि बीते शुक्रवार की देर रात को मेरा भाई विनय यादव अपने मित्र अरविन्द सिंह पुत्र अंजनी सिंह निवासी गहमर पट्टी खेलूराय के साथ गांव में सिद्धार्थ सिंह उर्फ गोनू के घर से दावत खा कर दोनों घर लौट रहे थे। कि विक्की सिंह पुत्र गांधी सिंह, चन्दन सिंह पुत्र स्व ध्रुवनरायण सिंह, अंकुर सिंह उर्फ उज्जवल, विरभान सिंह के भांजा अंकित सिंह पूर्व नियोजित घात लगाए एक राय होकर रास्ते में अचानक लाठी-डंडे हांकी, लात-घूंसे से हमला कर दिया जिससे दोनो घायल हो गए। मारपीट में घायल दोनों की चीखने-चिल्लाने व सोर सराबा सुनकर आस-पास के लोगों को मौके पर आता देख कर सभी जान-माल की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा है।

# ट्रांसफॉर्मर ब्लॉस्ट मामले में लाइनमैन गिरफ्तार

**कार्रवाई**

## अवैध तरीके से आइस फैक्ट्री पर लगाया जा रहा था विद्युत ट्रांसफॉर्मर, ब्लॉस्ट होने पर चार लोग झुलसे थे

जनसंदेश न्यूज

**दिलदारनगर।** अवैध तरीके से लगे विद्युत ट्रांसफार्मर ब्लास्ट मामले में पुलिस ने एक आरोपी लाइनमैन को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की तलाश में पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। उसिया के मोती नगर में आइस फैक्ट्री के लिए अवैध तरीके से विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया।

जिसमें चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। इस मामले में उर्जामंत्री के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसमे एक आरोपी लाइनमैन मंटू कुशवाहा को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्त मन्टू कुशवाहा पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी ग्राम खजुरी को ग्राम खजुरी कर्मनाशा नदी पुलिया के पास सुबह करीब 8.30 बजे गिरफ्तार किया गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी अभियुक्त

दरअसल, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ट्रांसफार्मर ब्लास्ट होने से चार लोगों के घायल होने के मामले में बड़ा एक्शन लिया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ट्रांसफार्मर लगाने और लगवाने की प्रक्रिया में सीधे रूप से शामिल लाइनमैन मंटू सिंह कुशवाहा एवं सब स्टेशन ऑफिसर आजाद सिंह कुशवाहा को बर्खास्त कर उनकी सेवा समाप्त कर दी गई है। इसके अलावा जेई शशिकांत पटेल एवं एसडीओ कमलेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मंटू और ठेकेदार सद्दाम खान निवासी उसिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### दस मिनट के अंदर ट्रांसफॉर्मर हुआ था ब्लॉस्ट

उसिया ग्राम सभा अंतर्गत मोतीनगर में 25 केवीए का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला हुआ था। जिसे बदलने के लिए बीते रविवार को टेंपो से दूसरा ट्रांसफार्मर आया। पुराना ट्रांसफार्मर उतारकर नया सुबह नौ बजे उसे लगाया गया और बिजली आपूर्ति शुरू कराई गई लेकिन, 10 मिनट बाद जैसे ही आपूर्ति चालू हुई कुछ देर बाद ही ट्रांसफार्मर में धमाका हुआ और वह फट गया। ट्रांसफार्मर का खौलता तेल फौव्वारे की तरह राहगीरों पर पड़ा। इससे उसिया गांव निवासी महताब खान (46), महताब खान (28) साहिल उर्फ अदनान खान (18) और बारा निवासी कृष्णा राजभर (17) गंभीर रुप से झुलस गए। सभी लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## संक्षेप

### लाइनमैनों में सुरक्षा उपकरण वितरित



**दिलदारनगर।** विद्युत दुर्घटनाएं के रोक थाम हेतु मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र दिलदार नगर में कार्य दाई संस्था मेसर्स पावर ग्रिड सिस्टम वाराणसी के मैनेजर विनय तिवारी एवं अवर अभियंता सुरेश कुमार 33/11 के वी उपकेन्द्र दिलदारनगर/ चित्रकोंनी द्वारा सभी लाइन मैन को सुरक्षा उपकरण का वितरण किया गया। सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सुरक्षित वातावरण में केवल कुशल लाइनमैन को ही सुरक्षित शटडाउन करने के बाद ही कार्य कराने के लिए एसएसओ को आदेशित किया गया। अन्य आवश्यक विभिन्न सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाने तथा सुरक्षा उपकरण का प्रयोग हेतु प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का अनुरोध कार्य दाई संस्था मेसर्स पावर ग्रिड सिस्टम वाराणसी के मैनेजर विनय तिवारी को पत्र के माध्यम से सुरक्षा उपकरण का लिस्ट यथा शीघ्र उपलब्ध कराए जाने हेतु मांग पत्र अवर अभियंता सुरेश कुमार 33/11 केवी उपकेन्द्र दिलदार नगर/ चित्रकोंनी द्वारा दिया गया।

### पत्रकार की हत्या के बाद पत्रकारों में आक्रोश, सौंपा पत्रक

**गाजीपुर।** सीतापुर जिले में वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की आठ मार्च को हुई नृशंस हत्या के मामले को लेकर पत्रकार एसोशिएशन गाजीपुर के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह के नेतृत्व में पत्रकारों ने राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम डीएम के माध्यम से पत्रक सौंपा।जिलाधिकारी के प्रतिनिधि मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी को पत्रक दिया गया। सीतापुर के इमलिया सुल्तानपुर क्षेत्र में नेशनल हाईवे-30 पर अज्ञात बदमाशों ने वरिष्ठ पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की बेरहमी से हत्या कर दी। 40 वर्षीय राघवेंद्र वाजपेई की हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पत्रकारों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर कब तक पत्रकारों पर इस तरह के हमले होते रहेंगे, क्या सरकार पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगी। मामले में पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह ने कहा कि घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। हम मांग करते हैं कि अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा दी जाए। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार को ठोस कानून बनाना चाहिए। मौके पर विनय कुमार, आलोक त्रिपाठी, आशुतोष, अशोक, देव ब्रत विश्वकर्मा, दीपक, रविकांत, विनोद गुप्ता, शशिकान्त तिवारी, दुर्ग विजय, अनिल उपाध्याय आदि पत्रकारगण मौजूद रहे।

### दो युवक गंभीर रूप से घायल

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के भदौरा देवल मार्ग पर विद्युत केंद्र सेवराई के पास सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। सेवराई गांव निवासी बिट्टू शर्मा (26 वर्ष), पुत्र श्याम बिहारी शर्मा गांव के पास सड़क पर टहल रहे थे। इसी बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक आशु कुशवाहा (16 वर्ष), पुत्र रुदल कुशवाहा, निवासी बकसड़ा भी इस हादसे में घायल हो गए। सड़क हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने आशु कुशवाहा की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।जिला अस्पताल में भी स्थिति नियंत्रण नहीं होने के वजह से चिकित्सकों ने मंगलवार को घायल को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया । बिट्टू शर्मा की प्राथमिक इलाज के बाद हालत नियंत्रित कर चिकित्सकों ने अस्पताल से छुट्टी दे दी ।इस संदर्भ सेवराई चौकी प्रभारी पुष्पेश दूबे ने बताया कि दुर्घटना की कोई भी सूचना नहीं मिला है।

### ट्रक चालक का मिला शव

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के हैदरिया हाईवे पर ट्रक चालक का शव ट्रक में मिलने से सनसनी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि मृत चालक कामिल पुत्र हाजी इजाजुल डिगरपुर थाना मेनाधेर जनपद मुरादाबाद का रहने वाला है । घटना के समय वह मुरादाबाद से ट्रक लेकर बिहार जा रहा था। हैदरिया के पास ट्रक खड़ाकर खाना खाने के बाद ट्रक में सो गया। उन्होंने बताया कि सम्भवतः हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि मृतक के भाई शाहंशाह की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### इग्नू में प्रवेश की अंतिम 15 मार्च

**गाजीपुर।** इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) जनवरी,2025 सत्र के लिए के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। यह जानकारी इग्नू अध्ययन केंद्र 27101,पी.जी.कॉलेज के समन्वयक प्रोफे (डॉ) सत्येंद्रनाथ सिंह ने बताया कि इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय में परास्नातक, स्नातक डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा और सर्टिफिकेट सहित कुल 30 कोर्स इस केंद्र से संचालित होते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन मोड में चल रहा है इसमें इच्छुक विद्यार्थी इग्नू की पर जाकर स्वयं प्रवेश ले सकते हैं जो विद्यार्थी जुलाई सत्र में किसी कारणवश नामांकन कराने से वंचित रह गए हैं वह जनवरी, 2025 सत्र में नामांकन लेकर अपनी उच्च शिक्षा को दूरस्थ माध्यम से पूरा कर सकते हैं। नामांकन की अंतिम तिथि 15 मार्च तक है।

### कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

**मुहम्मदाबाद।** महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश भारत संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश के क्रम में मंगलवार को मोहम्मदाबाद तहसील सभागार में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें 40 नवजात बच्चियों के जन्म की खुशी मनाते हुए उनको बधाईयां दी गयी व उप-जिलाधिकारी मोहम्मदाबाद डॉ0 हर्षिता तिवारी द्वारा बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनको अच्छे से पालन पोषण देने के साथ उनको शिक्षित कर आत्म निर्भर बनाने हेतु बच्चियों के परिजनों को प्रेरित करते हुए उनकी माताओं को उपहार स्वरूप बेबी किट एवं तौलिया का वितरण किया गया। इसके साथ ही बच्चियों को शासन द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी दी गई । इस अवसर पर मुहम्दाबाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र अधीक्षक डॉ० आशीष राय ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संजीव कुमार वन स्टॉप सेंटर मैनेजर प्रियंका प्रजापति चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार सिंह व आशा आदि उपस्थित रहे।

# रिहायशी झोपड़ी में लगी आग, जानवरों का चारा व गृहस्थी का सामान राख

**नुकसान**

## गृह स्वामी को बस्ती के लोगों ने बंधाया ढांढस, सबमर्सिबल आदि चला कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे

जनसंदेश न्यूज


करहिया गांव में आगलगी के बाद जले सामान को देखती पीड़ित महिला।

**गहमर।** करहिया गांव निवासी बचना राजभर की रिहायशी झोपड़ी में सोमवार की मध्यरात्रि के बाद में आग लग गई। इससे उसमें रखा जानवरों का चारा समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। आशंका जताई जाती है कि विद्युत शार्ट सर्किट के चलते आग लगी।

आस-पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। बचना राजभर पुत्र स्व. सामू राजभर उत्तरी दलित बस्ती में अपने परिवार के साथ झोपड़ी बनाकर रहता है। गृह स्वामी हर दिन के भांति खाना खाने के बाद देर रात्रि को परिवार के साथ बगल में बने सीमेंट शेड के घर में सो गए। मध्य रात्रि के बाद लगभग एक बजें धुआं व आग की लपटे देखकर गृहस्वामी जग गए।

गृहस्वामी परिवार के साथ यह दृश्य देख रोने बिलखने लगे। और चिखने-चिल्लाने लगे।

गृहस्वामी व आसपास के लोग कुछ समझ पाते कि देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। गृह स्वामी को समझाते बुझाते बस्ती के लोग समरसेबल आदि चला कर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। जब तक लोग आग पर काबू पाते तबतक झोपड़ी में रखी जानवरों का चारा, अनाज, बिस्तर समेत गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि अग्निशमन दल को सूचना दी गई बावजूद इसके वह मौके पर नहीं पहुंचा।

ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से पीड़ित गृहस्वामी को आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

### मौसम बदलने से बढ़ गए बुखार निमोनिया और त्वचा के मरीज

**गाजीपुर।** धूप से गर्मी और रात की ठिठुरन का अहसास कर रहे लोगों की सेहत पर बदलता मौसम भारी पड़ रहा है। निजी और सरकारी अस्पतालों में निमोनिया, बुखार और त्वचा रोग से पीड़ित लोग पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों ने करीब माह भर सावधानी बरतने का सुझाव दिया है। फरवरी-मार्च के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता है। बदलते मौसम में तापमान से तालमेल बिठाने में शरीर को समय लगता है। इम्यून सिस्टम पर दबाव पड़ने से बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने की क्षमता प्रभावित होती है। धूप में भी हवा में नमी की अधिकता होती है। हल्का पसीना होने पर लोग साफ सफाई पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। इसलिए बैक्टीरिया, वायरस आसानी से हमला कर देते हैं। मंगलवार को मेडिकल कॉलेज ओपीडी में करीब 400 मरीज बुखार, निमोनिया और त्वचा रोग से संबंधी पहुंचे। जिन्हें दवा दी और जरूरी जांच हुई। निजी चिकित्सक डॉ. आशीष ने बताया कि हल्का सा संक्रमण भी सर्दी, खांसी, फ्लू जैसे वायरल इंफेक्शन की वजह बन रहा है। शुरूआत गले के संक्रमण से होती है। फिर बासी भोजन भी जल्दी खराब हो जाता है। टिफिन का सेवन करने वाले लोग गैस्ट्रोइंटाइटिस की चपेट में आ जाते हैं।

# आधार कार्ड में संशोधन के लिए लगी लंबी लाइनें, लोग परेशान



**गाजीपुर।** आधार कार्ड में संशोधन के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रधान डाकघर और बैंकों के बाहर सुबह से ही आधार कार्ड में संशोधन कराने के लिए लोगों की लंबी कतार लग रही हैं, लेकिन आधार कार्ड काउंटर की कमी के कारण लोगों को शाम तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने वाली हैं। प्रवेश के लिए आधार अनिवार्य है, लेकिन छोटे बच्चों के आधार न बनने और त्रुटि होने के कारण आधार काउंटरों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। कचहरी रोड स्थित प्रधान डाकघर पर ज्यादा बुरा हाल है। यहां सुबह से ही टोकन वितरण शुरू हो जाता है और करीब 50 लोगों का ही एक दिन में आधार संशोधन हो पाता है। ऐसे में शेष लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ता है। इसके साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर बैंकों में भी आधार कार्ड के लिए काउंटर खोले गए हैं, लेकिन डाकघर के साथ ही बैंकों में भी काउंटर की कमी होने के कारण लोगों को आधार कार्ड बनवाने और संशोधन के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। इस समस्या को लेकर जिम्मेदारों का कहना है कि फिलहाल डाकघर में आधार कार्ड में संशोधन के लिए एक ही काउंटर चल रहा है, जिस कारण समिति लोगों के ही आधार कार्ड संशोधित या बन पाते हैं। जल्द ही आधार कार्ड में संशोधन करने के काउंटर की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे लोगों को राहत मिल सके।

# होली पर पकवान : घर का जायका भूले, रेडीमेड का भा रहा स्वाद

## होली में पारंपरिक लजीज पकवानों में हो गया बदलाव


दुकान पर सजे रेडीमेड पकवान।

**गाजीपुर।** होली में घरों पर बनने वाले पारंपरिक लजीज पकवानों में काफी बदलाव आ गया है। आज लोग त्योहार को तो मना रहे हैं लेकिन घरों पर बनने वाले पकवानों में दिलचस्पी नहीं है। जिन पकवानों के लिए महीनों पहले से तैयारियां चलती थीं, वह आज रेडीमेड बाजार पर निर्भर हो गई है। बुजुर्ग महिलाएं बताती हैं कि होली की तैयारी के लिए महीनों पहले से आलू, चावल, बेसन खरीद कर रखा जाता था। इससे चिप्स, पापड़ और कचरी तैयारी की जाती थी। वहीं, जिन घरों में पर्याप्त दूध होता था वह अपने घरों के साथ दूसरों के लिए खोया (मावा) तैयार करते थे। होली पर गांवों में व्यवहार की परंपरा के चलते लोगों को कच्चे व पक्के पकवान दिए जाते थे। त्योहार वाले दिन घर पर आने वाले मेहमानों के लिए उनकी पसंद के पकवान गुझिया, कचौड़ी, कचरी, पापड़, खीर, पूड़ी समेत तमाम व्यंजन बनाकर परोसे जाते थे। वह दौर ही कुछ और था, जब लोग मिल जुल कर त्योहार मनाते थे। किसी में कोई भेदभाव नहीं होता था। दरवाजे पर आने वाले हर किसी को खुशी के साथ रंग लगाने और बिना खिलाए वापस नहीं जाने दिया जाता था। आज के दौर में काफी बदलाव आ गया है। लोग आज घरों में तैयार किए जाने वाले पकवानों से दूर हो गए हैं।

**स्थानीय गिरजा देवी** बताती हैं कि पहले घर की महिलाएं फरमाइश पूरी करने में एक महीन से जुट जाती थी। त्योहार पर बनने वाले पकवानों से लेकर कई तरह के रंग, अबीर, गुलाल लाकर घर पर रखना त्योहार की खुशियों को दोगुना कर देते थे। हर तरफ उल्लास नजर आता था। लोग होली जलाने के लिए आतुर दिखाई देते थे मगर अब सब कुछ काफी पीछे छूट गया है।

**लालमुनी देवी** बताती है कि हैं कि होली में महीनों पहले बनने वाले पकवान महीनों बाद तक चलते थे। इसमें मेवा वाली अलग और गुड़ वाली अलग गुझिया शामिल होती थी। पड़ोस के लोगों को बुलाकर खिलाना और उनके साथ रंग खेल कर ठिठोली करने का मजा ही कुछ और था। अब सब कुछ बदल गया है, अब तो लोग पर के बजाए होटल व बाजारों से बनी बनाई गुझियां लाकर खाना पसंद कर रहे हैं।

**शिवकुमारी** का कहना है कि कहना है कि हम लोग बालपन में बसंत पंचमी के बाद से ही होली खेलना प्रारंभ कर देते थे। घर-घर में भौजाई सारे भौजाइयों को किसी न किसी दिन रंग लगा देना हंसी ठिठोली करना आदि होता रहता था। ससुराल में घर के बड़े बुजुर्ग पुआ पकवान बनाने में लगी रहती थी और हम लोग होली खेलने में मशगुल आस-पड़ोस से प्रेम था।

**शेरपुर कलां निवासी गीता चौबे** बताती हैं कि वसंत पंचमी के बाद से होली त्योहार की तैयारी शुरू हो जाती थीं, जहां घरों में साफ सफाई का दौर चलता था। वहां पकवान बनाने के लिए व्यवस्थाएं जुटनी शुरू हो जाती थीं। होलिका दहन के बाद होलिका से लाई गई आग से चूल्हा जलाया जाता था, जो दो दिन तक जता रहता था। गुझिया पापड़ आदि बनाए जाते थे।

# फागुन आते ही शुरू हो जाती थी रंगों की बौछार


श्रीनिवास चौबे।


अरविंद नाथ राय।


नारायण उपाध्याय।

जनसंदेश न्यूज

**रायशुमारी**

## आधुनिकता के दौर में फीका पड़ा फाग और जोगीरा

**गाजीपुर।** होली बस चार दिन बाद है। अब होली में कई तरह के रंग है। सुमधुर सुरों संग सजने वाली होली में हंसी ठिठोली का रंग फीका दिख रहा है। आधुनिक जीवनशैली ने पारंपरिकता के रंग को फीका कर दिया है। होली सबसे जुदा मस्ती और रंगों का त्योहार है। गांवों में कई दिनों पहले होली शुरू होती है, लेकिन अब यह मात्र दिनों की यादों में ही सिमटती जा रही है। रंगों के प्रति युवाओं में न उत्साह न उमंग है। बंसीबाजार राधेनगर के 77 वर्ष के पंडित श्रीनिवास चौबे अतीत के पन्ने उलटते हुए बताते है कि एक समय था कि मकर संक्रांति पर अपनी बेटी-बहनों को खिचड़ी पहुंचाने की परंपरा थी। जब उनके ससुराल खिचड़ी पहुंचाने जाने के बाद मेहमान को विदाई के समय घर की महिलाएं रंग से सराबोर कर देती थी। वहीं वसंत ऋतु में किसी मांगलिक कार्य में घर आए मेहमानों की विदाई भी रंग फेंक कर की जाती थी। अब समय ने बहुत कुछ को बदल कर रख दिया है और ना तो उल्लास ही है। अब तो फाग गायन का राग भी फीका फीका सा हो चुका है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर मंडली पूरे महीने फाग के गीत गाते थे। उन गीतों में गालियों का समावेश होता था। जिनमें गालियों के माध्यम से एक-दूसरे पर टांटिंग कसते थे। जिनको सुनकर मन मस्ती में झूम उठता था। अब वो यादों में रह गया है।

### डिजिटल क्रांति ने रुझान बदला

चंदनवाहा नगर के 70 वर्ष पूरे कर चुके अरविंद नाथ राय ने बदलते दौर की चर्चा करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति के इस दौर में युवाओं का रुझान अब अपनी परंपरा से दूर होता जा रहा है। होली के पर्व के पूर्व अपने प्रियजनों के संग हंसी ठिठोली कि वह शुद्ध बोली नहीं सुनाई देती है। जोकि अपनी मयार्दाओं के बीच हुआ करती थी। इसके स्थान पर भद्दे मजाक और हंसी ठिठोली ने होली के स्वरूप को विकृत करना शुरू कर दिया है जोकि तथाकथित सभ्य समाज के रंग को बदरंग करके रख दे रहा है। शेरपुर कलां निवासी 65 वर्ष पूरे कर चुके नारायण उपाध्याय कहते हैं कि होली के अवकाश के अवसर पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर इस त्योहार की रस्म अदायगी भर की जा रही है। पहले प्रतिदिन शाम को ढोल मंजीरे, ढफली के साथ हम लोग टोली बना कर होली के पास जाकर के फागुन गीत गाया करते थे। समय बदलता गया और पारंपरिक होली के गीतों की परपंरा भी विलुप्त होती गई।

## जनसंपादकीय

# ट्रंपवाद से उदार लोकतंत्र खतरे में

**शांतम निधि**



डोनाल्ड ट्रंप का 2025 में दोबारा राष्ट्रपति बनना इस बात की पुष्टि करता है कि पूरी दुनिया में अधिनायकवाद की ओर बढ़ते रुझान को अब और नकारा नहीं जा सकता। उनके प्रशासन ने सत्ता संभालते ही आक्रामक नीतियाँ लागू की हैं–बड़े पैमाने पर निर्वासन (डिपोर्टेशन), व्यापार युद्ध, 6 जनवरी के दंगाइयों को माफी, और जन्मसिद्ध नागरिकता (बर्थराइट सिटिजनशिप) को खत्म करने की कोशिश – ये सभी एक तानाशाही राज्य की विशेषताएँ हैं। अमेरिका में उनके सत्ता में लौटने से समाज में गहरी विभाजन रेखाएँ उभर आई हैं, कांग्रेस में तीव्र विरोध हुआ है, और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव बढ़ा है।

लेकिन ट्रंपिज्म केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है; यह वैश्विक फासीवादी प्रवृत्तियों का हिस्सा है। पूरी दुनिया में, व्लादिमीर पुतिन (रूस), नरेंद्र मोदी (भारत), जायर बोल्सोनारो (ब्राजील), जॉर्जिया मेलोनी (इटली) जैसे नेता लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर, असहमति को कुचलकर और राष्ट्रीय पहचान को संकीर्ण विचारधाराओं के आधार पर गढ़कर सत्ता को केंद्रीकृत कर रहे हैं।

ट्रंप की वापसी उदार लोकतंत्र की विफलताओं को भी उजागर करती है। लोकतंत्र की रक्षा करने का दावा करने वाली संस्थाएँ–न्यायपालिका, मीडिया, और राजनीतिक प्रतिष्ठान–या तो उनके दोबारा सत्ता में आने को रोकने में विफल रहीं या उन्होंने इसे सक्रिय रूप से संभव बनाया।



लेकिन ट्रंप सिर्फ एक नेता नहीं हैं; वे पूँजीवाद और शासन के गहरे संकट के लक्षण हैं। उनकी सत्ता उदारवादी वैश्विक व्यवस्था के पतन और एक नए, अधिक हिंसक और बहिष्कारी राजनीतिक दौर के उभरने का संकेत है। यह लेख ट्रंप के शासन को वैश्विक फासीवाद के युग के रूप में देखेगा, यह विश्लेषण करेगा कि उनकी सरकार ने उदार लोकतंत्र की कमजोरियों को कैसे उजागर किया, और उनके उदय का भारत जैसे देशों पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

यदि ट्रंप का पहला कार्यकाल लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षरण के लिए जाना जाता है, तो दूसरा कार्यकाल सत्ता को स्थायी रूप से केंद्रीकृत करने और विपक्ष को कुचलने का है। राष्ट्रपति बनने के कुछ हफ्तों के भीतर, ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों (इमिग्रेंट्स) को गिरफ्तार करने और निर्वासित करने के लिए संघीय एजेंसियों को अधिक शक्ति दी। बर्थराइट सिटिजनशिप को खत्म करने का उनका प्रयास, जिसे पहले असंवैधानिक माना जाता था, यह संकेत देता है कि उनका प्रशासन नागरिकता को नस्लीय और राष्ट्रवादी मानकों के अनुसार परिभाषित करना चाहता है।

ट्रंप की आर्थिक नीतियाँ राष्ट्रवाद और पूँजीवादी हितों के मिश्रण पर आधारित हैं। उन्होंने चीन, कनाडा, और मैक्सिको पर भारी टैरिफ लगाए, जिससे वैश्विक व्यापार अस्थिर हो गया। हालाँकि वे 'अमेरिकी नौकरियों की रक्षा' का दावा करते हैं, असल में उनकी नीतियाँ बड़े उद्योगपतियों और कॉर्पोरेट संस्थाओं को फायदा पहुँचाने वाली हैं, जबकि इससे श्रमिक वर्ग को नुकसान होता है।

सबसे खतरनाक परिवर्तन राज्य समर्थित दक्षिणपंथी आतंकवाद का है। 6 जनवरी के दंगाइयों को माफी देने से लेकर अर्धसैनिक समूहों को खुला समर्थन देने तक, ट्रंप ने राजनीतिक हिंसा को वैध बना दिया है। उनके कार्यकाल में न्यायपालिका को भी निष्ठावान समर्थकों से भर दिया गया है, प्रशासन से असहमत अधिकारियों को हटा दिया गया है, और मीडिया को 'जनता का दुश्मन' करार दिया गया है। इन सबका परिणाम यह है कि अमेरिका सिर्फ शब्दों में नहीं, बल्कि संस्थागत रूप से अधिनायकवाद की ओर बढ़ रहा है।

ट्रंप का दोबारा चुना जाना केवल उनकी जीत नहीं है; यह इस बात का प्रमाण है कि उदार लोकतंत्र फासीवाद से लड़ने में पूरी तरह विफल हो चुका है। इतिहास गवाह है कि उदारवाद ने हमेशा फासीवाद को समायोजित किया है। 1930 के दशक में यूरोपीय लोकतांत्रिक शक्तियाँ हिटलर और मुसोलिनी के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में विफल रहीं क्योंकि वे पूँजीवादी स्थिरता को प्राथमिकता दे रही थीं। 2025 में, अमेरिका के आर्थिक और राजनीतिक अभिजात वर्ग ने ठीक यही गलती दोहराई है। उन्होंने ट्रंप को रोकने के बजाय उनके शासन के साथ समायोजन कर लिया है। पिछले 40 वर्षों में, अमेरिका में नौकरियों की कमी, मजदूरी की ठहराव और आर्थिक असमानता ने आम जनता को हताश कर दिया है। डेमोक्रेटिक पार्टी इस समस्या का कोई वास्तविक समाधान देने में विफल रही, जिससे ट्रंप ने आप्रवासियों, चीन और 'वैश्विक अभिजात वर्ग' को दोषी ठहराकर लोगों का समर्थन जुटा लिया।

हमने देखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका की संवैधानिक प्रणाली फासीवाद को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। ट्रंप के खिलाफ महाभियोग (इम्पीचमेंट) असफल रहा, और आगे उनके द्वारा नियुक्त रूढ़िवादी (राइट-विंग) जज दशकों तक अमेरिकी नीतियों को प्रभावित करेंगे।

मीडिया और फासीवाद का लाभकारी रिश्ता भी द्रष्टव्य है। कॉर्पोरेट मीडिया ने ट्रंप के शासन से भारी मुनाफा कमाया है। विवाद और ध्रुवीकरण से टीआरपी बढ़ती है, जिससे समाचार नेटवर्क उनकी नीतियों की आलोचना करने के बजाय उन्हें विवादास्पद स्टार के रूप में प्रस्तुत करने में अधिक रुचि रखते हैं।

ट्रंप का अधिनायकवादी शासन एक वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा है। यूरोपीय देश फ्रांस, इटली और जर्मनी में दक्षिणपंथी पार्टियाँ ट्रंप की नीतियों को अपने एजेंडे के लिए मॉडल की तरह इस्तेमाल कर रही हैं। भारत में मोदी सरकार ट्रंप की ही तरह सत्ता केंद्रीकृत कर, असहमति को कुचलकर, और धार्मिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देकर शासन कर रही है। ब्राजील, अर्जेंटीना और फिलीपींस जैसे देशों में दक्षिणपंथी नेताओं ने ट्रंप के राजनीतिक मॉडल को अपनाया है।

सार रूप में कह सकते हैं कि ट्रंप की वापसी पूरी दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों के गिरते प्रभाव को वैधता प्रदान करती है। भारत के लिए ट्रंप का दूसरा कार्यकाल एक चेतावनी और सबक दोनों है। मोदी सरकार पहले ही मीडिया दमन, कॉर्पोरेट राष्ट्रवाद, और लोकतांत्रिक संस्थाओं के क्षरण को तेज कर रही है। साथ ही, ट्रंप की वापसी यह भी दिखाती है कि केवल चुनाव और कानूनी संस्थाएँ फासीवाद को नहीं रोक सकतीं। जैसा कि अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी असफल रही, भारत में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल हिंदुत्व की चुनौती का कोई ठोस समाधान नहीं दे पाए हैं। ऐसे में वास्तविक विकल्प केवल जन आंदोलनों, श्रमिक संघर्षों, और जमीनी संगठनों में निहित है। भारत में किसान आंदोलन और उअअ विरोध जैसे संघर्षों ने दिखाया कि जनता के प्रतिरोध की शक्ति क्या हो सकती है। पूरी परिघटना का निष्कर्ष है कि उदार लोकतंत्र फासीवाद को हरा नहीं सकता। यह उसके सामने समर्पण करेगा या उसमें समाहित हो जाएगा। केवल क्रांतिकारी संघर्ष ही अधिनायकवादी सत्ता को चुनौती दे सकता है।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्क - 7678256912)**

# डल्लेवाल का उपवास: विश्वसनीयता और गरिमा की पुनर्बहाली

## समय-संदर्भ

**प्रेम सिंह**



जगजीत सिंह डल्लेवाल के उपवास के सौ दिन पार हो चुके हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के तत्वावधान में रखी गई किसानों की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य समेत अन्य मांगों, सरकार से होने वाली तद्विषयक वाताओं और संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के साथ ताल-मेल जैसे विषयों पर भविष्य में चर्चा चलती रहनी है। और जगजीत सिंह डल्लेवाल का उपवास भी। उपवास और ज्यादा दिनों तक खिंचता है तो उपवास के 'मरण-व्रत' बनने का भय भी बना रहेगा।

दिल्ली के शिंघू बॉर्डर पर 2020-21 में हुए किसान प्रतिरोध के परिणाम स्वरूप तीन कृषि कानूनों को सरकार ने वापस लिया था। तभी से यह यक्ष-प्रश्न भी सामने खड़ा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्रों के निगमीकरण की तेजी से बढ़ती रफ्तार के साथ देश का विशाल कृषि क्षेत्र कैसे बचा रह सकता है! निगमीकरण के साढ़े तीन दशक के बाद बन कर सामने आए निगम भारत में जिस निजी पूंजी का पूजा-पर्व चल रहा है, उसके बारे में अर्थशास्त्रियों ने अभी यह सवाल उठाया ही नहीं है कि निजी पूंजी में सार्वजनिक धन की लूट का कितना हिस्सा है! आशा की जानी चाहिए की प्रोफेसर अरुण कुमार जैसे अर्थशास्त्री, जिन्होंने यह बताया है कि भारत की अर्थव्यवस्था में काले धन का कितना हिस्सा है, इस केंद्रीय प्रश्न पर भी विचार करेंगे। जो भी हो, किसानों और कारपोरेट शक्तियों की भिड़ंत में निर्णायक फैसला जल्दी होने की उम्मीद नहीं है।

लेकिन जगजीत सिंह डल्लेवाल के सौ दिन पार उपवास के लिए यह अभी और निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि वह अन्याय के खिलाफ अहिंसक प्रतिरोध के इतिहास में दर्ज हो गया है। इस उपवास का महत्व और ज्यादा बढ़ जाता है जब हम पाते हैं कि उसने उपवास की विश्वसनीयता, गरिमा और मजबूती की पुनर्बहाली की है। मैं यहां प्रायोजित और आत्म-प्रचार के लिए किए जाने वाले उपवासों का उल्लेख नहीं करना चाहता। अपनी मांगों के लिए खनौरी बॉर्डर पर पिछले एक साल से ज्यादा से जारी संघर्ष के संयोजक अभिमन्यु कोहाड़ ने शिकायत की है कि मीडिया ने 2011 में अन्ना हजारे के 13 दिनों के उपवास को दिन-रात कवर किया, लेकिन उसका अल्पांश भी जगजीत सिंह डल्लेवाल के लंबे उपवास का नहीं किया।

दरअसल, यह तुलना ही गलत है। यह सच्चाई शुरू में ही सामने आ गई थी कि अन्ना हजारे मीडिया के लिए उपवास करते थे। उस उपवास-प्रकरण में शामिल शक्तियां और उनकी मंशा भी कोई छिपी हुई सच्चाई नहीं थी। उसका परिणाम भी वैसा ही निकल कर सामने आया झ भारत का राष्ट्रीय और सामाजिक जीवन निगम-सांप्रदायिक गठजोड़ (कारपोरेट-कम्यूनल नेक्सस) की कड़ी गिरफ्त में आ गया।

जगजीत सिंह डल्लेवाल के सत्याग्रह उपवास में लगातार गंभीरता, गरिमा और विनम्रता बनी रही है। जगजीत सिंह डल्लेवाल और आंदोलन में शामिल किसान नेताओं/समर्थकों ने उपवास-स्थल को भाषणबाजी का मंच नहीं बनाया। इससे यह विश्वास पैदा हुआ है कि 'बोलने से पहले तौलने' का प्रमाणित जीवन-मूल्य वाचालता के कोलाहल में नष्ट नहीं हो गया है। कहना न होगा कि जगजीत सिंह डल्लेवाल की इस उपवास को लेकर पूरी मानसिक तैयारी थी। उपवास पर बैठने से पहले उन्होंने अपने जिम्मे के कुछ दुनियावी फर्ज निपटाए थे, और उधर से विरक्त हो गए थे। तब उनके कुछ पूर्व सहयोगियों को भी एहसास नहीं था कि वे सचमुच उपवास के साथ 'मरण-व्रत' पर बैठने जा रहे हैं।

जगजीत सिंह डल्लेवाल के उपवास के साथ वाकई प्रतिरोध के अहिंसक तरीके की एक छोटी-सी क्रांति हुई है झ सत्याग्रह, सविनय नागरिक अवज्ञा, उपवास के बूते एक अकेले व्यक्ति का अन्याय के प्रतिरोध में निर्भय होकर डट जाना। वैश्विक स्त्रोतों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए मोहनदास गांधी ने प्रतिरोध के इस तरीके का प्रयोग भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में किया था। डॉक्टर राममनोहर लोहिया ने गांधी की ह्लअहिंसक कार्य-प्रणाली को उनकी सीख का सबसे ज्यादा क्रांतिकारी मर्मह्व बताते हुए लिखा हैः ह्लइसलिए, असली बात है व्यक्तिगत और आदतन सिवल नाफरमानी। हमारे युग की सबसे बड़ी क्रांति कार्य-प्रणाली की है, एक ऐसी कार्य-पद्धति के द्वारा अन्याय का विरोध जिसका चरित्र न्याय के अनुरूप है। यहां सवाल न्याय के स्वरूप का उतना नहीं है, जितना उसे प्राप्त करने के उपाय का। वैधानिक और व्यवस्थित प्रक्रियाएं अक्सर नाकाफी होती हैं। तब हथियारों का इस्तेमाल उनका अतिक्रमण करता है। ऐसा न हो, और मनुष्य हमेशा वोट और गोली के बीच ही भटकता न रहे, इसलिए सिविल नाफरमानी की कार्य-प्रणाली संबंधी क्रांति सामने आई है। हमारे युग की क्रांतियों में सर्वप्रमुख है हथियारों के विरुद्ध सिविल नाफरमानी की क्रांति ... । ('मार्क्स गांधी एण्ड सोशलिज्म', पृष्ठ ७७७-)

यह सामान्य समझ की बात है कि सरकार द्वारा वापस लिए गए तीन कृषि कानून उसी अथवा बदले हुए रूप में लागू किए जाएंगे। सरकार ने कह भी दिया था, 'कानून वापस लिए जा रहे हैं, पूर्णतः रद्द नही किए गए हैं।' देश के राजनैतिक और बौद्धिक इलीट के बीच बनी नवउदारवादी सर्वसम्मति (निओलिबरल कन्सेंसस) के चलते यह होना ही है। लेकिन इससे प्रतिरोध की न जरूरत कम हो जाती है, न मूल्य। जब तक देश का एक भी नागरिक निगमीकरण के खिलाफ और स्वतंत्रता, स्वावलंबन एवं संप्रभुता का पक्षधर है, प्रतिरोध की जरूरत और मूल्य बना रहेगा।

सरकारें गोली चला सकती हैं। चुनावों में धांधली भी कर सकती हैं। लेकिन सरकार के फैसलों से असहमत नागरिकों के पास अपने प्राणों की बाजी लगा कर प्रतिरोध करने का रास्ता हमेशा उपलब्ध है। जगजीत सिंह डल्लेवाल का यह सत्याग्रह-उपवास सरकार के निगमवादी आदेशों के खिलाफ उनके और उनके सहयोगियों की खुली अहिंसक बगावत है। लोहिया ने अपने उपर्युक्त कथन के अंत में जोड़ा है, ह्लयद्यपि वास्तविक रूप में यह क्रांति अभी तक कमजोर ही रही है।ह्व खनौरी बॉर्डर पर चल रहा उपवास और प्रतिरोध लोहिया के अंदेशे के बरक्स एक आश्वासन है; इसने अन्याय के खिलाफ अहिंसक प्रतिरोध को पुनर्जीवित किया है और इसकी विश्वसनीयता, गरिमा और ताकत में एक नया विश्वास पैदा किया है।

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं।)**

# नमक सत्याग्रह और महिलाएं

## प्रसंगवश

**चित्रा माली**



जनवरी 1930 में गांधी जी ने इरविन के नाम एक ग्यारह सूत्री अल्टीमेटम जारी किया जिसमें आम तथा खास मांगें एक साथ रखी गईं। इन मांगों में संपूर्ण शराबबंदी, सियासी कैदियों की रिहाई, सेना के खर्च में कटौती एवं सेना के अफसरों के वेतन में कमी,शस्त्र अधिनियम में बदलाव,सीआईडी का सुधार,रुपया स्टर्लिंग की दरें कम करना,टेक्सटाइल सुरक्षा,तटीय जहाजरानी का भारतीयों के लिए आरक्षण,भू-राजस्व में पचास प्रतिशत की कटौती,नमक कानून तथा नमक पर सरकारी एकाधिकार की समाप्ति की मांग शामिल थी। इसके एक माह बाद गांधी जी ने घोषणा की कि वे नमक सत्याग्रह की शुरूआत के रूप में साबरमती से दांडी तक पद यात्रा (मार्च) करेंगे तथा दांडी के तट पर गैरकानूनी रूप से नमक बनाएंगे। दांडी यात्रा की पूर्व संध्या पर गांधी जी ने घोषणा की कि उनके नमक कानून को तोड़ने के साथ ही सारे देश में नमक का गैरकानूनी निर्माण शुरू कर दिया जाए। इसके साथ-साथ विदेशी वस्त्रों और शराब का बहिष्कार किया जाए। इसके अतिरिक्त गांधी जी ने सत्याग्रहियों को अहिंसक,सत्यनिष्ठ होने के साथ साथ अपने स्थानीय नेताओं के आदेशों का पालन करने की हिदायत भी दी। 12 मार्च 1930 का दिन भारतीय राजनीति में बहुत ही ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण दिन था। आज ही के दिन गांधी जी ने अपने 71 अनुयायियों के साथ साबरमती आश्रम (अहमदाबाद)से दांडी तक 240 मील तक के एक लंबे मार्च की शुरूआत की थी। यात्रा के संपूर्ण रास्ते में जिधर से गांधी जी निकलते थे वहां के स्थानीय अधिकारी उन्हें त्यागपत्र सौंप देते थे। गुजरात के बलसाड़ जिले के पाटीदारों ने गांधी जी से अनुमति प्राप्त कर भू-राजस्व का भुगतान ठप कर दिया था। दांडी यात्रा का काल्पनिक चित्रण रिचर्ड एटनबरो की फिल्म ह्लगांधीह्व में देखा जा सकता है। जिसमे चारों दिशाओं से लोग मुख्य मार्ग पर गांधी का अनुसरण करते हुए मार्च करते हैं , कमाल की अनुशासनबद्धता को इसमें देखा जा सकता है। दांडी यात्रा में लोग अपने गांव की सीमा से गांधी का स्वागत करते हुए दूसरे गांव की सीमा तक गांधी को विदा करते थे। जिनमें अधिक संख्या में महिलाएं होती थीं जो गांधी को देखना और सुनना चाहती थीं। बिना किसी दिशा निर्देश के ये गांधी के स्वानुशासित लोग थे जिसकी कल्पना गांधी ने की थी।

दांडी यात्रा के लिए गांधी जी के द्वारा चुने गए 71 लोगों में से एक भी महिला को न शामिल करने के कारण राष्ट्रवादी महिलाओं में खासी नाराजगी उभरी। सरोजनी नायडू, मृदुला साराभाई और खुर्शीदबेन (दादा भाई नौरोजी की पौत्री) ने गांधी जी को पत्र लिखा जिसमें महिलाओं को इस आंदोलन में शामिल करने के अनुरोध के साथ यह मांग भी की कि भारत की किसी भी समस्या के समाधान में महिलाओं की उपस्थिति के बिना कोई भी सम्मेलन या संगठन का आयोजन व्यर्थ है। भारत की आजादी के लिए आयोजित किसी भी यात्रा,आंदोलन, प्रदर्शन,प्रतिरोध में महिलाओं की भागीदारी को रोकना भी एक प्रकार का अन्याय है जो अनुचित भी है। 'स्त्री धर्म' की संपादक मार्ग्रेट कूजिंस ने अपनी पत्रिका के माध्यम से गांधी जी के इस निर्णय की आलोचना की। नमक सत्याग्रह से महिलाओं को इस आंदोलन से दूर रखने के अपने तर्क भी गांधी जी ने प्रस्तुत किए थे। गांधी जी ने तर्क दिया था कि जिस प्रकार हिंदू लोग गाय पर आक्रमण नहीं करते हैं उसी प्रकार अंग्रेज सरकार महिलाओं पर हिंसा करने से परहेज करती हैं। जिस प्रकार से युद्ध भूमि में गाय को साथ लेकर जाना कायरता की निशानी है उसी प्रकार किसी भी आंदोलन में महिलाओं को साथ लेकर जाना भी एक प्रकार की कायरता है। गांधी जी अपने इस निर्णय पर दृढ़ रहे लेकिन अपने आप को निर्दोष साबित करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि उन्होंने महिलाओं के लिए मात्र नमक कानून तोड़ने के छोटे से काम के बजाय उन्होंने उनकी 'बड़ी भूमिका' तय की है। दांडी यात्रा के अंतिम दिन सरोजिनी नायडू यात्रा में शामिल हुई। नमक सत्याग्रह में गिरफ्तार होने वाली वे पहली महिला थी। गांधी और उनके अनुयायियों ने 6 अप्रैल 1930 को दांडी के तट पर नमक को अपनी मुट्ठी में लेकर प्रतिरोध किया था। क्योंकि नमक पर ब्रिटिश सरकार ने 'कर' लगा दिया था। इसे हम दांडी मार्च,नमक सत्याग्रह,सविनय अवज्ञा आंदोलन के नाम से जानते हैं। दांडी यात्रा की समाप्ति दिन 6 अप्रैल के बाद समूचे देश में सत्याग्रहियों ने नमक बना कर कानून को तोड़ा, विदेशी वस्तुओं और शराब का बहिष्कार शुरू कर दिया। कांग्रेस कमेटी ने सारे देश में सत्याग्रहियों का नेतृत्व करने के लिए महिलाओं का चयन किया। सत्याग्रह आयोजित करने के लिए प्रकोष्ठ बनाए गए तथा उसके नेता को तानाशाह (डिक्टेटर) का नाम दिया गया। डिक्टेटर के रूप में कार्य करने के लिए सरोजिनी नायडू, लाडो रानी जुत्शी,कमला नेहरू, हंसा मेहता, सत्यवती,अवंतिकाबाई गोखले, पार्वतीबाई,रुक्मणि लक्ष्मीपति,पेरिन,गोशीबेन कैप्टन, लीलावती मुंशी,दुगार्बाई देशमुख तथा कमला देवी चट्टोपाध्याय के अतिरिक्त कई अन्य महिलाओं को डिक्टेटर के रूप में कार्य करने के लिए चुना गया। इस दौरान बड़े पैमाने पर नेताओं की गिरफ्तारी हो रही थी इसलिए किसी भी डिक्टेटर का कार्यकाल बहुत छोटा होता था। समूचे देश की लाखों महिलाओं ने नमक सत्याग्रह में शामिल होकर नमक बनाना तथा कानून तोड़ना शुरू कर दिया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में पहली बार भारतीय महिलाओं की व्यापक सहभागिता को नमक सत्याग्रह में देखा जा सकता है। अनेक राष्ट्रवादी महिलाओं पर इसके प्रभाव को रेखांकित करते हुए नमक सत्याग्रह के पहने दिन कमला देवी चट्टोपाध्याय ने अपने सारगर्भित भाषण में इसे एनी बेसेंट, सरोजिनी नायडू और मार्ग्रेट कूजिंस की तर्ज पर अत्यंत 'यादगार' क्षण बताया। उन्होंने इस बात जोर दिया कि भारतीय महिलाएं विनम्र और पराक्रमी हैं। हालांकि नमक सत्याग्रह में भाग लेने के लिए कुछ ही महिलाओं का औपचारिक चयन हुआ है लेकिन इसके माध्यम से भारतीय क्रांति ने 6 अप्रैल 1930 की सुबह पहली अंगड़ाई ली है जो कि शाम ढलते-ढलते समूचे देश में एक विशाल आंदोलन के रूप में फैल गई है। इस अविस्मरणीय दिन हजारों महिलाएं गवीर्ले सिपाही की तरह लंबे-लंबे कदम उठाती हुई समुद्र में कूद पड़ीं। परंतु उन्होंने हथियारों की जगह मिट्टी, तांबे तथा पीतल की गगरियां और वर्दी की जगह साधारण भारतीय परिधान साड़ी पहन रखी थी।....हजारों जवान,बूढ़ी, अमीर और गरीब महिलाएं अपने सामाजिक बंधनों को तोड़कर नमक सत्याग्रह में एक साथ कूद पड़ीं। वे नमक के छोटे-छोटे पैकेट लेकर गलियों के कोनों पर खड़ी हो जाती और जोरदार आवाज में चिल्लाकर कहतीं 'हमने नमक कानून तोड़ दिया है और अब हम आजाद है। है कोई आजादी का नमक खरीदने वाला? उनकी आवाज व्यर्थ नहीं जाती उनके आसपास से गुजरनेवाला हर शख्स रुकता और उनसे नमक खरीद कर गर्व महसूस करता। सविनय अवज्ञा आंदोलन के दूसरे चरण में ह्लकर और राजस्वह्व के नागरिकों के बहिष्कार के फलस्वरूप सरकार ने घरों के सामान, उपकरण और जमीन को जब्त करना शुरू कर दिया था। बाद में, जब्त सामान की नीलामी भी की जाती थी। इन नीलामियों का बहिष्कार महिलाओं के द्वारा किया गया जो सविनय अवज्ञा में उनकी सक्रिय भूमिका को दर्ज करता है। 1930 के दशक में ही महिलाओं को पुलिस के दमन का सामना भी करना पड़ा। महिलाओं के जुलूसों पर लाठीचार्ज किया गया, धरने पर बैठी महिलाओं को गिरफ्तार कर सजा भी दी गई। धरसाना में महिला सत्याग्रहियों के साथ पुलिस ने लाठीचार्ज किया और बढ़ी संख्या में गिरफ्तारियां की गई। विरमगांव की दो सौ महिलाएं आंदोलनकारियों के लिए पानी लेकर रेलवे स्टेशन गई थी। वहां पर पुलिस ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। जुलाई 1930 में तिलक की सालगिरह मनाने के लिए हंसा मेहता के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस पर लाठीचार्ज किया गया तथा कमला नेहरू, अमृता कौर,मणिबेन पटेल और हंसा मेहता समेत लगभग सौ महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया गया। मद्रास में पुलिस ने महिला सत्याग्रहियों पर लाठीचार्ज के अलावा दूसरे तरीके भी अपनाए। इन तरीकों में से एक था घेराव करने वाली महिलाओं पर पानी की तेज धार फेंकना। 25 जनवरी 1932 के 'द हिंदू' समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ कि 'दो महिला कार्यकताओं पर पुलिस ने यह तरीका अपनाया जिसके कारण वे बेहोश हो गई। पुलिस ने किसी को भी उनकी सहायता के लिए उनके पास नहीं जाने दिया। मद्रास नगर निगम ने इसका विरोध किया तो पुलिस ने यह तरीका त्याग दिया गया। अक्टूबर 1930 में मध्यप्रदेश में वन कानून का उल्लंघन करने वाली सत्याग्रहियों पर पुलिस ने गोलियां चलाई जिसके परिणामस्वरूप दो गोंड आदिवासी महिलाओं की मृत्यु हो गई। यह सभी कृत्य गांधी जी की अंग्रेजों की सभ्यता संबंधी अवधारणा के विरुद्ध थे जिसकी वे दलील दे रहे थे और महिलाओं को आंदोलनों में सक्रिय सहभागिता से रोक रहे थे। पंजाब में सरला देवी चौधरानी के नेतृत्व में चरखा कातने और विदेशी चीजों के बहिष्कार पर बल दिया गया। सविनय अवज्ञा आंदोलन के बाद कई महिला संगठनों का निर्माण हुआ जिसमें महत्वपूर्ण संगठन देश सेविका संघ,नारी सत्याग्रह समिति,महिला राष्ट्रीय समिति,महिला राष्ट्रीय संघ,लेडीज पिकेटिंग बोर्ड,स्त्री स्वराज्य संघ आदि। महिला संगठनों ने मुख्य रूप से जुलूस,धरने,खादी का प्रचारझप्रसार,चरखा चलाने का प्रशिक्षण इत्यादि कार्यों को संगठन के दैनिक एजेंडे में शामिल किया था। गांधी जी नमक सत्याग्रह में सविनय अवज्ञा को साधन के रूप में इस्तेमाल करते हैं और व्यापक जनसमूह का समर्थन प्राप्त करते हैं,जिसमें आधी आबादी ने प्रमुखता से हिस्सा लिया था और गांधी जी द्वारा चलाए गए हर आंदोलन में अपनी निर्णायक भूमिका तय की। गांधी जी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह आंदोलन में महिलाओं की सहभागिता ने उन्हें महिलाओं की आत्मबलिदानी एवं कष्ट सहन करने की असाधारण क्षमताओं का अहसास कराया। आनेवाले वर्षों में गांधी जी ने महिलाओं के अनिवार्य रूप से आत्मबलिदानी स्वभाव को एक सिद्धांत के रूप में प्रतिपादित किया जो कि नैतिक सिद्धांतों के आधार पर अहिंसक युद्ध के लिए सर्वाधिक उपयुक्त था। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद के आंदोलनों में और खासकर पर्यावरणीय आंदोलनों में महिलाओं के कुशल नेतृत्व व सक्रिय सहभागिता को देखा जा सकता है उदाहरण के लिए चिपको आंदोलन,नर्मदा बचाओ आंदोलन,आप्पिको आंदोलन और भी कई आंदोलनों को इस सूची में शामिल किया जा सकता है। इन आंदोलनों में महिलाओं के द्वारा गांधीवादी तरीकों का प्रयोग किया गया। अपने सभी आंदोलनों को महिलाओं ने अहिंसक प्रतिरोधों व नए तरीकों से संचालित किया है और समूचे विश्व में आज भी कर रही हैं।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता)**

# होली पर सर्जिकल स्ट्राइक्स

**अरविंद तिवारी**



होली से पहले जिसने भी मुझे ठंडाई में भंग मिलाकर दी थी,उसके पीछे ईडी पड़ जाए,यह मेरी हार्दिक कामना है।होली पर मैं अपने मन की बात कर रहा हूं।मुझे मन की बात कहने के लिए आखिरी महीने के सप्ताह का इंतजार नहीं करना है।भंग खाए घंटों बीत गए पर भंग का नशा अभी तक उसी तरह चढ़ा हुआ है,जैसे इक्यावन सौ का लोकल पुरस्कार पाने वाला बंदा कई वर्ष तक उस पुरस्कार के नशे में झूमता रहता है!तो इस होली पर मेरे साथ पहली सर्जिकल स्ट्राइक यह भंग वाला प्रकरण ही है।बंदे ने ऐसी जगह सर्जिकल स्ट्राइक की कि मैं सही सही सोच भी नहीं पा रहा हूं।हमने हाल के वर्षों में पाकिस्तान पर एक जोरदार सर्जिकल स्ट्राइक की थी।आप कल्पना करो,यदि उसी वक़्त चीन,रूस के साथ अफगानिस्तान भी पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक कर देते,तो उसका हाल क्या होता!एक साथ कई सर्जिकल स्ट्राइकस कोई भी देश नहीं झेल पाता।हम इस होली पर झेल गए हैं। मैंने कैसे इतनी सर्जिकल स्ट्राइकस झेली हैं,मेरा जीव ही जानता है!

होली पर मेरे ऊपर दूसरी सर्जिकल स्ट्राइक तब हुई जब एक स्थानीय जनप्रतिनिधि ने होली की स्मारिका में उसको दी गई उपाधि के लिए मुझे धमकाया।उसने मुझे देख लेने की धमकी दी है।दरअसल हर साल हमारे शहर में छपने वाली होली की स्मारिका में टाइटल देने का काम मुझे सौंपा जाता है।इस बार मैंने नेताजी को'घोटालों का विश्व रिकार्ड' नामक उपाधि दे दी।नेताजी किसी नए घोटाले के लिए निकल रहे थे,तभी उनकी नजर मेरे दिए हुए टाइटल पर पड़ गई।उनका मूड खराब हो गया।नए घोटाले का प्रोग्राम फिलहाल उन्होंने स्थगित कर दिया है।अब वह नया घोटाला मुझसे निबटने के बाद ही करेंगे!मित्रों ने मुझे बहुत समझाया था,जो जैसा है,उसे वैसी उपाधि नहीं देनी चाहिए।बंदा बुरा मान जाता है।पर हमारी जिद ने हमें मुसीबत में डाल दिया।नदी में रहकर मछलियों से तो वैर मोल लिया जा सकता है,मगर 'मगर' से लेना खुद ही अपने ऊपर सर्जिकल स्ट्राइक का आमंत्रण है!

तीसरी सर्जिकल स्ट्राइक होली से ऐन पहले घटी। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत पर हम बहुत खुश थे।मोहल्ले के युवा जीत का जश्न मनाने और मिठाई बांटने के नाम पर हमसे चंदा ले गए। खुशी खुशी में हमने चंदा कुछ ज्यादा ही दिया।इसी कार्य के लिए हमारे पुत्र से भी चंदा वसूल लिया गया।उसने भी दिल खोलकर चंदा दे दिया।मोहल्ले की लड़कियों ने इसी जश्न के लिए पुत्रवधू से सैकड़ों रुपए ले लिए।मुझे लगा हमारे शहर में टीम इंडिया की जीत का जो जश्न मन रहा है,हमारे पैसों से ही मन रहा है।मन में आया इंडिया की टीम जब ट्राफी लेकर दुबई से लौटे तो उस ट्रॉफी को छीनकर अपने घर रख लें।बहरहाल हमने परिजनों को सख्त हिदायत दे दी है, होली के चंदे में इस तरह की गलती नहीं होनी चाहिए।

होली से पहले हुए कवि सम्मेलन में उस समय मुझे सर्जिकल स्ट्राइक झेलनी पड़ी,जब एक श्रृंगार रस की सुंदर कवयित्री के बाद मुझे कविता पढ़ने के लिए खड़ा कर दिया गया।माइक ने भी मेरे खिलाफ एक सर्जिकल स्ट्राइक कर दी थी।इको बढ़ा हुआ था और वॉल्यूम बेहद कमजोर।राहत इतनी थी कि श्रोताओं ने मेरे खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक नहीं की।पारिश्रमिक की सर्जिकल स्ट्राइक अलग से झेलनी पड़ी।जो कहा गया था वह नहीं मिला।इधर होली पर ही मैंने पुस्तक मेले से लाई गई एक युवा रचनाकार की नई किताब को पढ़ना शुरू किया।इस किताब ने नए तरह की सर्जिकल स्ट्राइक कर दी।मैं इस लेखक की दो किताबें पहले पढ़ चुका था।इस तीसरी किताब ने यह भ्रम तोड़ दिया कि वह हमेशा अच्छा लिखता है।मैं पुस्तक पूरी करने तक इस सर्जिकल स्ट्राइक को जानबूझकर झेलता रहा।

## व्यंग्य

होली पर अचानक डायबिटीज का बढ़ जाना उसी तरह की घटना है,जैसे उस गाड़ी का केंसिल हो जाना, जिससे आप यात्रा करने वाले थे।मैं परिजनों को चटखारे लेकर पकवान खाते उसी तरह देखता रहा,जैसे लेखन के चक्कर से दूर रहने वाले,मंच के कवियों को पैसा कमाते देखता हूं।पैरोडी वाले छुटभैया तक,एक लाख ले रहे हैं।ये कवि,मंच पर मेरे साथ ही चढ़े थे।हम उतर आए,वे चढ़े रह गए।

बहरहाल इतने तरह की सर्जिकल स्ट्राइक्स,मैं इसलिए भी झेल पाया,क्योंकि धोखे से खिलाई गई भंग का नशा इस व्यंग्य के लिखे जाने तक तारी है।मैं भले ही मिठाई नहीं खा पा रहा हूं पर यदि आप मेरे घर आएं, तो खुशी खुशी मिठाई खिलाऊंगा।होली की शुभकामनाएं।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

# श्रीमानजी को लगभग मना कर दिया

**भूपेन्द्र भारतीय**



श्रीमानजी को पहली बार किसी मामले में मना नहीं किया गया है। इससे पहले भी जनता ने उन्हें लगभग मना ही कर दिया था। लेकिन वे माने नहीं और उन्होंने लोकतंत्र की कसमें खा खाकर जनता को मना लिया था। जितनी बार जनता ने मना किया श्रीमान फिर नाक रगड़ते हुए जनता के दरबार में पहुंच जाते। भविष्यवाणियां करते। वादे करे, प्रायोजित थप्पड़ खाते, भोलेपन के सारे करतब दिखाते, ऐसे में जनता फिर मान जाती ! लोकतंत्र में जनता भोली जो ठहरीं।

वैसे लगभग मना करने की कला का आविष्कार श्रीमानजी ने ही किया है। वे इस कला का प्रयोग अपनी राजनीतिक दुकान चलाने के लिए समय समय पर करते आये हैं। इसमें जनता भी फंसी ओर उनके प्रतिद्वंद्वी भी। यहां तक की उन्होंने इस कला से अपने ही दल के कई स्वघोषित राज्यसभा सदस्यों को लगभग मना करते हुए घर बिठा दिया । धीरे धीरे रे मना वाली गति से उन्होंने अपने दल को अपने शीशमहल तक ही सीमित कर लिया। जो महल में आता उसे धीर धीरे लगभग मना ही करते जाते। जो नहीं मानता उसे शीशमहल में ही पुरस्कृत कर देते। महिलाओं तक को लगभग मना कर देते ! ऐसे में स्थिति यह आ गई कि पूरा शीशमहल खाली हो गया। सिर्फ उनका लगभग होना बचा था जो वह भी किनारे पर ही आ गया था।

भारतीय राजनीति के इतिहास विषय में आगे यह ?लगभग मना कर दिया' का एक अलग से पाठ रहेगा। श्रीमानजी की राजनीतिक कला व नीति को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। श्रीमानजी से जब जब पूछा गया विकास कहाँ हो रहा है तो उनका जवाब रहता, ह्लबस लगभग दिखने ही वाला है।ह्व उन्होंने तो विश्व स्तर की शिक्षा का मॉडल भी लगभग तैयार ही कर लिया था। उसे विज्ञापनों के माध्यम से कुछ क्षेत्रों में लागू भी किया। श्रीमान विज्ञापनों में भी लगभग प्रतिदिन दिख ही जाते है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में उन्होंने लगभग सबको चौंका ही दिया। स्वास्थ्य केंद्र व मरीजों के बीच लगभग किसी तरह का कोई संबंध ही नहीं बनने दिया। जनता श्रीमानजी की अब लगभग वाली गोलियों के सेवन से बीमार होना ही बंद हो गई। घर बैठे ही लगभग सारा विकास हो रहा था। श्रीमान जी ने लगभग मना करने की तिकड़म में जेल यात्रा तक की। जेल में भी बैठकर वे किसी भी आरोप के ना होने का जनता को लगभग मना करते रहे और पौष्टिक आमों उदरस्थ करते रहते। वो तो जनता की नाक तक श्रीमान के विकास का यमुना नदी का पानी लगभग आ गया तो जनता ने भी उन्हें इस चुनाव में लगभग मना करने का मन बना ही लिया।

इससे पहले जब भी श्रीमान से जनता विकास पर प्रश्न करती हैं। वे केंद्र सरकार का सहारा लेकर जनता से कम बजट का बहाना बनाकर लगभग मना लेते। श्रीमानजी लगभग हर महीने अपने स्वास्थ्य लाभ के लिए यात्राएं करते रहे और जनता के स्वास्थ्य के लिए लगभग मना कर देते। जरूरी कार्यों की फाईलों व केंद्र सरकार से लगभग समान दूरी बनाकर चलने में श्रीमान जी का कोई तोड़ नहीं है। श्रीमान कब लगभग राजनीति का मफलर बाँध ले और कब खाँसने लग जाए, इस पर शीशमहल में रहने वाले अन्य सदस्य भी टीका-टिप्पणी नहीं कर सकते हैं।

इस बार श्रीमान जी की लगभग वाली चालें नहीं चली। पहले उन्हें साथी दलों ने लगभग मना किया, अब जनता ने भी उन्हें लगभग मना ही कर दिया। आखिर जनता की पूर्ण जीत हुई। श्रीमानजी इस बार लगभग के फेर में जनता को नहीं फंसा पाए। वे स्वयं लगभग के फेर में फंस गए, श्रीमानजी ने भी किसे छोड़ा था जो वे ना फंसते। आगे लगता है कि लगभग मना करने वाली चाल अन्य किसी प्रदेश में उपयोग की जाऐगी। पहले अपने ही दल के किसी सदस्य को लगभग नीति से कुर्सी से उतारा जाऐगा और एक बार फिर किसी दूसरे शीशमहल की पठकथा लगभग मना करने वाली शैली में लिखी जाऐंगी...!

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

# राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों को दिया संसाधन किट

**सुविधा मिली**

**राष्ट्रगान से किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**अधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा निर्देश**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जनपद भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को हरिऔध कला केन्द्र में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर संसाधन किट एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण/ स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रगान के साथ किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों द्वारा लकड़ी की काठी एवं मछली जल की रानी है, गीत पर नृत्य की प्रस्तुति की गयी। मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह देकर अभिनन्दन किया। राज्यपाल ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्रों को और बेहतर करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्थ किट (रुमाल, सीसा, कंघी, नेल कटर आदि) के उपयोग के बारे में प्रेरित करें। साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकत्री बच्चों को नेल कटर का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें एवं उनको बतायें कि हफ्ते में एक बार अवश्य नाखून काटना चाहिए। उन्होने कहा कि नशा मुक्त जनपद होना चाहिए, नशे से किसी का भला नही होता है। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि नशा मुक्ति के खिलाफ सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें, नशा मुक्ति अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा बन्द होना चाहिए। दहेज प्रथा से घर में लड़की को मारा पीटा जाता है, उसका शोषण किया जाता है। बाल विवाह एक ऐसी प्रथा है, जिससे एक लड़की का भविष्य खराब होता है, इसको बन्द करने की जरूरत है।

उन्होंने मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि एक बड़े सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों को आमंत्रित करें एवं स्टेज पर दहेज प्रथा, महिला उत्पीड़न, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह, हमें जीने दो, हमें पढ़ने दो, आदि के संबंध में खुलकर बोलने का अवसर दें।

उन्होंने ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत लाभार्थियों को बिन ऋण अधिकतम पांच लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। अंत में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन जीजीआईसी की प्रवक्ता शमा शेख ने किया।


कार्यक्रम को संबोधित करती राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।


अधिकारियों संग बैठक करती राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।

### पोषण पोटली व आयुष्मान कार्ड किया वितरित

**आजमगढ़।** राज्यपाल द्वारा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग अन्तर्गत अजमतगढ़ से बीना तिवारी, हरैया से रीना सिंह, मेंहनगर से रानी सिंह, मिजार्पुर से राधिका यादव, आजमगढ़ सिटी से शर्मिला सिंह, पल्हनी से बन्दना, रानी की सराय से मुन्नी देवी, सठियांव से सुनीता देवी, तहबरपुर से उर्मिला यादव, ठेकमा से अर्चना सिंह को प्रतीकात्मक रूप से आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए प्री स्कूल किट, 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के क्षय रोगी नीतिन राज के अभिभावक बंशराज, क्रियान्श राजभर के अभिभावक वीरू राजभर, दिव्यांशी कुमार के अभिभावक हरिश्चन्द्र, हिमांशु कुमार के अभिभावक दीपक कुमार, शालू गौंड़ के अभिभावक गुड़िया को पोषण पोटली, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजनान्तर्गत राम अवध यादव, राधिका, ललिता सिंह, श्याम लाल एवं प्रहलाद सिंह को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

### उद्यमियों को दिया ऋण स्वीकृति पत्र

**आजमगढ़।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना अन्तर्गत अविनाश सिंह को डिजिटल लाइब्रेरी हेतु पांच लाख, चन्द्रेश यादव को आटो सर्विस सेन्टर हेतु पांच लाख, देवमूरत प्रजापति को स्टील फैब्रीकेशन हेतु 50 हजार, पूजा तिवारी को सिलाई कढ़ाई सेन्टर हेतु पांच लाख, संदीप प्रजापति को ब्लैक पाटरी हेतु 2 लाख 77 हजार 778 रुपये, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना अन्तर्गत वैभव चन्देल को मेडिकल एण्ड सर्जिकल किट हेतु आठ लाख, राकेश कुमार गुप्ता को टेक्स्टाइल सेक्टर हेतु 9 लाख 50 हजार, राजमनी यादव को बिल्डिंग मैटेरियल हेतु 10 लाख, विशाल बरनवाल को पैकेजिंग मैटेरियल हेतु 10 लाख, पूनम को होल सेल दाल एवं चीनी हेतु 9 लाख 50 हजार का ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

## टिकरगाढ़ रजवाहा सड़क मार्ग में गड़बड़ी से ग्रामीण आक्रोशित

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत होते हुए मसीरपुर-पल्हना (मौसीमगंज) सड़क मार्ग को जोड़ने वाली टीकरगढ़ रजवाहा की सड़क लोक निर्माण विभाग द्वारा पेन्टिंग का कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने मार्ग पर पहुंचकर विरोध जताया तथा भ्रष्टाचार बंद करो के नारे लगाए।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से सड़क गड्ढा युक्त हो गया था आने जाने में परेशानी का सामना करना पड रहा था। सड़क मार्ग का पेटिंग का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू तो कर दिया गया किन्तु मार्ग को लेबल में (प्लेन) नहीं बनाया जा रहा है। गड्ढा भी नहीं भरा जा रहा है। नगर पंचायत कटघर लालगंज के बीच से निकल कर टिकरगाढ रजवाहा सड़क मार्ग से लगभग तीन किलोमीटर जो उपेन्दा, बम्मोपुर होते हुए मौसीमगंज निकल जाता है। सड़क मार्ग के गड्ढे की सही तरह भराई नहीं की जा रही है जिससे मोटर साइकिल, चार पहिया वाहन, टैक्टर ट्राली ट्रकों सहित अन्य वाहनों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस अवसर पर कृष्ण पाल सिंह, पंचदेव, आकाश, सिद्धार्थ सिंह, शिवम, किशन, सुधांशु, सुनील गौड़, अभिनव, अतुल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।


निर्माण के विरोध में सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## विद्युत करंट लगने से किसान की मौत

**जनसंदेश न्यूज**

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पसिका ग्राम निवासी एक किसान मंगलवार की सुबह अपने खेत में मोटर से पानी चलाने गया तभी बिजली आ गई और करंट लगने से उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। रामसुख सरोज 60 वर्ष पुत्र इंद्रजीत सरोज खेत में पानी चलाने गया था जहां विद्युत करेंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। आस पड़ोस के लोग आए और देखे की रामसुख सरोज मृत पड़े हैं। घर वालों को सूचना दिया।परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरदह ले गए जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के साथ सपा विधायक बेचई सरोज भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया।पत्नी फिरती देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। रामसुख सरोज के पास दो पुत्र दो पुत्रियां हैं। घर पर ही रहकर खेती किसानी का काम करते थे।

## बैठक में प्रस्तुत की गयी विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट

**बैठक**

**शेष कार्यों को समय सीमा में पूरा करने पर दिया गया जोर**

**जनसंदेश न्यूज**

**महराजगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लॉक परिसर में मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही की समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पारसनाथ यादव ने की। बैठक में बीडीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन सचिव संघ के अध्यक्ष सतीश सिंह ने किया।

बैठक के दौरान ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और बचे हुए कार्यों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया गया। बीडीओ ने विकास खंड में हो रहे विकास कार्यों व योजनाओं की जानकारी साझा किया तथा सुझाव भी मांगा। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए ताकि जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2021 से 2025 तक आवास निर्माण के कार्य की प्रगति पर चर्चा हुई और लंबित मामलों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए। मनरेगा के तहत रोजगार सृजन और मजदूरी भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रधान संघ अध्यक्ष दीनानाथ मिश्र ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ब्लॉक प्रमुख के निर्देशन में सभी 84 ग्राम सभाओं में उनके नेतृत्व में किये गए कार्यों की सराहना किया।

पारसनाथ यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों से उनके क्षेत्र तथा ग्राम सभाओं में छूटे हुए विकास कार्यों की सूची देने का आग्रह किया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य, निरंजन कुमार,हरीश पाठक, फौजदार यादव आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते वक्ता।

## हो सबके दिलों में नफरत की जगह प्यार

**बोली: प्रो. गीता सिंह**

**डीएवी में सप्त दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** डीएवी पीजी कालेज में एनएसएस की दोनों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में साहित्यकार, 'शिक्षक श्री' प्रो.गीता सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. राकेश यादव मौजूद रहे। जितेंद्र कुमार नूर, दुर्गेश सिंह, डॉ.धर्मेंद्र प्रताप यादव तथा मुलायम सिंह यादव गणमान्य अतिथियों में शामिल रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन तथा माल्यार्पण से हुआ। महाविद्यालय के भूगोल विभाग के सहायक आचार्य दुर्गेश सिंह ने इस विशेष शिविर के सफल आयोजन के लिए दोनों कार्यक्रम अधिकारियों को धन्यवाद दिया तथा बच्चों को यहां पर सीखे हुए आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की सलाह दी। मुलायम सिंह यादव ने स्वयं सेवकों तथा स्वयं सेविकाओं से कहा कि आप इन सब के साथ-साथ अपनी पढ़ाई पर भी अपना ध्यान केंद्रित किए रहिए। जितेंद्र कुमार नूर ने अपनी गजल के माध्यम से स्वयं सेवकों को समाज में सदैव अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रो.राकेश यादव ने कहा कि आप यहां से निकलकर अपने साथ-साथ राष्ट्र के भविष्य का भी निर्माण करें। प्रोफेसर गीता सिंह ने कहा कि एनएसएस के स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविका यहां से जाने के बाद समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन करेंगे ऐसी मेरी शुभकामना है। उन्होंने विंध्य धाम से चलकर आजमगढ़ आई हूं, मां का आशीर्वाद अपने साथ लाई हूं, हो सबके दिलों में नफरत की जगह प्यार, ऐसी दुआ सबके लिए साथ लाई हूं और एक होली गीत के माध्यम से सभी छात्र-छात्राओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी अवनीश राय ने किया।



शिविर को संबोधित करती प्रो.गीता सिंह।

## चोरी के एक पखवारा बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**पवई (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मरहट गांव में 15 दिन पूर्व रविवार की रात चोरों ने लाखों रुपए के जेवर व एक लाख नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। लेकिन 15 दिन बाद भी चोरों का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम रही। कई लोगों को इस मामले में पुलिस ने उठाया भी लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया। पवई थाना क्षेत्र के मरहट गांव निवासी जयप्रसाद सिंह ग्राम प्रधान के मकान में 23 फरवरी की रात को पीछे से चोर मकान में घुसकर सो रहे परिवार के लोगों के कमरे में बाहर से दरवाजा बंद कर कुंडी चढ़ा दी। सोमवार सुबह होने पर दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो बाहर से दरवाजा बंद था। यहां तक की पड़ोसी के कमरे का भी दरवाजा बाहर से बंद था। इसके बाद शोर मचाने पर अगल-बगल के लोग पहुंचे और दरवाजे को खोला। बक्से में रखी छह सोने की चैन, चार सोने की चूड़ी, दो सोने की लॉकेट,10 सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र, कान की बाली पांच सेट सहित चांदी के समान व एक लाख नकदी चोर उठा ले गए थे।

## किसानों की फसल बर्बाद कर रहे जंगली जानवरः राजनेत यादव

**जनसंदेश न्यूज**

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा में मंगलवार को जय किसान आंदोलन के प्रदेश अध्यक्ष राजनेत यादव ने प्रेसवार्ता कर बताया कि इस समय पूरे जनपद में जंगली जानवरों से किसानों कि फसलों को काफी नुकसान हो रहा है। जिसके कारण किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है।

उन्होंने बताया कि पानी, बिजली समय पर किसान को कभी नहीं मिलता है। जनपद में 6 अप्रैल को ग्राम सोनौरा जमुआरी खरेलिया ढाला महुला गढ़बांध के उत्तर हनुमानगढ़ी मंदिर के मैदान में थाना रौनापार में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया है। इसके लिए जय किसान आंदोलन द्वारा पांच टीमें बनाकर आजमगढ़ मऊ, बलिया में घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया जा रहा है। उसी कड़ी में आज निजामाबाद में जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई है। राजनेत यादव ने कहा कि 16 मार्च से तीन अप्रैल तक तीनों जिलों के जिलाध्यक्ष अपनी टीमें बनाकर गांव-गांव जाकर किसानों मजदूरोंकी समस्या की जानकारी लेंगें। सभी मुद्दों पर विस्तार से जानकारी होने के बाद किसानों की समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर जयहिंद यादव, प्रिंस चैहान, श्यामदेव यादव, आशीष पटेल आदि उपस्थित थे।


प्रेसवार्ता को संबोधित करते राजनेत यादव।

## बंद पड़े मकान को चोरों ने बनाया निशाना

**जनसंदेश न्यूज**

**आक्रोश**

**पड़ोसियों के जाग जाने पर हो गये फरार**

**आये दिन हो रही चोरियों से दहशत में ग्रामीण**

**फरिहां (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस चौकी अंतर्गत असीलपुर गांव में सोमवार की रात बंद पड़े मकान में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। आहट पाकर पड़ोसी जाग गये। बन्द घर की तरफ बढ़े तो चोर ग्रामीणों को आता देखकर मौके से भाग खड़े हुए। ग्रामीणों ने पीछा किया लेकिन अंधेरे का लाभ उठा कर कर चोर भाग निकले। ग्रामीणों ने बताया कि कमरे के चार ताले तोड़े गये है और गोदरेज अलमारी के सभी ताले टूटे पड़े हैं।

रात्रि में ग्रामीणों ने डायल 112 पर सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया और घर के मुख्य गेट पर दूसरा ताला मंगा कर लगाया गया। वहीं बगल में एक मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली। जब मोटर साइकिल को ले जाने वाला कोई नहीं मिला तो पुलिस ने मोटर साइकिल को कब्जे में ले लिया। मोटर साइकिल किसकी है और किस परिस्थिति में वहां खड़ी थी अभी तक पता नहीं चल पाया।



पुलिस रात्रि में ही फिर से मकान में ताला बंद करवा दिया और कहा कि जब घर के मालिक आएंगे तब ताला खुलेगा और सही जानकारी मिल सकेगी कि क्या-क्या चोरी हुआ है।मकान मालिक राजबहादुर यादव पुत्र स्व.रामसुमेर यादव परिवार सहित मुंबई में रहते हैं। 10 दिन पहले घर पर आए हुए थे। फिर मकान में ताला बंद कर चले गये। पड़ोसियों ने चोरी की घटना को फोन के माध्यम से मकान मालिक को दिया।

## अबीर, गुलाल संग पिचकारी से सजे बाजार

**तैयारी**

**मोदी योगी पिचकारी की बढ़ी मांग**

**चाइना प्रोडक्ट को कर रहे दरकिनार**

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** मौज मस्ती हंसी ठिठोली का त्योहार होली को लेकर नगर से लगायत चट्टी चौराहों पर रंग-बिरंगी पिचकारी, अबीर, गुलाल, मुखौटे के साथ ही चिप्स, पापड़ और मिठाई की दुकानें सज गई हैं। मंगलवार को नगर के बब्बर चौक, सदर बाजार व गोला बाजार में गांव से आए लोग रंग अबीर पिचकारी के मोल भाव के बीच सूखे फलों के साथ चिप्स, पापड़ आदि की खरीदारी करते नजर आए।

बाजार में 15 रुपये से 600 रुपये तक की पिचकारी आयी है। इसमें विभिन्न नामों की पिचकारी और मुखौटा बच्चे बेहद पंसद कर रहे हैं। साथ ही अबीर उड़ाने वाली पिचकारी बच्चों के लिए आकर्षण बना है। किराना दुकानों के साथ ही खोआ खरीदने में भी भीड़ बढ़ गई है। नगर के नामी-गिरामी मिष्ठान दुकानों पर लोग पर्व को लेकर खोवे का आर्डर देने तथा खरीदारी करते नजर आ रहे हैं। बाजार में सजी दर्जनों दुकाने लोगो को होली का एहसास कराने लगी है।

रंग अबीर विक्रेता प्रवीन मद्धेशिया ने बताया कि इस बार इंडियन पिचकारी की मांग काफी है। पिछले वर्ष का कुछ चाइना पिचकारी भी दुकान पर उपलब्ध है जिसे लोग दरकिनार करते हुए खास आकर्षण वाली मोदी योगी पिचकारी को ही पसंद कर रहे हैं। वही हर्बल गुलाल के साथ ही भगवा रंग गुलाल की मांग भी बढ़ी है। पवन कुमार ने बताया कि इस बार हर्बल रंगों व अबीर की मांग बढ़ी है जिससे चेहरे को कोई नुकसान नहीं होता। पिचकारी व मुखोटे तरह-तरह के आए हैं जो लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। किशन सोनकर ने बताया कि इस बार बहुत ही अच्छे प्रकार की पिचकारी व रंग ग्राहको के लिए दुकान पर उपलब्ध है। पुष्पा फिल्म का नरमुंड माला भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है।


अतरौलिया में रंग, गुलाल व पिचकारी से सजी दुकानें।


होली किट देते नई उम्मीद सेवा समिति के सदस्य।

### नई उम्मीद सेवा समिति ने गरीबो में बांटा होली किट

**माहुल(आजमगढ़)।** नई उम्मीद सेवा समिति के तत्वाधान में होली के शुभ अवसर पर नगर पंचायत माहुल वार्ड नंबर 3 में असहाय लोगों में होली किट का वितरण किया गया। होली किट पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। नई उम्मीद सेवा समिति के प्रबंधक सुजीत जायसवाल आशु ने कहा कि असहाय और गरीबों को समिति समय-समय पर सहयोग प्रदान करता है। इसी कड़ी में होली का त्योहार मनाने के लिए जरूरतमंद लोगो में आटा, दाल, पापड़, बिस्कुट, साबुन, तेल, सूजी, चीनी, रंग अबीर आदि सामानों का एक किट बनाकर उन्हें उपहार भेंट किया गया। इस मौके पर छुट्टन गुप्ता, रमेश राजभर, लालमन यादव, चंदन राजभर, राजेंद्र सोनकर, सुभाष प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मानसिक दिव्यांग बच्चियों को दिया गया वस्त्र



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** कैलाशी महिला विकास समिति द्वारा संचालित मानसिक दिव्यांग आवासीय विद्यालय ध्यानीपुर, लोहरा, के तत्वाधान में ईद व होली के अवसर पर दिव्यांग व निःसहाय ग्रामीण लड़कियों में वस्त्र वितरित किया गया। उपस्थित लोगों ने मां सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलन मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मिलकर किया। इस अवसर पर विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी लोगों ने अपना-अपना विचार भी व्यक्त किया। संस्था के संचालक योगेन्द्र यादव ने कहा कि कैलाशी महिला विकास की स्थापना दीन-दुखियों, दिव्यांगों आदि की सेवा करने के लिए ही किया गया था, जिसके उद्देश्यों को पूरा करने का प्रयास हमेशा जारी रहेगा।इस मौके पर प्रबन्धक सुनीता देवी, तारा देवी, रेनू, प्रियंका राय, गंगा प्रसाद, लीलावती, विनीता, रेनू, नीलम मौर्या, निलेश, प्रवीन गिरी, दिवाकर, सुमित, संगीता आदि लोग उपस्थित रहीं।

### पत्रकार की हत्या से ईजा में आक्रोश



**पटवध (आजमगढ़)।** आइडियल पत्रकार संगठन के प्रदेश प्रभारी रामनरायन राय उर्फ बबलू राय के आवास पर आइडियल पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय सचिव रोशन लाल, राष्ट्रीय महासचिव कमलाकांत शुक्ला, संरक्षक नर्वदेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में सीतापुर जनपद में हुई पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रशासन से हत्यारोपियों को अतिशीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। साथ ही मृतक के परिवार को सरकार द्वारा 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग के साथ पत्रकारों को उचित सुरक्षा हेतु पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द से जल्द लागू करने की मांग की गई। इस अवसर पर बजरंगी विश्वकर्मा,रामकृष्ण यादव, हरिवंश चतुर्वेदी, आदित्य शर्मा, शत्रुघन यादव, निखिल कुमार, अनुराग मौर्य, आनंद गुप्ता, अमरनाथ मौर्या, इंद्रजीत मौर्य आदि मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान, मचा हड़कंप



**पटवध (आजमगढ़)।** उपखंड बिलरियागंज अंतर्गत सभी उपकेंद्रो में एसडीओ के नेतृत्व में बकायेदारों के विरुद्ध सघन विच्छेदन अभियान चलाया गया। अभियान में लगभग 57 बकायेदारों का लाइन विच्छेदन किया गया। अभियान के दौरान बकायेदारों द्वारा 5.48 लाख रुपए जमा किया गया, 8 उपभोक्ताओं की भारवृद्धि की गई एवं 5 उपभोक्ताओं के संयोजनों की विधा परिवर्तन किया गया। विभाग की इस कार्यवाही से बकायेदारों में हड़कंप मचा रहा। उपखंड अधिकारी तुषार श्रीवास्तव ने बताया कि बकायेदारों के विरुद्ध ये अभियान पूरे महीने चलेगा और सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि अपना विद्युत बिल जमा कर दें अन्यथा विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

### रोवर्स और रेंजर्स नौजवानों के लिए गौरव का पलः पवन



**आजमगढ़।** श्री गांधी पीजी कॉलेज मालटारी में चल रहे रोवर्स रेंजर्स समागम में कैंप फायर कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि अवध बिहारी मिश्र प्रबंध समिति सदस्य, पवन सिंह, धीरज कुमार सिंह, प्रभाकर और प्रोफेसर शुचिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में डा. रामनरेश पीजी कालेज जीयनपुर, ओम प्रकाश मिश्र महाविद्यालय फूलेश, डी सी एस के मऊ, एच एम पी जी कॉलेज पीवताल मऊ के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकनृत्य, गायन व नाटक की प्रस्तुति दी गयी जो काफी सराहनीय रहा वहीं सर्वोदय पीजी कॉलेज मऊ रोवर्स टीम ने अपने नाट्य मंचन आपसी संबंध को बनाए रखना और सदा एक रहना ने सराहनीय प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि पवन सिंह ने कहा कि मेरा लगाव इस कॉलेज से पहले से रहा है। रोवर्स और रेंजर्स भारत के नौवजनो के लिए गौरव का पल है। इसमें भारत की आत्मा और संस्कृति का वास है। सभी के प्रति आभार प्रोफेसर शुचिता श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्याम दुबे ने किया। इस अवसर पर सभी टेक्निकल प्रभारी सहित पूरा महाविद्यालय परिवार पूरे मनोयोग से कार्यक्रम को सफल बनाने में लगा रहा। यह जानकारी कार्यक्रम मीडिया प्रभारी प्रोफेसर अखिलेश चन्द्र ने दी।

### त्योहार पर नकली खोवा से पटे बाजार

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र में होली का पर्व आते ही छोटी-छोटी बाजारों में भी नकली छेना खोवा की भरमार हो गई है। जिले का अंतिम छोर होने की वजह से खाद्य विभाग के अधिकारी कभी कभार छापा मारते हैं जबकि बाजार में नकली खोवा, छेना की मिठाई की भरमार लगी हुई है। इस समय लोगों के घरों पर खोवा की डिमांड बढ़ गई है। कारण की लोगों को गुजिया बनाना है। गुजिया में खोवा और मेवा का प्रयोग होता है। बाजार में नकली खोवा की आमद बढ़ गई है और लोग उसे खरीद रहे हैं। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा अधिकारी मार्टिनगंज संजय तिवारी ने बताया कि अभी हमारी टीम ने छापा मार कर विभिन्न बाजारों से सैंपल भी भरा है। खोवा भी नष्ट कराया गया है। अगर ऐसी शिकायत कहीं आ रही है तो उसकी जांच की जाएगी। संबंधित के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। नकली सिंथेटिक छेना और खोवा की बिक्री किसी भी कीमत पर मेरे क्षेत्र में नहीं होगी। यदि कोई करता हुआ पाया गया तो उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### पैमाइश को लेकर लेखपाल से विवाद

**निजामाबाद (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील प्रांगण में मंगलवार को एक लेखपाल और एक किसान से पैमाइस करने के नाम पर बाद विवाद हो गया जिसके कारण काफी देर तक तहसील में अफरा तफरी का माहौल रहा। राम ध्यान यादव पुत्र फुल्लू यादव निवासी पनिया गौर थाना अहरौला ने बताया कि उसके खेत के बगल से चकमार्ग है जिसका नंबर 524 है। जिसको अगल-बगल के लोगों द्वारा कब्जा किया गया है। उसी का सीमांकन करने के लिए उपजिलाधिकारी निजामाबाद को प्रार्थना पत्र दिया गया था। नापी करने के लिए हल्का लेखपाल देवेंद्र कुमार मिश्र ने पच्चीस सौ रुपया लिया था लेकिन नापी नहीं कर रहे थे। उसी बात को लेकर जमकर किसान और लेखपाल से पैसे को लेकर वाद विवाद हुआ है। तहसीलदार निजामाबाद केशव प्रसाद ने बताया कि घटना की जानकारी मिली थी लेकिन उस समय मेरी कोर्ट चल रही थी। किसी भी पक्ष ने मुझे जानकारी नहीं दिया है।

### फांसी लगाकर ट्रक चालक ने दी जान

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हमीदपुर में ट्रक चालक ने घर में ही पंखे के चुल्ले के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। रात में ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई। रानी की सराय थाना क्षेत्र के हमीरपुर निवासी अनिल यादव 42वर्ष पुत्र रुपचंद यादव ट्रक चालक था। सोमवार की शाम सहीदवारा बाजार में घूम कर घर पहुंचा और कमरे में चला गया। काफी देर तक बाहर न आने पर स्वजन बुलाने गये तो कमरे का दरवाजा बंद था।काफी मशक्कत कर दरवाजा खोला तो अनिल चुल्ले के सहारे लटक रहा था। सूचना पाकर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पास दो पुत्र दो पुत्री हैं। घटना से घर में कोहराम मचा है। पुलिस घटना के कारणों को तलाश रही है।

### एक वृक्ष पुत्र समानः सतीश राय

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** तहसील क्षेत्र के डॉ.राम मनोहर लोहिया पीजी कालेज बलवाना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन प्रबंधक सतीश राय द्वारा किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिभागियों द्वारा गांव में भ्रमण करके राष्ट्रीय कार्यक्रम परिवार नियोजन स्वच्छता अभियान पर विशेष रूप से लोगों को जागरूक किया गया। वृक्षारोपण के महत्व पर भी लोगों को अवगत कराया गया। एक वृक्ष एक पुत्र के समान है उसकी रक्षा हमें उसी तरह से करनी चाहिए जिस तरह से हम अपने पुत्र की करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप पाठक ने किया। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के संयोजक संजय राय ने किया।इस अवसर पर संदीप राय, डॉ. यज्ञ नारायण मिश्रा, डॉ. संध्या राय, प्रतिभा राय, ओम प्रकाश, संदीप राय सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# डीएम व एसपी ने राज्यपाल के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

तैयारी

**सुरक्षा व्यवस्था में लगे अधिकारियों को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



**हलिया।** विकास क्षेत्र के मवई कला स्थित पंचशील डिग्री कालेज के प्रांगण में मंगलवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने जनपद के अधिकारियों पुलिस कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी जिस स्थल पर लगाई गई है निर्धारित समय पर हर परिस्थिति में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर मंच का अवलोकन करते हुए प्रधान मंच की उंचाई बढ़ाने के लिए पी डब्लू डी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा हेलीपैड स्थल से सटी बाउंड्री को खोलवाने के लिए कालेज के प्रबंधक को निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने सुरक्षा के मानकों की बारीकी से जांच की और अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को अभेद्य सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने का निर्देश दिया। राज्यपाल की आगवानी से लेकर मंच स्थल तक मुस्तैदी के साथ डटे रहने की नसीहत दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को उनके ड्यूटी की सूची पढ़कर अवगत कराया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी सी0एल0 वर्मा, जिला उद्यान अधिकारी मेवा राम, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी लालगंज अशोक कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ, भाजपा नेता ताराचंद अग्रहरि, शशि पटेल आदि सहित उपस्थित रहे।

# खड़े ट्रक में टकराने से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

हादसा

**ससुराल से अपने घर जाते समय हुआ हादसा**

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव में सोमवार की देर रात बाइक सवार पति पत्नी सड़क किनारे खड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि घटना में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार पति की मौत हो गई और पीछे बैठी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई।

प्रयागराज जिले के खीरी थाना क्षेत्र के मोजरा लेड़ियारी गांव निवासी 45 वर्षीय अच्छे लाल कोल, 42 वर्षीया पत्नी मंजू कोल के साथ सोमवार को अपने ससुराल भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में गए थे। रात में खाना खाने के बाद अच्छे लाल अपनी पत्नी मंजू को बाइक से लेकर अपने घर मोजरा लेड़ियारी गांव जा रहा था। वह जैसे ही ड्रमंडगंज क्षेत्र के लहुरियादह गांव स्थित जायसवाल ढाबा के पास पहुंचे तो तेज गति में होने से अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक ड्रमंडगंज अरविंद सरोज, एसआई काशी सिंह ने घायल दंपती को उपचार हेतु न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज भेजवाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। स्वास्थ्य कर्मी राकेश पटेल व अरविंद सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए अच्छे लाल व उनकी पत्नी मंजू को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। मंडलीय चिकित्सालय पहुंचने पर चिकित्सक ने अच्छेलाल को देखते ही मृत घोषित कर दिया। वहीं पत्नी मंजू कोल का प्राथमिक उपचार कराने के बाद परिजन मंडलीय चिकित्सालय से प्रयागराज लेकर चले गए। मृतक को दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि रात नौ बजे के करीब बाइक से घर लौटते समय प्रयागराज जिला निवासी पति-पत्नी सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गए गंभीर रूप से घायल बाइक चालक अच्छेलाल की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

# जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्रक




**चुनार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह नेतृत्व में तहसील परिषद में चक्रमण करते हुए संयुक्त मांग पत्र उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा को सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन के माध्यम से मांग किया है कि रमजान व होली का त्योहार को देखते हुये नगर में साफ सफाई की जाय। बिजली की कटौती त्योहार को देखते हुये न किया जाय। नलों में पानी सुचारू रूप से दिया जाय। मच्छर के बढ़ते हुये प्रकोप को देखते हुये दवा का छिड़काव नगर में किया जाय। प्रस्तावित गृहकर, जलकर मूल्यवृद्धि वापस लिया जाय। विभिन्न मांगों को लेकर पत्रक सौंपा गया। इस दौरान उपस्थित नगर अध्यक्ष मंत्री यादव, जिला सचिव पूजन यादव, परवेज अहमद, शीतल सिंह यादव, संतोष यादव, राम लखन यादव, अनमोल यादव, सुनील यादव सभासद, संतोष यादव सभासद, सतीश सोनकर, विमल गुप्ता ब्लॉक अध्यक्ष जलालपुर आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली देहात पर विगत 12 नवम्बर 2024 को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली देहात को अभियुक्त की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना कोतवाली देहात पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को उप निरीक्षक रामफेर यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त विक्की उर्फ आशीष पासी पुत्र शैलेश पासी निवासी ईन्दी परवतपुर थाना कोतवाली देहात को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# सविता देवी चुनी गईं कार्यवाहक प्रधान

चुनाव

**ग्राम प्रधान पद के प्रत्याशी की मौत होने के बाद भी कर दिया गया था चुनाव**

जनसंदेश न्यूज



**सीखड़।** क्षेत्र के सीखड़ विकास खंड के ग्राम पंचायत आराजी लाइन सुल्तानपुर की सविता देवी पत्नी सदानंद भारतीय को कार्यवाहक ग्राम प्रधान चुना गया। बतादे कि 26 मार्च 2021 को हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान मतदान के एक दिन पहले 25 मार्च 2021 को प्रधान पद के प्रत्याशी रहे चंद्रप्रकाश पुत्र सारनाथ की मौत हो गया था। चुनाव अधिकारी आरओ व एआरओ द्वारा ग्राम प्रधान पद के लिए मतदान करा दिया गया। अनिल गौतम प्रधान निर्वाचित हुए। जिसके विरुद्ध गांव के ही सरोज गौतम ने चुनाव निरस्त कराए जाने के लिए एसडीएम कोर्ट में याचिका दायर किया था। करीब सवा तीन साल तक चली सुनवाई के बाद एसडीएम राजेश कुमार वर्मा ने चुनाव को शून्य घोषित करते हुए फिर से चुनाव कराये जाने के निर्देश दिए थे। उक्त आदेश के विरुद्ध प्रतिवादी ग्राम प्रधान अनील गौतम जनपद न्यायाधीश एवं हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर किया।

जहां सभी को निरस्त करते हुए पुनः चुनाव कराने के फैसले के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम राजेश कुमार वर्मा एवं तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, सचिव मुकेश कुमार मिश्रा कि देखरेख में 15 सदस्यों में से उपस्थित 14 पंचायत सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से सविता देवी पत्नी सदानंद भारतीय को कार्यवाहक प्रधान चुना गया। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख ममता अजय सोनकर, पूर्व प्रधान अजय सोनकर, प्रकाश कुमार, रेखा, जटाशंकर, पवन कुमार, राधेश्याम, प्रियंका, कैलाशनाथ, जागृति, अनिल साहनी, अमीन, ज्योति, सोहन बिंद, सूरज कुमार, राजेंद्र साहनी, दिनेश साहनी, सूरज बी, अमरेश सिंह, रंजीत, रमेश, नविशेंद, लाल बहादुर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लहंगपुर पटेल नगर के पास मंगलवार को मीरजापुर से दवा कराकर अपने घर वापस जाते समय हाईवे पर अनियंत्रित बाइक से गिरकर दो लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पीआरबी 112 पुलिस की सूचना पर एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बनवा नौगवां गांव निवासी आशुतोष पांडेय व चंद्रकांत पांडेय एक बाइक पर सवार होकर अपने घर से मीरजापुर दवा लेने गए थे। वापस घर जाते समय लालगंज थाना क्षेत्र के लहंगपुर चौकी अंतर्गत हाईवे पर स्थित पटेल नगर के पास बाइक से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं पर मौजूद ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरबी 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया। जहां दोनों का उपचार चल रहा है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**चुनार।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एन एच 7 नेशनल हाईवे पर सड़क पार करते वक्त किसी पशु से बचने के चक्कर में पीछे से अज्ञात वाहन से धक्का लगने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक मनीष कुमार सेठ पुत्र रतन सेठ मोहल्ला मोची टोला चुनार का निवासी था। युवक किसी काम से जमुई बाजार ऑटो स्टैंड से उतरकर पैदल ही सड़क पार कर रहा था। अज्ञात वाहन के धक्का लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर तत्काल चुनार अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर कजरहट चौकी इंचार्ज विजय प्रताप सिंह मय फोर्स पहुंच कर मृतक का शव लेकर अग्रिम कार्रवाई करते हुए पीएम के लिए भेजा। मृतक की शादी 3 वर्ष पहले रामनगर में हुई थी। मृतक रेहड़ी लगाकर अपना भरण पोषण करता था।

### शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : क्षेत्राधिकारी

**चील्ह।** थाना क्षेत्र के चेतगंज पुलिस चौकी परिसर में क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर द्वारा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व ग्रामीणों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की किया गया अपील। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि क्षेत्र में होली के दिन अराजकतत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि विकासखंड कोन क्षेत्र में पुष्पा गैंग के नाम से एक गिरोह सक्रिय है इसमें सैकड़ों लड़कों का हुजूम इकट्ठा हो जाता है। अपने बच्चों पर नजर रखें व ऐसे लोगों की संपर्क में ना आए व जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दे। कहा कि तेज आवाज डीजे के साथ जुलूस नहीं निकाला जाएगा। होलिका दहन व होली के दिन कहीं भी वाद विवाद की आशंका हो तो पुलिस को सुचना देकर सहयोग करें। बैठक में मुख्य रूप से थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह, समस्त पुलिस चौकी स्टाफ के साथ ग्राम प्रधान शशि मिलन यादव, योगेंद्र यादव, जिलाजीत गुप्ता, गुलाब, नवीन चंद्र, मिंटू पांडेय, चंदन मिश्रा आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### गुमटी का ताला तोड़ कर हजारों की चोरी

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौही मोड़ पर गोमती का ताला तोड़कर परचून का सामान चोर उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के हलिया के कुबरा मजरा निवासी लवकुश ने मंगलवार को थाने में दी गई तहरीर में कहा कि बडौही मोड़ पर परचून की दुकान खोल कर गुमटी में सामान रखकर जीवन यापन करता था। बीती रात बंद कर घर चला आया। सुबह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि गुमटी का ताला टूटा हुआ है और उसमें रखा 35 लीटर पेट्रोल, कॉपी, किताब, तेल, साबुन सहित दो हजार रुपए नगद गायब हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत भवन व विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाया हजारों रुपये का सामान

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भदावल गांव में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालय गोविंदपुर का ताला तोड़कर हजारों रूपए मूल्य के सामान लेकर चंपत हो गए। सुबह मार्निंग वाक पर निकले ग्रामीणों ने विद्यालय एवं पंचायत भवन का ताला टूटा देख ग्राम प्रधान को सूचना दिया। ग्राम पंचायत पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालय एक ही परिसर में स्थित है। अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखे कंप्यूटर सेट, प्रिंटर, सीसी कैमरा, इन्वर्टर एवं बैटरी तथा प्राथमिक विद्यालय से इन्वर्टर बैटरी और जरूरी कागजात उठा ले गए। ग्राम प्रधान पुनीत सिंह एवं विद्यालय के प्राध्यापक अशोक कुमार ने चोरी की तहरीर पुलिस को देकर मामले का खुलासा करने की गुहार लगाई। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### डिवाइडर से टकराकर स्कूटी सवार मां-बेटा घायल

**जमालपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जेके स्टेट हाइवे स्थित जिवनाथपुर ओवरब्रिज पर मंगलवार की सुबह स्कूटी सवार कुतलुपुर रामनगर वाराणसी निवासी 30 वर्षीय युवक अमित मौर्या अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर हवा में उछलते हुए ओवरब्रिज के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में स्कूटी पर पीछे बैठी उसकी 50 वर्षीय मां भी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना देने के बाद सरकारी एंबुलेंस के नही पहुंचने पर प्राइवेट एंबुलेंस से घायलों को ट्रामा सेंटर बीएचयू वाराणसी भेजा गया। घायल मां एवं पुत्र सुबह स्कूटी पर सवार होकर क्षेत्र के जलालपुर की तरफ से रामनगर की तरफ जा रहे थे कि जिवनाथपुर ओवरब्रिज पर हादसे का शिकार हो गए।

### महिला मजदूर अधिकार सम्मेलन का किया गया आयोजन

**अहरौरा।** खदान मजदूर यूनियन के तत्वाधान में मंगलवार को दुर्गा जी मंदिर अहरौरा पर महिला मजदूर अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांवों से आई मजदूर महिलाओं ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वंदना ने कहा कि हम बहनों की बड़ी जिम्मेदारी अपने बच्चों को शिक्षित करने की है, लेकिन शिक्षा महंगी होती जा रही है इसके लिए हमें जागरूकता के साथ लड़ना होगा। सामाजिक कार्यकर्ता अरुण सिंह ने कहा कि आजकल एक नारा चल पड़ा है, महिला सशक्तिकरण जबकि महिलाओं से ताकतवर कोई नहीं होता अन्याय और हक के लिए लड़ना उनसे सीखना चाहिए। 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस इसकी मिसाल है। कार्यक्रम का संचालन रामाश्रेय विश्वकर्मा ने किया। इस दौरान उर्मिला, आरती, रीता, राधे श्याम सहित सैकड़ो महिलाएं मौजूद रही।

### जान से मारने की नियत से मारपीट करने के दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना कोतवाली देहात पर विगत 08 मार्च 2020 को वादी रामबली पुत्र मुन्नी लाल निवासी समोगरा थाना कोतवाली देहात द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध जमीन सम्बन्धित विवाद में एक राय होकर जान से मारने की नियत से हमला कर मारपीट करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त प्रकरण को गंभीरता पूर्वक लेते हुए संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात को निर्देश दिए गये। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मंगलवार को उप निरीक्षक राकेश राय चौकी प्रभारी करनपुर मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात क्षेत्र से उपरोक्त अभियोग से सम्बधित रामजी तिवारी पुत्र बलिराम तिवारी व सौरभ तिवारी पुत्र रामजी तिवारी निवासीगण तिवारीपुर सोमेगरा थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### पिता ने ट्रक चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लहुरियादह गांव में सोमवार की रात हुई सड़क दुघर्टना में मृत बाइक चालक के पिता ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध तहरीर देकर मंगलवार शाम को मुकदमा दर्ज कराया है। प्रयागराज जिले के खीरी थाना क्षेत्र के मोजरा गांव निवासी रामलाल कोल ने दी गई। तहरीर में बताया कि बेटा अच्छेलाल पत्नी मंजू के साथ अपनी ससुराल भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव गया था। रात में बाइक से घर लौटते समय जैसे ही लहुरियादह गांव में पहुंचा तो लापरवाही पूर्वक तेज गति से आ रही अज्ञात ट्रक ने बेटे की बाइक में धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल बेटे की मौत हो गई और बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि मृत बाइक चालक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### गंगा की तराई क्षेत्र में हो रहा है अवैध खनन

**जिगना।** थाना अंतर्गत ग्राम सभा डंगहर में गंगा घाट के पास गंगा नदी किनारे बालू भस्सी की अवैध खुदाई में कुछ भस्सी माफिया संलिप्त हैं। शासन प्रशासन की शक्ति के बाद भी यह बालू भस्सी माफिया अपने मन से मनमानी तरीके से खुदाई का काम करते हैं। शाम ढ़लने के बाद यह लोग अपने काम में लग जाते हैं और रात से लेकर दिन के सुबह तक खनन कार्य करते हैं और दिन में बंद कर देते है। ईट भट्टों पर यह सप्लाई का काम करते हैं। राज्य सरकार द्वारा जारी कछुआ संेचुरी क्षेत्र में अवैध खनन का काम हो रहा है। शासन प्रशासन को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसमें लगभग आधा दर्जन लोग संलिप्त बताए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### दुष्कर्म के दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**राजगढ़।** स्थानीय थाना पर विगत चौदह फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध वादिनी की नाबालिक पुत्री के साथ छेड़खानी से सम्बन्धित में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना राजगढ़ पर बीएनएस व 7/8 पाक्सों एक्ट पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में थाना प्रभारी राजगढ़ को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना राजगढ़ पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना राजगढ़ पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मंगलवार को थानाध्यक्ष राजगढ़ मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण अंशू पुत्र परावन निवासी बघौड़ा थाना राजगढ़ व मोहित पुत्र रामबली निवासी बघौड़ा थाना राजगढ़ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत आरोपी को करायी गई अर्थदण्ड की सजा

**मीरजापुर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना जिगना पर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी देने से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी-एपीओ अम्बरीश पाण्डेय व अनन्या वर्मा, विवेचक उपनिरीक्षक घनश्याम, कोर्ट मुहर्रिर महिला आरक्षी सुनीता व आरक्षी अजय यादव तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी प्रमोद यादव द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय सिविल जज सी0डि0, एफटीसी, अंजुम सैफी द्वारा थाना जिगना पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बंधित अभियुक्त शिवराम यादव पुत्र पन्नालाल यादव निवासी झिलवर थाना जिगना को जुर्मस्वीकारोक्ति के आधार पर 1000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 07 दिवस के सा0कारावास की सजा भुगतनी होगी।

### गैंगस्टर ऐक्ट के आरोप में इनामिया आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त आरोपी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां आरोपी की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना मड़िहान पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को थाना मड़िहान पर पंजीकृत मुकदमें उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित 20 हजार का ईनामियां वांछित अभियुक्त संदीप पुत्र लक्ष्मण कोल निवासी भदौहा थाना मड़िहान को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही जेल भेजा गया।

### कॉपी राइट ऐक्ट के आरोपी को करायी गई अर्थदण्ड की सजा

**मीरजापुर।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना अदलहाट पर कॉपी राइट एक्ट से सम्बन्धित पंजीकृत अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई गई। अभियोजन अधिकारी-एपीओ अम्बरीश पाण्डेय व अनन्या वर्मा, विवेचक एचसीपी अनिल कुमार गुप्त, कोर्ट मुहर्रिर महिला आरक्षी सुनीता व आरक्षी अजय यादव तथा पैरोकार मुख्य आरक्षी विन्ध्याचल द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय सिविल जज सी0डि0, एफटीसी अंजुम सैफी द्वारा थाना अदलहाट पर कॉपी राइट एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र दुखन्तू राम निवासी नरायनपुर थाना अदलहाट को जुर्मस्वीकारोक्ति के आधार पर 1000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 05 दिवस के सा0 कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# मां विंध्यवासिनी के दान पात्र में मिल रही विदेशी मुद्रा

**महाकुंभ की वजह से टूट गया रिकॉर्ड**

**मीरजापुर।** अमीन संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सूरज सोनकर ने बताया कि मां के धाम के छह दानपात्र पहले खोले गए थे जिसमें करीब 17 लाख रुपये निकले थे। मंगलवार को छह और दानपात्र खोले गए हैं। काफी पैसे दान पात्रों से निकले हैं। अभी गिनती जारी है। देर रात्रि तक पूरी होने की उम्मीद है। पैसा की गिनती पूरी होने के बाद शेष दानपात्र भी खोले जाएंगे। इस बार सारे रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद है। महाकुंभ के वजह से सबसे ज्यादा चढ़ावा हुआ है और गिनती भी एक दिन में पूरे होने की उम्मीद नहीं है। सोने व चांदी के भी सामान निकले हैं, उनका आंकलन बाद में किया जाएगा।

**मीरजापुर।** महाकुंभ के दौरान अयोध्या और काशी के बाद भक्तों ने मां विंध्यवासिनी धाम में दिल खोलकर दान दिया है। मां विंध्यवासिनी धाम में दान पात्रों की गिनती जारी है। अभी तक आठ दानपात्रों से करीब 17 लाख रुपये निकले थे। शेष दानपात्रों की गिनती जारी है। आज छह दानपात्रों की गिनती जारी है जिसमें करीब 20 लाख रुपए मिलने का अनुमान है। महाकुंभ में पहली बार दानपात्रों से इतने रुपये मिल रहे हैं इससे पहले कभी भी इतना पैसा दानपात्रों से नहीं निकला था। दानपात्र से नेपाल सहित अन्य देशों के भी मुद्रा और सोना व चांदी के जेवरात मिले हैं। मंगलवार को नायब तहसीलदार ज्योति सिंह के नेतृत्व में छह दानपात्रों की गिनती शुरू कराई गई। दो दान पात्र अष्टभुजा और कालीखोह के हैं। दो दान पात्र परिक्रमा पथ और दो दान पात्र मंदिर परिसर के हैं। छह दानपात्रों की गिनती कराई जा रही है। गिनती में अभीतक पांच लाख रुपये निकले हैं। शेष की गिनती आठ बजे रात तक होगी। अभीतक नेपाल के नोट मिले हैं अन्य देशों के नोट होने का अनुमान है। सोने और चांदी के जेवरात मिले हैं। गिनती के बाद उनका भी आंकलन कराया जाएगा। आज भी गिनती पूरी होने की उम्मीद नहीं है।

# सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**लालगंज।** समाजवादी पार्टी के छानवे विधानसभा के महासचिव हरिशंकर यादव के नेतृत्व में तहसील परिसर में प्रदर्शन कर 6 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी के पेशकार संजय तिवारी को सौंपा गया।

ज्ञापन लेकर उन्होंने एसडीएम को देने एवं समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिए। छानवे विधानसभा के महासचिव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन कर ज्ञापन देते हुए कहा कि होली व रमजान त्यौहार पर मनमाने तरीके से विद्युत कटौती को रोका जाए और निर्बाध विद्युत आपूर्ति दिया जाए समेत अन्य कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर झल्लु खा, कीर्ति कोल, सियाराम जैसल, शकील अहमद, रीता देवी, गणेश, रतन कुमारी यादव, विजय विश्वकर्मा, मुकुंद लाल, निलेश कुमार, दिलीप कुमार शर्मा, हरिशंकर सिंह पटेल, सुरेंद्र देव त्रिपाठी, अमृत लाल यादव, सर्वेश कुमार मिश्रा, राकेश कुमार यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नल जल योजना के मनमाने संचालन को लेकर सौंपा ज्ञापन



**लालगंज।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिलाध्यक्ष धर्मदेव उपाध्याय के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में नल जल योजना के मनमानी संचालन के बाबत उप जिलाधिकारी के पेशकार संजय तिवारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन देते हुए बताया कि लालगंज क्षेत्र में नल जल योजना के अंतर्गत लगाए गए नलों के टूटने अनियमित पाइप फटने जगह-जगह पाइप की रिसाव व पाइप की पूरी तरीके से खुला होने के कारण पानी बह रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए पानी की टंकी टपक रही है। गांव के नागरिक पानी बहने व गांव की गलियों को खोदकर पाइप डालने के बाद उसे पुनः व्यवस्थित न किए जाने के कारण परेशान है। इसके बाबत इसकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों के यहां किया गया किंतु आज तक कोई सुधार नहीं हुआ जिससे 80 प्रतितश गांव में जल जीवन मिशन द्वारा संचालित पानी नहीं पहुंच रहा है जिसकी जांच कर पानी संचालित कराया जाए। पत्रक लेते हुए पेशकार ने उपजिलाधिकारी को देने का आश्वासन दिए। इस अवसर पर शांति देवी, हरिदास सिंह पटेल, शेषमणि तिवारी, लोकमणि, परशुराम मिश्र, श्याम बहादुर सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सम्मान के साथ सेना के जवान का किया गया अंतिम संस्कार

**गैपुरा।** क्षेत्र के दुगौली गांव निवासी 35 वर्षीय विवेक ओझा की अंतिम यात्रा में सोमवार की सुबह आसपास के गावों से भारी भीड़ उमड़ पड़ी। 39 जीटीसी गोरखा रेजीमेंट के सूबेदार दानवीर सिंह तथा नागालैंड से आए बटालियन के साथी जवानों ने ताबूत पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मातमी धुन बजाकर सलामी दी। मृत जवान की पत्नी पूजा देवी माता सरोजा देवी का रुदन सुनकर माहौल गमगीन हो गया। साथी जवानों ने ताबूत को कांधा दिया। सेवानिवृत्त सेना के जवान हृदय शंकर ओझा एवं बेटा एटलस ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों के नहीं आने को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया। बटालियन के सूबेदार रमेश यादव ने बताया कि जवान के मौत की इंक्वायरी करायी जाएगी। शव को जल्दबाजी में मोर्चरी हाउस भेज दिए जाने को लेकर बटालियन के साथियों ने गहरी नाराजगी जताई।



# जिले में 2.51 लाख लोगों को मुफ्त मिलेगा गैस सिलेंडर

**तोहफा**

**होली पर गिफ्ट देगी यूपी सरकार, उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ**

**सिलेंडर रिफिलिंग की सब्सडी लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी**

जनसंदेश न्यूज



**सोनभद्र।** होली के त्योहार पर उज्जवला योजना उपभोक्ताओं को केंद्र और यूपी सरकार तोहफा दे रही है।

होली के त्योहार से पहले जिले के करीब 2 .51 लाख लोगों को फ्री सिलेंडर से लाभान्वित किया जाएगा। योजना का लाभ देने के लिए इंडियन ऑयल की ओर से उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इंडियन ऑयल के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक हर्ष गुप्ता ने बताया कि होली से पहले उज्वला योजना के तहत फ्री सिलेंडर की व्यवस्था से उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया जाएगा। सिलेंडर रिफलिंग की सब्सडी लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जाएगी। मगर इसके लिए ई-केवाईसी जरूरी की गई है। इसलिए उपभोक्ता ई-केवाईसी जरूर करा लें। सरकार की इस योजना में जिले के लगभग 2 लाख 51 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा साल भर में उज्जवला योजना के लाभार्थियों को दो बार फ्री सिलेंडर रिफलिंग कराई जाती है। जिसमें दीपावली पर फ्री सिलेंडर दिया जा चुका है। अब होली के त्योहार पर फ्री सिलेंडर की व्यवस्था दी जायेगी। इसकी सब्सडी सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 366 और यूपी सरकार की तरफ से करीब 520 रुपए खाते में सबसिडी भेजी जाएगी।

## यूपी बोर्ड : ग्यारहवें दिन भी नहीं मिले एक भी नकलची

**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड परीक्षा मंगलवार को जिले के समस्त केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल के सामाजिक विज्ञान और इंटर के फल एवं खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा हुई। हाई स्कूल परीक्षा में पंजीकृत 25058 के सापेक्ष 22933 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2125 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर के फल एवं खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा में पंजीकृत 215 बच्चों के सापेक्ष 207 उपस्थित तथा आठ अनुपस्थित रहे। कन्ट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के अधिकांश केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा समाप्त हुई। कुछ केंद्रों पर कल हाई स्कूल के उर्दू विषय की परीक्षा अवशेष है। दूसरी पाली में इंटर के संस्कृत और कृषि विषय की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई। दूसरी पाली में इंटर में पंजीकृत 1083 परीक्षार्थी के सापेक्ष 1037 उपस्थित तथा 46 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान गठित सात सचल दस्ता टीम अलग-अलग केंदों पर भ्रमण करता रहा। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से हुई। परीक्षा में कोई शिकायत या अनियमितता नहीं मिली। बुधवार को दोनों पाली परीक्षा के बाद जनपद समेत पूरे प्रदेश में यूपी बोर्ड परीक्षा का समापन होगा।

# व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की पाठशाला है राष्ट्रीय सेवा योजना

**शिविर**

**राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के विशेष शिविर का समापन**

**विजेताओं को किया गया सम्मानित**

जनसंदेश न्यूज



विजेता छात्रों को सम्मानित करते अतिथि

**ओबरा।** पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन सोमवार की देर शाम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी देवी, प्राचार्य, प्राध्यापगणों एवं स्वयंसेवियों द्वारा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्जित कर किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास व देश सेवा कार्यों को सीखने की पाठशाला है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. प्रमोद कुमार ने स्वयंसेवकों से शिविर में सीखी गई बातों को अपने जीवन में उतारने और अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. संतोष कुमार सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं में पारस्परिक सहयोग, सामुदायिक सेवा, समाज तथा देश सेवा की भावना का विकास करती है। स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, एकल गीत, समूह गीत, लोकगीत, भजन, नाटक आदि कार्यक्रमों प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। स्वागत भाषण डा. विकास कुमार ने दिया।

आभार ज्ञापन डा. सचिन कुमार ने किया। शिविर में कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिविरार्थियों को प्राचार्य, एसआई रामलोचन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। आनंद ग्रुप ने प्रथम, अनामिका ग्रुप द्वितीय तथा नम्रता ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। इस मौके पर प्रो. राधा कांत पांडेय, उपेंद्र कुमार, राजेश प्रसाद, डा. विनोद बहादुर सिंह, अमूल्य कुमार सिंह, विभा पांडेय, अंजली मिश्रा, महेश पांडेय, सरफुद्दीन, कुंदन, मनीष, अरुण समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### शिक्षिका सुमन सिंह डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित



शिक्षिका को सम्मानित करते अतिथिगण

**ओबरा।** सृजन काव्य संगोष्ठी तथा शैक्षिक संवाद एवं विद्या वाचस्पति विशेष मानद सम्मान का आयोजन रॉयल रंगोली रिजॉर्ट लखनऊ में हुआ। कार्यक्रम में सृजन अंतर्गत रामलला एवं महिला सशक्तिकरण पर काव्यपाठ किया गया। वहीं विभिन्न विषयों पर शैक्षिक संवाद, चर्चा परिचर्चा हुई। इस दौरान रचनाकार, साहित्यकार, कवि, अपने विशिष्ट कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाने वाले शिक्षकों को विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। सोनभद्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्ली ब्लॉक चोपन की शिक्षिका सुमन सिंह को साहित्य, शिक्षा, नवाचार व समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान करने हेतु काशी हिन्दी विद्यापीठ की अकादमिक परिषद की अनुशंसा पर उपकुलपति, कुलसचिव व अन्य गणमान्य जनों द्वारा विद्या वाचस्पति डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इस उपलब्धि पर उन्हें शिक्षा विभाग के अधिकारियों व शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उप कुलपति डा. ओमप्रकाश पाण्डेय, निर्भय, कुलसचिव इन्द्रजीत तिवारी, अनीता मिश्रा, प्रियम मिश्रा, डा. मनीष देव गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### एक किलो 110 ग्राम गांजा बरामद, एक गिरफ्तार

**ओबरा।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना के निर्देश पर जनपद में मादक पदार्थों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने रासपहाड़ी मोड़ से बग्घानाला की तरफ जाने वाले सड़क पर गोविन्द कुमार निवासी गजराज नगर डाला मोड़ के पास को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए युवक के पास से 1 किलो 110 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी इसके पूर्व भी छह बार एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया जा चुका है। टीम में धर्मनारायण भार्गव, रामलोचन, राजेश दूबे, अखिलेश कुमार शामिल रहे।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक 20 को

**सोनभद्र।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तीन व पांच मार्च तक आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के बैठक आहूत की गयी है।

### करंट से गाय की मौत

**ओबरा।** स्थानीय पीजी कालेज चौराहा के पास स्थित डिवाइडर पर लगे स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरे करेंट की चपेट में आकर सोमवार की देर शाम एक गाय की मौत हो गई। बताया गया कि अंबेडकर स्टेडियम के सामने अभी नई सड़क के साथ ही डिवाइडर बनाया गया था। सड़क के बीच बने डिवाइडर में स्ट्रीट लाइट के नए पोल लगवाए गए हैं। बीचों बीच मिट्टी डालकर उसे सिंचाई किय गया था। लेकिन पोल के नीचे तार कटा हुआ था। देर शाम एक गाय टहलते हुए पोल के पास चली गई, जिसकी करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई।

### एएसपी ने जांचा दंगा नियंत्रक उपकरण

**सोनभद्र।** अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली तथा निरीक्षण किया। इसके बाद शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए जवानों से परेड की दौड़ लगवाई। इस क्रम में उन्होंने यूपी 112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की। तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी को सलामी दी गयी। इस दौरान क्वार्टर गार्द, स्टोर, परिवहन शाखा, मेस, पुलिस बैरक व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए सम्बंधित को निर्देश दिए गए।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



पुलिस गिरफ़्त में आरोपी

**अनपरा।** स्थानीय पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने बताया कि एक बालिका से तुषारदास गुप्ता पुत्र निरंजनदास गुप्ता निवासी बजरंग नगर, अनपरा ने बीते नवम्बर 2023 में दुराचार किया। उक्त घटना के सम्बन्ध में दोनों परिवारिजन ने कही शिकायत नहीं की। इस पर बालिका नाराज होकर गुजरात के सूरत शहर जाकर वहां थाना वेसु क्षेत्र में घरेलू काम करने लगी। बालिका गर्भवती थी किन्तु अनजान थी। बीमार होने पर उसने दवा का सेवन कर लिया, जिससे उसको मृत बच्चा हो गया। इसकी सूचना पर थाना वेसु सूरत गुजरात की पुलिस ने बालिका का जानकारी कर उसके नवजात शिशु का टेस्ट कराया। इसके बाद मिलान होने पर बालिका की मां को बुलाकर अनपरा स्थानांतरित कर दिया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी पिपरी को विशेष निर्देश दिये। इस क्रम में पुलिस टीम ने मंगलवार को आरोपी तुषार दास गुप्ता को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# एसडीएम ने क्रशर व्यवसाइयों के साथ प्रदूषण रोकने पर किया मंथन



**ओबरा।** बिल्ली मारकुंडी क्रशर क्षेत्र में प्रदूषण की रोकथाम को लेकर क्रेशर व्यवसायियों संग उप जिलाधिकारी विवेक सिंह व सहायक प्रदूषण अधिकारी सुशील कुमार ने सोमवार को यूनियन कार्यालय पर बैठक कर नियमानुसार क्रशर संचालन पर जोर दिया। बैठक के दौरान क्रेशर व्यापारियों से एसडीएम ने कहा कि पिछले दिनों बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र के कई क्रेशर प्लांटो पर जाकर संयुक्त टीम ने जांच किया था। लेकिन कई प्लांटों पर प्रदूषण की रोकथाम को लेकर दिए गए निदेर्शों का पालन नही किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में प्रदूषण बढ़ रहा है। उन्होंने क्रेशर संचालकों को जल्द से जल्द पानी छिड़काव करने के फौब्बारा को सही कराने का निर्देश दिया। अन्यथा की स्थिति में कुछ दिन बाद पुनः जांच में मानक अनुसार नही पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। मानक को पूरा करके प्रदूषण रोकने में सभी क्रेशर संचालको की गंभीरता दिखाई देनी चाहिये। जल्द ही ओबरा चोपन व डाला नगर पंचायत के अधिकारियों को पत्र भेजकर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउंटेड मशीन वाहन का संचालन एरिया वाइज खनन क्षेत्र में संचालित किए जाने के लिए किया जाएगा। वही सहायक प्रदूषण अधिकारी सुशील कुमार ने क्रेशरों पर फॉग गन के इस्तेमाल करने के साथ,कन्वेयर को कवर रखने, पानी का बराबर छिड़काव सुनिश्चित करने की अपील के साथ शाम 5 से रात्रि 10 बजे तक क्रशर बंदी का पालन करने की बात कही। क्रशर यूनियन अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि यूनियन द्वारा बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र में लगातार टैंकर के माध्यम से नियमित प्रदूषण की रोकथाम के लिए छिड़काव कराया जा रहा है। बताया कि खनन क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण के लिए डीएमएफ फंड से वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउंटेड मशीन वाहन को खरीदा गया है। यह मशीन स्प्रिंकलर माध्यम से पानी का छिड़काव खनन क्षेत्रों में हर वक्त रहने वाले धूल-मिट्टी के गुबार से राहत दिलाएगी। नियंत्रण के लिए वाटर स्प्रिंकलर एप्लीकेशन माउंटेड मशीन वाहन नियमित रूप से संचालित किया जाना अति आवश्यक है। बैठक में सचिव अभिषेक सिंह, उपाध्यक्ष मिथिलेश अग्रहरि, कोषाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, संगठन मंत्री उमाशंकर अग्रहरि, धर्मराज उपाध्याय, राजू केशरी, वरिष्ठ व्यवसायी बृजभान अग्रवाल, श्यामलाल केशरी, चंद्रभूषण गुप्ता, शिवजी अग्रहरि, सूर्यनारायण अग्रहरि, लवकुश अग्रहरि, राजेन्द्र गर्ग, ताड़केश्वर केशरी, मनोज गुप्ता, बहादुर केशरी, कमलेश्वर केशरी, विनोद केशरी, अजय अग्रहरि, विनोद राय, सुशील सिंह, संजय केशरी आदि मौजूद रहे।

## सात गांवों में एक दिन पहले जलेगी होलिका

**बभनी।** क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले तो फरीपान और देवहार पूर्वी में दो दिन पहले होलिका दहन होगा। वहीं क्षेत्र के सात गांवों में एक दिन पहले होलिका जलेगी। प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय ने बताया कि क्षेत्र में 65 स्थानों पर होलिका जलाई जाएगी। क्षेत्र के मगरमांड गांव में चार दिन पहले होलिका जलेगी। मगरमांड में बीते रविवार को होलिका दहन किया गया और सोमवार को होली खेली गयी। वहीं मंगलवार को देवहार पूर्वी और फरीपान में होलिका दहन किया गया। इसके अलावा जौराही, सेवढीटोला, पतखीरना, कनवा, बरवाटोला गांव में एक दिन पहले होलिका दहन किया जाएगा। गांवों में 12 मार्च को होलिका दहन और 13 को होली खेली जाएगी। गांव के रामदौलत, रामबरन सिंह, लक्ष्मी नारायण, रामसागर, रामनरायण ने बताया कि पूर्वजों से यह परंपरा चली आ रही है। जिसका निर्वहन आज तक नई पीढ़ी करती आ रही है। लक्ष्मी ने बताया कि पहले एक साथ होली का त्योहार मनाया जाता था। सैकड़ों वर्ष पहले होली के दिन अप्रिय घटना घट गई, इसके बाद से गांव में एक दिन पहले होली मनाने लगे।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्य के मिले 36 प्रस्ताव



बैठक को संबोधित करते सदर ब्लॉक प्रमुख

**सोनभद्र।** सदर ब्लॉक सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों की एवं ग्राम प्रधानों की हुई बैठक में विकासकार्यों को लेकर 36 प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी उत्कर्ष सक्सेना के नेतृत्व में बैठक का शुभारंभ हुआ। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रधानों ने अपने क्षेत्र के विकासकार्यों को लेकर 36 प्रस्ताव के मुद्दे उठाए, जिस पर ब्लॉक प्रमुख द्वारा सहमति जतायी गयी। प्रमुख ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना लाभार्थियों के सर्वे, शौचालय, 70 वर्ष से ऊपर के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने, गर्मी में जलापूर्ति व्यवस्था सुचारू ढंग से मुहैया कराने सहित विकास कार्यों को लेकर प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसपर उच्च अधिकारियों से वार्ता कर कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर सुरेश शुक्ला, महिपाल लकड़ा, पवन शुक्ला, अर्चना त्रिपाठी, नीलम त्रिपाठी, राम भरोसे, सुधीर श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, इंद्रजीत यादव, अनुपम त्रिपाठी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# अद एस की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



**दुद्धी।** अपना दल एस की मासिक बैठक सोमवार को निजी होटल में विधानसभा अध्यक्ष निरंजन जायसवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की गयी। वहीं संगठन का विस्तार बूथ, जोनल व सेक्टर स्तर पर कर मजबूत करने की बात कही गई। विशिष्ट अतिथि मान सिंह गोंड़ ब्लाक प्रमुख म्योरपुर व प्रभारी विधानसभा रमेश सिंह पटेल ने कहा कि आगामी पंचायत चुनावों में पार्टी मजबूती के साथ अपना प्रदर्शन करेगी। कहा कि गांव-गांव में जाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ता बनाएं, जिससे चुनाव के समय अपना प्रत्याशी को चुनाव जिताया जा सके।

संगठन को मजबूत करने के लिए हर गांव में जाकर पार्टी का प्रचार-प्रसार किया जाए। इस मौके पर राम सुरेश कुशवाहा, नंदलाल भारती, उदितनारायण पटेल, अर्जुन गुप्ता, दशरथ पनिका, दिनेश गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, श्रवण कुमार, लाल बिहारी पटेल, सुधीर कुमार, दिनेश वर्मा, अब्बास अंसारी, बली सिंह, दयाल सिंह, रमाशंकर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## एनसीएल से कोयला लेकर गये दो ट्रक लापता, दी तहरीर

**शक्तिनगर।** एनसीएल दुद्धिचुआ परियोजना से लाखों का दो ट्रक कोयला लोड कर पश्चिम बंगाल के लिए गई गाड़ियों का अभी तक पता नही चलने पर पुलिस को तहरीर देकर खोजने की गुहार लगाई गयी। मंगलवार को पुलिस को दिए तहरीर में रमेश कुमार मिश्रा निवासी यादव मिल्क डेयरी काशी मोड़ अनपरा ने बताया कि बीते छह मार्च को राज लक्ष्मी ट्रेडर्स लॉजिस्टिक्स एंड ट्रान्सपोटिंग दुद्धि चुआ प्रोजेक्ट से दो ट्रक कोयला लोडकर वर्धमान वेस्ट बंगाल के लिए गया, लेकिन आज तक पता नहीं चल रहा है। दोनों गाड़ियां राहुल द्वारा मुहैया कराई गयी थी। जब उनके मोबाईल पर फोन किया गया तो रिसीव नहीं हुआ। गाड़ी के रजिस्ट्रेशन नंबर पर दिए मोबाईल पर बात की गई तो पता चला कि उनकी गाड़ी नही है। दोनों वाहनों के चालक असलम एवं शहजाद है, उनके भी नंबर बंद हैं। भुक्तभोगी ने दोनों की फोटो, गाड़ी का पेपर पुलिस को उपलब्ध कराकर न्याय की गुहार लगाई।

# 54वें सुरक्षा सप्ताह का समापन अल्युमिना प्लांट टीम विजेता



ट्रॉफी के साथ विजेता टीम

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को सेफ्टी विभाग द्वारा 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में बीते चार से 10 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस वर्ष की सुरक्षा प्रतियोगिता में फायर ड्रील रेस्क्यू एवं सीपीआर, सेफ्टी कविता ,सुरक्षा पहेली, ज्ञान प्रवाह, पीपीई यूजेज, सेफ्टी इनोवेशन, इन्सटैन्ट जेएसए, बीबीएसओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनका वरिष्ठ निर्णायक मण्डल के सदस्यों द्वारा मूल्यांकन किया गया।

सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्लान्ट एवं विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बड़े उत्साह के साथ सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबध्दता तथा कटिबध्दता को दिखाया। संस्थान के सेफ्टी ग्राउण्ड में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि समीर नायक रहे। फॉयर एण्ड सेफ्टी हेड जय तिवारी ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा माह के दौरान उपस्थित सभी टीमों एवं उनके प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने संविदाकार सुरक्षा प्रबंधन एवं सुरक्षा की नई कार्य संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी मिलकर ही अपने संस्थान को सुरक्षित बना सकते हैं तथा शून्य नुकसान के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को जयेश पवार, रोहित चौरसिया, राजेश कपूर, हिमांशु श्रीवास्तव, स्वपन गुप्ता, तपन पाल, कर्नल रोहित शर्मा, मधुस्मिता साहू, कैलाश प्रधान ने पुरस्कार तथा ट्राफी से सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज करके एल्युमिना प्लांट चैंपियन ऑफ द सेफ्टी सप्ताह का खिताब प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान के लिए रिडक्शन प्लान्ट को रनर ट्राफी दी गई। संचालन सुशील पाण्डेय ने किया। इस मौके पर जयेश पवार, रोहित चौरसिया, राजेश कपूर समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। शैलेन्द्र पाण्डेय ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# चुनावी प्रक्रिया मजबूत करने को सुझाव आमंत्रित

सोनभद्र। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। राजनीतिक दलों को जारी पत्र में आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह सम्बन्धितों से किया। संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हित धारकों में से एक प्रमुख हित धारक हैं। उन्होंने बताया कि आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960 चुनाव संचालन नियम, 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदिशों और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों, मैनुअल और हैंडबुक ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया गया है।

### राजनैतिक दल प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम ने की बैठक

**दुद्धी।** स्थानीय तहसील में एसडीएम निखिल यादव ने सभी राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वोटर लिस्ट में नाम बढ़ाने व संशोधन पर चर्चा की। एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान पर चर्चा करते हुए सभी से सहयोग की अपील किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र पर सत्यापन सहित अन्य बिंदुओं पर सहयोग करें। दावे और आपत्तियों के बारे में भी जानकारी रखकर हर बिंदुओं पर मतदाताओं को भी इसकी प्रक्रिया बताएं। बीएलओ व सुपरवाइजर घर-घर जाकर नाम का सत्यापन कर रहे हैं। इसके अलावा सम्बंधित अधिकारियों द्वारा भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। इस मौके पर बीडीओ राम विशाल सिंह, महेन्द्र मौर्य, दीपक शाह, प्रेमनारायण सिंह मोनु, दिलीप पांडेय, संजू तिवारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## परीक्षा में ड्यूटी कर रहे अध्यापक की हार्ट अटैक से मौत

**डाला।** चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के परासपानी स्थित राजकीय इंटरमीडिएट कालेज गुरमुरा में मंगलवार को प्रथम पाली में यूपी बोर्ड दसवीं के समाजिक विज्ञान की परीक्षा चल रही थी। परीक्षा समाप्ती के बाद परीक्षा दिलवाले हेतु नियुक्त सहायक अध्यापक राम नरेश शिक्षक कंपोजिट विघालय बैरपुर निवासी फतेहपुर ने सीने में दर्द की बात कही। जिसपर राजकीय इंटरमीडिएट कालेज गुरमुरा के प्रधानाचार्य ने प्राइवेट साधन से सहायक अध्यापक को चोपन अस्पताल भेजवाया। जहां उपचार के दौरान शिक्षक की मौत हो गयी। प्रधानाचार्य दिल मुहम्मद ने बताया कि यूपी बोर्ड की प्रथम पाली की परीक्षा समाप्त करवाने के पश्चात समस्त अध्यापकों से परीक्षा की कापी एकत्रित कर जमा करवाया जा रहा था कि सहायक अध्यापक द्वारा सीने में दर्द की बात कही गई। आनन-फानन में प्राईवेट साधन से शिक्षक को चोपन अस्पताल भेजवाया गया और वहां यह घटना घट गई।

# एसपी को पत्र लिख लगायी न्याय की गुहार

जनसंदेश न्यूज

**रेणुकूट।** नगर के समाजसेवी विजय प्रताप सिंह ने पुलिस और निजी कंपनी के चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा फर्जी मुकदमें में फंसाए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने एसपी अशोक कुमार मीणा को भेजे पत्र में लिखा कि पीड़ित समाज के कमजोर और असहाय लोगों की आवाज को प्रशासन तक पहुंचाने के साथ ही उनकी संभव मदद करता है।

एक घटनाक्रम में तीन मार्च की मध्य रात्रि सूचना मिली कि धरिकार मोहल्ले की रहने वाली एक महिला को बाइक से टक्कर लग गया। घायल महिला को स्थानीय लोगों की मदद से हिंडाल्को अस्पताल लाया गया। प्रार्थी द्वारा महिला के त्वरित इलाज के लिए हिंडालको चिकित्सालय के अधिकारियों से वार्ता की गई तो उन्होंने इलाज करने से मना कर दिया। इसके बाद घायल महिला को वाहन द्वारा इलाज के लिए बैढ़न भेज दिया गया। दूसरी ओर दुर्घटना करने वाले बाइक सवार को पुलिस द्वारा पकड़कर स्थानीय चौकी लाया गया। लेकिन दो दिनों बाद बिना किसी कार्रवाई के बाइक सवार को छोड़ दिया गया।

कहा कि प्रार्थी एक समाजसेवी है। अस्पताल व पुलिस की लापरवाही को उजागर करने से यह लोग प्रार्थी से नाराज रहते हैं। जिसके क्रम में अस्पताल प्रबंधन द्वारा पुलिस की मिलीभगत से मुकदमा दर्ज कराया गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से चिकित्सालय में लगाए गए सीसीटीवी फुटेज व अन्य स्त्रोतों से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई किए जाने एवं उन पर लगे फर्जी मुकदमे में न्याय दिलाए जाने की मांग की है।

# प्रभावित किसानों को मार्च में करें मुआवजे का भुगतान

**समीक्षा बैठक**

**भारत माला समेत विभिन्न परियोजनाओं के तहत भूमि अधिग्रहण के मामलों की हुई समीक्षा**


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

**चंदौली।** डीएम की अध्यक्षता में मंगलवार को भारत माला परियोजना, डीएफसीसीआईएल के भूमि अधिग्रहण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। डीएम ने प्रभावी तहसील क्षेत्र के तहसीलदारों को कहा कि भारत माला परियोजना के तहत प्रभावित बचे किसानों की जमीन के सत्यापन और उनको मुआवजा दिलाने की कार्यवाही में तीव्रता लाते हुए पूर्ण किया जाए। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की ऐसे लेखपाल जिनके द्वारा मुआवजा संबंधित कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही पाई जाती है तो उनको किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी। परियोजना के तहत प्रभावित जमीन में कुछ गांवों में जो शेष भुगतान रह गया है उसका भुगतान मार्च महीने तक कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा की प्रभावित किसानों की जमीन का सत्यापन कर 20 मार्च 2025 तक सूची किसी भी दशा में तैयार कर उपलब्ध कराते हुए उनको मुआवजा दिलाने की जिम्मेदारी का शत-प्रतिशत निर्वाहन करे। जिलाधिकारी ने कहा की जहां पर किसी प्रकार समस्या उत्पन्न हो रही है तो मौके पर गठित टीम जाकर निस्तारण करे। इसी प्रकार रिंग रोड, रेलवे थर्ड लाइन में प्रभावित जमीन, जिसका भुगतान अभी तक नही किया है उसकी रिपोर्ट तैयार कर भुगतान की प्रक्रिया अविलम्ब पूर्ण करा लिया जाय। सरकारी जमीन, तालाब आदि की जमीन को चिन्हित करते हुवे अग्रिम कार्यवाही करे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रतन वर्मा, ओसी अविनाश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्पेशल फेयर गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन में यात्री की मौत

**डीडीयू नगर।** मध्य प्रदेश के सोगरिया से दानापुर जा रही स्पेशल फेयर गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा के दौरान मंगलवार की सुबह यात्री की मौत हो गई। जीआरपी के अनुसार यात्री बीमार था और एक वर्ष पहले ही उसके हार्ट का आपेरशन भी हुआ था। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है। बिहार के मुंगेर जनपद के सोनडीहा तारापुर गांव निवासी नीरज कुमार (56) मध्य प्रदेश के सतना में रहकर निजी कंपनी में काम करते थे। होली के मद्देनजर नीरज कुमार अपने रिश्तेदार के साथ दानापुर स्पेशल फेयर गरीब रथ एक्सप्रेस में कोच संख्या जी-5 सीट संख्या 34 पर सवार होकर दानापुर की यात्रा कर रहे थे। ट्रेन के प्रयागराज से आगे बढ़ने पर नीरज के सीने में तेज दर्द शुरू हुआ। इस पर सहयात्रियों ने इसकी सूचना कोच अटेंडेंट को दी। कोच अटेंडेंट ने कंट्रोल को सूचना दी। सूचना पाकर रेलवे के लोको मंडलीय अस्पताल से चिकित्सकों की टीम स्टेशन पर पहुंच गई। ट्रेन सुबह आठ बजे रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर पहुंची। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद नीरज को मृत घोषित कर दिया।

# अवैध बिजली जलाने वाले छह लोगों पर एफआईआर दर्ज

जनसंदेश न्यूज


चेकिंग अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम।

**चंदौली।** बिजली विभाग विजिलेंस की संयुक्त टीम ने मंगलवार को नगरीय सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध कनेक्शन धारियों व बकाएदारों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिजली के अवैध कनेक्शन धारियों में हड़कंप मच गया। बिजली विभाग व बिजलेंस की टीम ने 20 बड़े बकायादारों का कनेक्शन काटने के छह अवैध कनेक्शन धारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो लाख का राजस्व वसूल किया। शासन के निर्देश पर चंदौली सबस्टेशन के अवर अभियंता सुनील कुमार व बिजलेंस की टीम ने पुलिसकर्मियों व कर्मचारियों संग नगर सहित मझवार व जसुरी गांव में चेकिंग अभियान चलाया गया।

इसमें दो दर्जन से अधिक बिजली के अवैध कनेक्शन चलाने वालों का तार काटकर उतरवा दिया गया और छह लोगों पर केस दर्ज कराया गया। वहीं बकायेदारों से शीघ्र बिजली बकाया जमा करने की चेतावनी दी गई। कहा कि अगर जल्द ही बिजली बकाया जमा नहीं हुआ तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। साथ ही अवैध बिजली जला रहे लोगों पर एफआइआर सुनिश्चित है। अवर अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान में 20 बकायादारों का कनेक्शन काट के साथ छह अवैध कनेक्शन धारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। साथ ही दो लाख की राजस्व वसूल किया गया है। इस दौरान विजिलेंस प्रभारी राम प्रवेश, अवर अभियंता टेस्ट इमरान सिद्दीकी, निरंजन यादव, विजय आदि मौजूद रहें।

## संक्षेप

### कलश यात्रा व संकीर्तन के साथ 13 को शुरू होगा सिद्धपीठ महोत्सव



धानापुर। सिद्धपीठ धाम खड़ान में 13 मार्च से पांच दिवसीय सिद्धपीठ महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। परमहंस बाबा प्रसन्नदास जी महाराज का महोत्सव हर वर्ष की भांति 13 मार्च प्रातः 8 बजे से गंगा जलभरी कलश यात्रा एवं संकीर्तन के साथ शुरू होगा। 14 मार्च को प्रातः बाबा का खड़ाऊ पूजन एवं श्रृंगार तथा 15 मार्च से 17 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं 5 बजे तक संगीतमय मानस कथा होगी। 15 मार्च को रात्रि 8 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रदेश के मशहूर कवि शामिल होंगे। 16 मार्च को रात्रि 10 बजे बिरहा लोकगीत सुधीर लाल यादव और खुशी यादव द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। 17 मार्च को प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रात्रि 8 बजे से भोजपुरी संगीत एवं झांकी प्रस्तुत किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला पंचायत सदस्य अंजनी सिंह ने दी है।

### 35 लीटर शराब के साथ छह तस्कर गिरफ्तार



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान जीआरपी बैरक के पास से विभिन्न झोले से 35 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब बरामद किया। इस दौरान छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस उनके खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय विजय बहादुर सिंह ने बताया कि टीम द्वारा रात्रि चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान जीआरपी बैरक के पास 06 व्यक्ति पिट्ठू बैग व झोला लेकर सड़क की तरफ आते दिखाई दिये। सभी व्यक्ति सामने पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर भगाने का प्रयास करने लगे। जिस पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर सभी को रोककर पूछताछ व तलाशी ली गई। सभी के पास से कुल मिलाकर 35 लीटर शराब बरामद हुआ। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार आबकारी अधिनियम में मामला पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### कांग्रेसियों ने वितरित किया कैलेंडर

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के काली महाल चौराहा स्थित कैंप कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा भेजे गये वर्ष 2025 के कलेंडर को कांग्रेस पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओ को वितरित कर होली की बधाई व शुभकामनाएं दिया। निवर्तमान शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा कांग्रेस की विचारधारा अलग है। हम प्रगति और जनता की भलाई के लिए काम करेंगे। हम ध्रुवीकरण की राजनीति में शामिल नहीं हैं।आज देश प्रदेश के युवाओं को एक नये विजन की जरूरत है। यह कांग्रेस ही दे सकती है। भाजपा यह विजन नहीं दे सकती। इस अवसर पर बृजेश गुप्ता,नेहाल अख्तर, दशरथ चौहान, विजय कुमार गुप्ता, कमरुल बारी, दुर्गा जायसवाल, डा.नंदलाल प्रसाद गुप्ता, फैयाज अंसारी, मोहन गुप्ता, रमेश सिंह, दिपक गुप्ता आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार का होली मिलन समारोह आज

**चंदौली।** डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को बार सभागार में हुई। इसमें सर्वसम्मति से 12 मार्च को होली मिलन समारोह का आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने देते हुए कहा कि त्यौहार हम सभी को भाईचारे का संदेश देते हैं। होली का पर्व आपसी गिले शिकवे भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की जरूरत है। महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि होली का त्यौहार आपस में एक-दूसरे को जोड़ता है इसे हम सभी मिलकर हंसी-खुशी के साथ मनाना है। इस अवसर पर विद्याचरण सिंह, अनिल कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, शमशुद्दीन, सुल्तान अहमद, अभिनव आनन्द सिंह, आनन्द सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 17 को आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

चंदौली। शासन की ओर से होलिका दहन व होली के त्योहार को लेकर 13 व 14 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि 15 मार्च को सरकारी कार्यालय एक दिन खुले रहने के पश्चात 16 मार्च रविवार को पुनः अवकाश है। होलिका दहन व होली के त्योहार के पश्चात 15 मार्च को अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ जन मानस को संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करने में कठिनाई उत्पन्न होगी। ऐसे में 15 मार्च को जनपद में स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। 17 मार्च को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

### सभी मिलकर सौहार्द्र के साथ मनाएं होली: सोनू किन्नर



**डीडीयू नगर।** होली पर्व के मद्देनजर नगर पालिका चेयरमैन सोनू किन्नर ने मंगलवार को वनवासी बस्ती में साड़ी का वितरण किया। इस दौरान चेयरमैन ने नगर के लॉट न.02 भाग 2, पथरा भाग-2, चतुर्भुजपुर वार्ड न. 1 स्थित वनवासी बस्ती में 250 महिलाओं ने साड़ी का वितरण किया। उन्होंने लोगों से सौहार्दपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि होली का पर्व लोगों के साथ प्रेम का और आपसी रिश्ते मजबूत करने का पर्व है। ऐसे में प्रेमपूर्वक मिलजुलकर होली का पर्व मनाएं। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि शमशाद अली,सभासद पारस यादव, संतोष, प्रभुणारायण यादव, गोविंद आदि मौजूद रहे।

# चार दिन से जलापूर्ति बंद, कस्बावासियों का प्रदर्शन

**विरोध प्रदर्शन**

**होली और रमजान का त्योहार होने पर भी विभागीय अधिकारी अनजान**

जनसंदेश न्यूज


पेयजल आपूर्ति शुरू कराये जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण।

**सकलडीहा।** कस्बा स्थित टिमिलपुर जल निगम की तीन लाख लीटर की टंकी से कस्बा सहित आधा दर्जन गांवों में पेयजल आपूर्ति होती है। बीते चार दिनों से जल निगम की टंकी का चकवाल पानी खोलने वाली मशीन खराब हो गया है।

जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। होली और रमजान पर्व पर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। होली से पूर्व पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने पर व्यापारियों ने आंदोलन की चेतावनी दिया। बीते दो साल बाद भी जल जीवन मिशन के तहत नागेपुर, सकलडीहा, ईटवा,तेन्दुई सहित कई गांवों में टंकी का निर्माण नहीं हो पाया। टिमिलपुर में जल निगम की टंकी से ही इन गांवों में पेयजल आपूर्ति होता है। बीते एक सप्ताह पूर्व सकलडीहा इंटर कॉलेज गेट के समीप केबिल डालते समय पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो गया था। दो दिन बाद ठीक होने पर जल निगम की टंकी की चकवाल पानी खोलने वाली मशीन खराब होगया। जिसके कारण न भरी टंकी खाली हो पा रहा है। टंकी में पानी होने के बाद भी पेयजल आपूर्ति चार दिनो से बाधित है। होली और रमजान के त्योहार पर पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया।उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्ता ने बताया कि समस्या का समाधान नहीं होने पर आन्दोलन की चेतावनी दिया। इस बाबत एसडीएम अनुपम मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही अधिकारियों से वार्ता करके समस्या का समाधान कराया जायेगा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में सुरेश यादव, मोनू, सुमित, अभय यादव, मंगल,पंकज, शिव,मनीष चौहान सहित अन्य रहे।

# त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग करें आमजन



**चंदौली।** आगामी त्योहार होली व जुमे की नमाज को देखते हुए मंगलवार को ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह व सीओ राजेश कुमार राय ने नगर के सभ्रांत नागरिकों संग कोतवाली में बैठक किया। आगामी त्योहार को मद्देनजर जनपद आपसी सौहार्द व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने की जिम्मेदारी पुलिस के साथ-साथ आमजन की भी है। त्योहार हम सभी के लिए खुशियां लेकर आते हैं। ऐसे में इसमें खलल डालने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। बाजारों व क्षेत्रों में किसी की गतिविधियां संदिग्ध दिखती है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। समय रहते पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगी। अफवाहों पर ध्यान न दें। त्योहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं कहा कि भीड-भाड़ वाले स्थानों बाजार, सरार्फा बाजारों अन्तर्राज्यीय बार्डरों व सदिंग्ध संवेदनशील स्थानों पर पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह, दुर्गेश यादव, रावेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# चलती गाड़ी में लगी आग बाल-बाल बचे सवार


चहनियां कस्बा में आग लगी गाड़ी में आग बुझाते ग्रामीण।

**चहनियां।** कस्बा के यूनियन बैक के पास चलते-चलते गाड़ी में आग लग गयी, जिससे अफरातफरी का महौल उत्पन्न हो गया वही आस-पास के दुकानदारों ने शीघ्रता दिखाते हुए आग पर काबू पाया नहीं तो भारी घटना घट सकती थी। बताते हैं कि कवई पहाड़पुर निवासी रंजित यादव अपनी चार पहिया वाहन से चहनियां स्थित एक निजी अस्तपताल में जा रहे थे। जैसे ही चहनियां यूनियन बैंक के पास पहुँचे अचानक बोनट से धुंआ निकलने लगा। बोनट के अंदर आग लग गयी, जिससे आनन-फानन में ड्राइवर ने गाड़ी खड़ी कर उसमें सवार तीन लोगों को बाहर निकाला और बुझाने लगा। आसपास दुकानदारों ने तत्परता दिखलाते हुए घरों से बाल्टी मे पानी लेकर दौड़ पड़े और आग पर किसी तरह काबू पा लिया, जिससे भारी घटना घटने से बच गयी। इस घटना के बारे में बलुआ थाना प्रभारी डा.आशीष मिश्रा ने बताया की घटना की जानकारी नहीं मिली है, घटना के बारे. में पता कर उचित कार्यवाही किया जायेगा।

## चोरी की गई लूना बरामद, तीन गिरफ्तार

**डीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली पुलिस द्वारा घर के सामने से लूना चोरी करने वाला 01 अभियुक्त और दो सहयोगी बाल अपचारी को गिरफ्तार किया। जिनके खिलाफ कार्रवाई की गई। बताते हैं कि हरिशंकरपुर धोबियानी बस्ती निवासी रूकशाना पत्नी मेराज ने थाने में तहरीर दिया था कि घर के सामने से मेरी लूना गाड़ी चोरी हो गयी है। इस सूचना पर थाना मुगलसराय पर मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित की गई। टीम द्वारा पड़ाव चौराहा पर चेकिंग के दौरान हरिशंकरपुर, धोबियानी बस्ती से चोरी गई लूना बाइक को तीन लड़के कहीं बेचने की फिराक में चंदासी प्लांट डिपो के पास से आ रहे है। इस सूचना पर थाना मुगलसराय की पुलिस टीम जैसे ही चंदौसी प्लांट डिपो मार्ग से पहले पहुंची। पुलिस टीम को देखकर लूना चालक द्वारा गाड़ी को धीमा किया गया। इसके बाद गाड़ी बंद हो गई। आसपास लगी लाइट की रोशनी में तीनों लड़के दिखने लगे जिनको हिरासत में लिया गया।

# खोए मोबाइल को राजकीय रेलवे पुलिस ने किया वापस

**लोगों में खुशी**

**55 लोगों के चेहरे पर आई मुस्कान**

जनसंदेश न्यूज



जीआरपी कोतवाली पर मोबाइल के साथ लोग।

**डीडीयू नगर।** होली पर्व पूर्व राजकीय रेलवे पुलिस ने 55 लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी है। यात्रा के दौरान खोए 55 लोगों के मोबाइल फोन को सर्विलांस की सहायता से खोज निकाला और मंगलवार को जीआरपी थाने पर बुलाकर मोबाइल स्वामियों को उनके खोए मोबाइल वापस कर दिए। खोए हुए मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल गए।


मोबाइल फोन आज के समय में लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण हो गया है। इसके खो जाने पर लोग परेशान हो जाते हैं। अक्सर यात्रा के दौरान ट्रेन में अथवा रेलवे स्टेशन पर लोगों के मोबाइल खो जा रहे हैं। ऐसे में इनकी सहायता में जीआरपी आगे आई है। पिछले एक वर्ष में जीआरपी ने सौ से अधिक खोए हुए मोबाइल खोज निकाले हैं। इसी कड़ी में जिनके मोबाइल खोए थे, उन्हें फोन कर मंगलवार को जीआरपी बुलाया गया। मंगलवार की दोपहर में 12 बजे जीआरपी कोतवाली पहुंचे 55 लोगों को जीआरपी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने मोबाइल फोन वापस कर दिए। खो चुके महंगे मोबाइल फोन वापस पाकर लोगों के चेहरे खिले नजर आए। जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मोबाइल खोने की सूचना पर ईएमईआई नंबर को सर्विलांस पर लगाया गया। यही नहीं मोबाइल खोज के लिए जीआरपी की स्पेशल टीम गठित की गई। काफी प्रयास के बाद मोबाइल मिलने पर मोबाइल धारकों को बुलाकर सौंपा गया है। इस दौरान सर्विलांस टीम के साथ एसआई संदीप राय, स्वतंत्र कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद छोटेलाल खरवार पर अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं

जनसंदेश न्यूज

**बोले व्यास जी**

**मामले को लेकर लखनऊ से दिल्ली तक करेंगे घेराव**



अलीनगर में व्यास जी गोंड का स्वागत करते सपा जिलाध्यक्ष व अन्य।

**नियामताबाद।** दिशा की मीटिंग के दौरान जिस तरह से भाजपा के विधायकों द्वारा आदिवासी, एससी-एसटी समाज के सांसद छोटेलाल खरवार के साथ अमर्यादित टिप्पणी किया गया इससे यह साबित हो रहा है कि पिछड़ा और दलित समाज के साथ सत्ता पक्ष के लोग किस तरह का व्यवहार कर रहे हैं। इसको लेकर हम लोग जनपद से लेकर प्रदेश तक आंदोलन शुरू करने का काम करेंगे। उक्त बातें मंगलवार को अलीनगर स्थित संतोष यादव के आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड ने कही।

उन्होंने कहा कि चंदौली की घटना से साबित हो रहा है कि भाजपा सरकार में किस तरह के जनप्रतिनिधि है। यह अपमान हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको लेकर लखनऊ से दिल्ली तक घेराव करने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को पत्र के माध्यम से अवगत कराने का काम करेंगे। कहाकि जनपद में जिस तरह से सड़क निर्माण में जनता की आवाज को दबाकर सड़क पतलीकरण करने का काम किया जा रहा है। वही टेंडर में भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। अगर यह मुद्दा हमारे विधायक और सांसद सदन में उठाए तो इनके जनप्रतिनिधि तिलमिला उठे। इससे साबित हो रहा है कि इनकी मिलीभगत से ही भ्रष्टाचार का खेल चल रहा है। यहां तक की सत्तापक्ष के विधायक जनपद के जिलाधिकारी तक को तुम तणाम से बात कर रहे हैं। इन सभी का हिसाब किताब जनता और आदिवासी समाज लेने का काम करेगा।

जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर ने कहा कि सदन में हमारे सांसद और विधायक हमेशा जनता की आवाज बनकर समस्याओं को उठाने का काम कर रहे हैं। चाहे रोजगार की बात हो, भ्रष्टाचार का खेल हो, सड़क चौड़ीकरण का मामला हो, महिलाओं के साथ अत्याचार का सवाल हो। सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों को नागवार गुजर? रहा है। यही नहीं हमारे ओबीसी समाज से एकमात्र सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव ने विधानसभा में जनपद की तमाम समस्याओं को लेकर सचेत और मुखर रहते हैं। यही स्थिति चकिया लोकसभा या चंदौली लोकसभा क्षेत्र की हो। इसको लेकर हमारे दोनों सांसद उच्च सदन में भी उठाने का काम करते हैं। अगर जनता की आवाज सदन में उठाना लोगों को नागवार लग रहा है तो इससे बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है। इस मौके पर समाजवादी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय गोंड बॉर्डर, पूर्व चेयरमैन मुसाफिर चौहान, खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के पूर्व सदस्य संतोष यादव, दिलीप पासवान, अखिलेश यादव, प्रदीप यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# डकैती, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले में सभी आरोपी दोषमुक्त

**चंदौली।** न्यायालय अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश चंदौली की अदालत ने डकैती, हत्या के प्रयास, लोकसेवक को सरकारी काम से रोकने एवं सार्वजनिक सम्पत्ति व अवैध कब्जे के मामले में की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने नौगढ़ थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 49/2004 अंतर्गत धारा-396, 307, 333, 412 आईपीसी एवं 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 3/4 पीपी एक्ट में अभियुक्तों को दोषमुक्त करार दिया।

उक्त मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राकेश रत्न तिवारी ने न्यायालय के समक्ष तर्क एवं साक्ष्य प्रस्तुत किया। अपर सत्र न्यायाधीश पारितोष श्रेष्ठ की अदालत ने सत्र परीक्षण संख्या-189/2013, मुकदमा अपराध संख्या-49/2004, थाना नौगढ़ में दर्ज अभियोग में अभियुक्त मुन्ना विश्वकर्मा व रामसजीवन कुशवाहा को धारा-396, 307, 333, 412 आईपीसी व धारा-5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं धारा-3/4 पीपी एक्ट के आरोपों से दोषमुक्त करार दिया। वहीं सत्र परीक्षण 113/2014 में न्यायालय ने अभियुक्त लालब्रत कोल उर्फ कमल जी उर्फ राजगुरु जी व हरिशंकर उर्फ बब्बल कोल उर्फ अजीत को दोषमुक्त करार दिया।

अभियुक्त रामसजीवन जिला कारागार वाराणसी में निरुद्ध है, वहीं अभियुक्त मुन्ना विश्वकर्मा, मंडल कारागार कैमूर भभुआ बिहार में निरुद्ध है। न्यायालय ने अपने आदेश में उक्त मामले में अभियुक्तों का रिहाई परवाना तत्काल संबंधित कारागार प्रेषित करने को कहा है। साथ ही जिला कारागार से रिहा होने के पश्चात अभियुक्तों को एक सप्ताह के अंदर धारा-437ए के प्रावधानों का अनुपालन करने का आदेश दिया।



# स्पोर्ट्स



# हॉकी के खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा

## मोदी सरकार 12 करोड़ रुपये का पुरस्कार बांटेगी





**नई दिल्ली।** अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इमसें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा। पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा।

**सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-** बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार- लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।

**सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-** संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता। के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से शुरू होंगे

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी। इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पधाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। तब हरियाणा पहले जबकि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

## खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगा बैन हटाया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने करीब 15 महीने बाद भारतीय कुश्ती महासंघ का बैन हटा दिया है। बैन हटने के बाद अब फेडरेशन टूनार्मेंट आयोजित कर सकेगा। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने सिंह ने कहा, मैं इस फैसले के लिए मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं। अब हम सुचारू रूप से काम कर सकेंगे। खेल के लिए यह बेहद जरूरी था। खिलाड़ी प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले पाने के कारण परेशान थे। अब अगले एक साल के दौरान सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में महिला और पुरुष के तीनों वर्गों में 24 स्पधाएं खेली जाएंगी। साल 2023 में 16 जनवरी को ओलिंपिक मेडलिस्ट साक्षी महिल, विनेश फोगाट सहित कई महिलाओं पहलवानों ने उस समय के डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण सिंह शरण के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाते हुए जंतर मंतर पर धरना शुरू किया था। उनके समर्थन में ओलिंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया भी धरने में शामिल हुए थे। उस समय खेल मंत्रालय के आश्वासन के बाद पहलवानों ने धरना खत्म कर दिया था और फिर से अप्रैल में धरना प्रदर्शन किया था। खेल मंत्रालय ने अंडर-15 (यू-15) और अंडर-20 (यू-20) राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जल्दबाजी में घोषणा करने के लिए डब्ल्यूएफआई को 24 दिसंबर, 2023 को निलंबित कर दिया था। पिछले महीने भारतीय कुश्ती महासंघ का कार्यालय बदले जाने का ऐलान हुआ था। भारतीय कुश्ती महासंघ ने स्वीकार किया था कि उसका संचालन पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के आवास से किया जा रहा था लेकिन यह अस्थायी व्यवस्था है और अगले महीने कनॉट प्लेस में नये कार्यालय से काम शुरू हो जाएगा। डब्ल्यूएफआई को दिसंबर 2023 में खेल मंत्रालय द्वारा निलंबित कर दिया गया था लेकिन पूर्व प्रमुख और पांच बार के भाजपा सांसद बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ चल रहे उत्पीड़न के मुकदमे के बावजूद महासंघ का काम उनके 21, अशोक रोड स्थित घर से किया जा रहा था।



## वरुण को मिलना चाहिये था प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट अवार्ड : अश्विन

**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में 9 विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट दिया जाना चाहिये था पर ये अवार्ड उपविजेता रही न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को दे दिया गया। अश्विन ने कहा कि मैच विजेता होने के बाद भी वरुण को उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज नहीं चुना गया हैरानी की बात है। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम की जीत में वरुण की अहम भूमिका रही है।



अश्विन ने कहा, जो भी कहा जाए मेरे हिसाब से प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट वरुण चक्रवर्ती थे। उन्होंने पूरा टूनार्मेंट नहीं खेला पर उन्होंने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया। अगर वरुण नहीं होते, तो फाइनल मैच बहुत अलग होता। उन्होंने एक्स-फैक्टर जोड़ा। अगर मैं जज होता, तो मैं यह अवॉर्ड वरुण को देता। वो सबसे बड़ा अंतर थे। अश्विन, वरुण की उस गेंद से खासे प्रभावित हुए जिस पर उन्होंने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। उन्होंने कहा, फिलिप्स स्टंप्स कवर नहीं कर रहे थे, इसलिए वरुण क्रीज से बाहर गए और गुगली डाली। अश्विन ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 251 रनों पर रोकने के लिए भारतीय गेंदबाजों को सराहा।

अश्विन ने कहा, मैं कप्तान रोहित शर्मा और कोच गौतम गंभीर के लिए बहुत खुश हूं। उल्लेखनीय रूप से, इस भारतीय टीम ने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना चैंपियंस ट्रॉफी जीती। यह आपको क्या बताता है? यह भारतीय क्रिकेट को कहां छोड़ता है? मैं बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि दुनिया को भारतीय क्रिकेट को समझने में कुछ समय लगेगा। वहीं वरुण ने माना कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका अभियान इस तरह से चलेगा। मैच के बाद उन्होंने कहा- मुझे उम्मीद नहीं थी कि यह ऐसा होगा। सपना सच हो गया। चक्रवर्ती की गेंदबाजी ने सबको हैरान कर दिया। उन्होंने अपनी फिरकी से बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। उनकी गेंदों को पढ़ पाना मुश्किल था। यही वजह थी कि वो इतने कामयाब रहे। अश्विन ने कहा कि टीम ने एकजुट होकर खेला जिसका फल उसे मिला।

## पेट्रोल पम्प कर्मी को जालसाजों ने पचास हजार का लगाया चूना

**सकलडीहा।** कस्बा स्थित स्टेट बैंक के बाहर घूम रहे जालसाल दो युवकों ने मंगलवार को दोपहर में पेट्रोल कर्मी को झांसा देकर पच्चास हजार रुपये लेकर चंपत हो गये। जबतक पेट्रोली कर्मी कुछ समझ पाता दोनो युवक रफ्फूचक्कर हो गए। पीड़ित पेट्रोल कर्मी ने कोतवाली पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पपौरा गांव निवासी बाबूलाल यादव का पुत्र प्रिंस यादव खड़ेहरा स्थित एक पेट्रोल पंप पर काम करता है। पेट्रोल का पैसा एक लाख 990 रूपया स्टेट बैंक में जमा करने के लिए गया हुआ था। इसी बीच दो जालसाज युवक पेट्रोल कर्मी को पैसा जमा करने का झांसा देते हुए पच्चास हजार रुपये ले लिया। पेट्रोल कर्मी जैसे ही फार्म भरने लगा इसी बीच दोनों जालसाज युवक मौका देखकर फरार हो गये। काफी खोजने के बाद भी जालसाज युवकों का पता नहीं चलने पर पेट्रोल संचालक को फोन किया। मौके पर पहुंचे संचालक के माध्यम से पेट्रोल कर्मी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच किया जा रहा है।

## पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रगतिशील प्रशिक्षण का आगाज

**धानापुर।** शहीद हीरा सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में मंगलवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रगतिशील प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष महेश कुमार सिंह रहे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया। उन्होंने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स का प्रशिक्षण समाज को सही दिशा में ले जाने एवं छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करता है। यह प्रशिक्षण प्राप्त करके एकता एवं संगठन की मूल भावना को सीखते है। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ नौशाद अहमद ने



मुख्य अतिथि महेश सिंह एवं जिला संगठन आयुक्त सैय्यद अली अंसारी को अंगवस्त्रम एवं स्मृतिचिन्ह से स्वागत किया एवं अपने व्यक्तित्व में कहा कि रोवर्स-रेंजर्स का प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में विभिन्न कलाओं का विकास करता है एक प्रशिक्षित रोवर्स-रेंजर्स इस स्पर्धा पूर्ण समय में अपने आप को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से व्यवस्थित करता है। कार्यक्रम के प्रथम दिन शिविर संचालक सैय्यद अली अंसारी ने प्रवेश पाठ्यक्रम के अंतर्गत। स्काउट गाइड का इतिहास, वर्दी, सेवा पुस्तिका, झंडा ज्ञान, टोली का ज्ञान, कलर पार्टी एवं क्रू काउंसिल विषयो पर चर्चा की।

कार्यक्रम में नंद लाल, उपेन्द्र, मंजरी, बाबूराम, आकाश, मृत्युंजय, दीपक गुप्ता, जितेंद्र पाल, नफीसा पायल, अफसाना, वंदना, अनुराधा, संजना पटेल सोनाली, अंजलि, आफरीन, अंकिता आदि उपस्थित थे। संचालन डा. नौशाद अहमद प्रभारी रोवर्स/रेंजर्स ने किया।

## निर्वाचन आयोग ने बातचीत के लिए राजनीतिक दलों को बुलाया

**चंदौली।** निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) या मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जैसा भी मामला हो, किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए आपसी सहमति से निर्धारित सुविधाजनक समय पर राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत करने पर भी विचार कर रहा है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह हुए सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त सुझावों को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर ही समाधान करने और आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट 31 मार्च तक प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत रूप से संबद्ध रखने के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले सांविधिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में इस बात पर भी ध्यान दिलाया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960; निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961; उच्चतम न्यायालय के आदेशों और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी अनुदेशों, मैनुअलों और हैंडबुकों (आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेंद्रीकृत, सुदृढ़ और पारदर्शी कानूनी ढांचे का निर्माण हुआ है।

## बॉलीवुड न्यूज

### होली के रंगों में डूबे सलमान खान और रश्मिका मंदाना



**मुंबई।** सलमान खान और रश्मिका मंदाना ने साल के सबसे बड़े होली ट्रैक 'बम बम भोले' पर मचाया धमाल! फिल्म 'सिकंदर' के इस गाने ने पहले ही होली के फेस्टिव मूड को और भी खास बना दिया है। जब सलमान और रश्मिका के एनर्जेटिक मूव्स और दमदार केमिस्ट्री परफेक्ट बीट्स के साथ मिलते हैं, तो नतीजा एक विजुअल ट्रीट से कम नहीं होता।'बम बम भोले' में सिर्फ म्यूजिक ही नहीं, बल्कि एक जबरदस्त रैप और डांस करने लायक कंपोजिशन भी है, जो इस होली को और भी एनर्जेटिक बना देगा। चाहे फिल्म 'सिकंदर' का टीजर हो या पहला गाना 'जोहरा जबीं', हर एक गाना और वीडियो सुपरहिट साबित हुआ है। अब इस लिस्ट में एक और धमाकेदार गाना बम बम भोले' जुड़ गया है। एनर्जी से भरपूर इस गाने ने चाट्‌र्स पर धमाल मचा दिया है। दमदार बीट्स और जोश से भरे इस गाने में सलमान खान का जबरदस्त स्वैग और उनका एनर्जेटिक डांस मूव्स देखने लायक हैं। सलमान के साथ इस गाने में खूबसूरत रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी नजर आ रही हैं, जो होली के फेस्टिव मूड को परफेक्ट तरीके से कॉम्प्लिमेंट कर रही हैं। तीनों स्टार्स की केमिस्ट्री और धमाकेदार परफॉर्मेंस ने इस गाने को एक परफेक्ट फेस्टिव एंथम बना दिया है। ए.आर. मुरुगादॉस के निर्देशन में बनी और साजिद नाडियाडवाला द्वारा नाडियाडवाला ग्रेंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस की गई 'सिकंदर' शुरूआत से ही जबरदस्त चर्चा में है। पहले टीजर ने फैंस के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी और कुछ दिन पहले रिलीज हुआ गाना 'जोहरा जबीं' भी धमाल मचा चुका है। फिल्म में सलमान खान के साथ रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल अहम किरदारों में नजर आएंगी। 'सिकंदर' इस साल ईद पर वर्ल्डवाइड रिलीज के लिए तैयार है और फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

### जयपुर के राज मंदिर में हुई 'शोले' की स्पेशल स्क्रीनिंग



**मुंबई।** राजस्थान ने जब भारतीय सिनेमा के बेहतरीन सितारों का स्वागत किया, तो इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) के 25वें एनिवर्सरी प्रेस कॉन्फ्रेंस ने इस भव्य सेलिब्रेशन की नींव रखी। इस ऐतिहासिक पल को यादगार बनाते हुए, आईफा वीकेंड एंड अवॉर्ड्स के 25वें संस्करण का शानदार आयोजन 8-9 मार्च, 2025 को राजस्थान की सांस्कृतिक राजधानी जयपुर में हुआ। यह सिर्फ एक अवॉर्ड सेरेमनी नहीं थी, बल्कि भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम सफर का उत्सव था, जहाँ 'शोले' के 50 गौरवशाली वर्ष और आईफा के 25 शानदार सालों का संगम हुआ। यह आयोजन भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक लम्हा बन गया, जिसने जयपुर को सिनेमा के जश्न की धड़कन बना दिया।

### सितारों व विरासत की एक यादगार रात-आईफा 2025



**जयपुर।** भारतीय सिनेमा के लिए यह एक बड़ा मौका था, जब इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) वीकेंड और अवॉर्ड्स ने अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाया। राजस्थान की शाही राजधानी जयपुर की शानदार विरासत और रॉयल सेटअप के बीच, आईफा की यह सिल्वर जुबली एडिशन अब तक का सबसे ग्रैंड सेलिब्रेशन बना। यह सिर्फ एक अवॉर्ड शो नहीं था, बल्कि भारतीय सिनेमा की शानदार स्टोरीटेलिंग, आर्ट और इनोवेशन का धमाकेदार ट्रिब्यूट भी था। नेक्सा आईफा अवॉर्ड्स 9 मार्च को जयपुर में हुआ, जहाँ भारतीय सिनेमा के ग्लोबल इम्पैक्ट को सेलिब्रेट किया गया। दुनिया भर से टॉप फिल्ममेकर्स, सुपरस्टार्स और इंडस्ट्री के बड़े नाम इस ग्रैंड इवेंट का हिस्सा बने। नेक्सा पेश करता है आईफा अवॉर्ड्स 2025, जिसे को-प्रेजेंट किया शोभा रियल्टी ने। यहाँ बेस्ट फिल्म, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट लीडिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट सपोर्टिंग रोल (मेल व फीमेल), बेस्ट निगेटिव रोल, बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर और बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल व फीमेल) जैसी कई कैटेगरीज में जबरदस्त कॉम्पिटिशन देखने को मिली। आईफा वीकेंड & अवॉर्ड्स 2025 के ऐतिहासिक सिल्वर जुबली एडिशन में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर उत्साहित कृति सेनन ने कहा, "आईफा हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। यहीं पर मुझे मेरा पहला सबसे बड़ा सम्मान मिला था, और सालों से इस मंच ने मुझे अनगिनत खूबसूरत यादें दी हैं।

## बाइक दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सकलडीहा।** धानापुर थाना क्षेत्र के नरौली गांव निवासी 48 वर्षीय रामलखन राम को बीते 9 मार्च को बाइक सवार युवकों ने धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये।आरोप है कि सूचना पर पहुंचे रिश्तेदार से कुछ लोगों की ओर से मारपीट किया गया। इसके बाद परिजनों ने घायल को सीएचसी से जिला हास्पीटल ले गये। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। मंगलवार को सुबह इलाज के दौरान निधन हो गया। घटना के बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। वही बाइक सवार युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नरौली गांव के स्व.राजूराम का पुत्र रामलखन अपने बाइक से अपने नतीनी अश्रिता को लेकर बरठी दवा व अन्य कार्य के लिये गया था। दवा लेकर टेकापुर अपने रिश्तेदारी में जा रहा था। इसी दौरान बरठी तुलसी आश्रम मार्ग पर बाइक सवार युवकों ने ओवरटेक



करते हुए धक्का मार दिया। जिससे रामलखन गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोप है कि सूचना पर टेकापुर गांव से पहुंचे रिश्तेदारों से कुछ लोगों ने मारपीट किया है। वही इलाज के दौरान बाइक सवार युवक की ट्रामा सेंटर में निधन होने पर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। युवक की मौत पर पत्नी निशा देवी बेटा पंकज, प्रमोद और बेटी पिंकी और सिंकी का रोते रोते बुरा हाल है। इस बाबत कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## वेलस्पन फाउंडेशन ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली




सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्रधान।

**नियामताबाद।** वेलस्पन फाउंडेशन कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली ग्राम प्रधान दीनदयाल व कंपोजिट स्कूल गोधना प्रधानाचार्य राकेश कुमार कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वेलस्पन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान आयोजित कार्यक्रम सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई विद्यालय की प्रधानाचार्य राकेश प्रसाद कुशवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में स्लोगन सावधानी हटी दुर्घटना घटी, नशे में गाड़ी चलाओगे सीधा ऊपर जाओगे, हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ आदि नारों के माध्यम से जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और साथ यह भी बताया गया की दुर्घटनाओं से बचने का एक ही उपाय है सावधानी और जागरूकता। जागरूकता के माध्यम से ही हम लोग सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में कमी ला सकते हैं रैली में उपस्थित प्रधानाचार्य राकेश कुमार कुशवाहा ग्राम प्रधान दीनदयाल, बृजेश कुमार, वॉलिंटियर अजीत कुमार निराला आदि मौजूद रहे।

## सकलडीहा ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यों का किया लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** विकास खंड के धरहरा ब्लॉक संसाधन केन्द्र सहित गांवों में लाखों की लागत से कराये गये विभिन्न विकास कार्यों का मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर अतिथि और अधिकारियों ने ग्राम प्रधान को विकास कार्यो के लिये किये गये योगदान का सराहना किया। लम्बे समय से धरहरा बीआरसी पर संचालित उच्च प्राथमिक विधालय में एमडीएम की भोजन खाने में बच्चों को समस्या होता था। ग्राम प्रधान श्वेता सिंह ने बच्चों को खाना खाने के लिये मल्टीपरपज दस लाख की लागत से टीन सेड और ब्लॉक संशाधन केन्द्र में 6 लाख की लागत से इंटर लॉकिंग कार्य 12 लाख की लागत से आगनबाड़ी केन्द्र और दस-दस लाख की लागत से ढक्कनदार नाली और इंटरलॉकिंग कार्य कराया।



धरहरा गांव में बीआरसी धरहरा में विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुए ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह व बीईओ सहित अन्य।

ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह ने सभी कार्यों का लोकार्पण करते हुए कहा कि हर गांव सभा में प्रधान की जागरूकता से मूलभूत समस्या दूर हो जायेगा। प्रधान के विकास कार्यों के प्रति रूचि का अधिकारी सहित ग्रामीणों ने सराहना किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश राय, प्रधान प्रतिनिधि अमित सिंह, जेपी रावत,नीरज सिंह बाला, जयनारायण यादव, अमित तिवारी, अशोक सिंह, श्वेता सिंह, बृजेश पांडेय, कल्लू सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



गुझिया के बिना होली अधूरी है। हर घर में गुझिया बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। बहुत से लोगों को बाहर से बनी गुझिया पसंद है इसलिए ओलन्दगंज में गुझिया बनाने की तैयारी में जुटा दुकानदार

# जौनपुर



# कड़ी व्यवस्था के बीच मुख्यमंत्री का आगमन आज

## डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल शाही किला का लिया जायजा

**तैयारी पूरी**

### शहर के अंदर और बाहर से आने वाले वाहनों का बदला गया रूट

### गलियों, तिराहों और चौराहों पर रहेगी पुलिस, तैयारियों को दिया गया अन्तिम रूप

जनसंदेश टाइम्स





**जौनपुर।** शाही किला में जौनपुर महोत्सव का आयोजन 10 से 12 मार्च तक किया गया है। 12 मार्च को 1001 जोड़े सामूहिक विवाह समारोह में शादी के बंधन में बंधेगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। दिन में दो बजे वह शाही किला में पहुंचेगे। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रहा है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। पुलिस लाइन में मुख्यमंत्री का हेलीकाफ्टर उतरेगा। यहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा पुलिस लाइन से निकलकर टीडी कालेज के दक्षिणी गेट से होते हुए वाजिदपुर तिराहा आएगें। यहां से जेसीज चौराहा, सद्भावना पुल होते हुए शाही किला में पहुंचेगे। दिन में दो बजे उनके शाही किला पहुंचने की सूचना है। सूत्रों के मुताबिक 45 मिनट तक मुख्यमंत्री जिले में रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे है। हर चौराहों, तिराहों और गलियों की निकासी पर पुलिस रहेगी। शाही किला में भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। शहर की सड़कों को ठीक किया जा रहा है लेकिन अभी प्रोटोकाल नहीं आया है। सीएम की सुरक्षा के लिए नगर में कई थानों की पुलिस एक दिन पहले ही आ गई है।

जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने मंगलवार को शाही किला पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी सिटी अरविंद वर्मा और सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव ने भी सुरक्षा के सम्बन्ध में शाही किला का मुआयना किया।



### बसों का भी बदला गया रूट

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री के जनपद आगमन क्रार्यक्रम के दृष्टिगत शहर में नो एन्ट्री के कारण 12 मार्च को जौनपुर डिपो की बसें सिविल लाइन, अंबेडकर तिराहा, जगदीशपुर की तरफ से आवागमन करेंगी तथा सीमावर्ती जनपद रोडवेज की बसें शहर क्षेत्र के बाहर से ही आवागमन करेंगी।

### यहां की गई है पार्किंग की व्यवस्था

- शाही किला से नीचे सेराज पार्किंग में वीवीआईपी पार्किंग
- अशोक टाकीज मैदान में दो पहिया वाहन पार्किंग
- सारा पैलेस पार्किंग में दो पहिया वाहन पार्किंग
- राज कालेज चौकी स्थित कब्रिस्तान के पास चार पहिया वाहन पार्किंग
- राज महल में चार पहिया वाहन पार्किंग
- पशु चिकित्सालय के सामने पत्थर की दुकान के पास सामान्य पार्किंग
- राज कालेज ग्राउण्ड भण्डारी स्टेशन के पास सामान्य पार्किंग
- अटाला मस्जिद के पिछे सामान्य पार्किंग
- शिया कालेज में चार पहिया वाहन पार्किंग
- राजा कृष्ण दत्त इण्टर कालेज में दो पहिया वाहन पार्किंग
- डायट परिसर में सामान्य पार्किंग
- डा. रिजवी लर्नस एकेडमी सुतहट्टी में सामान्य पार्किंग
- फैसल सारा पैलेस के बगल में (वीवीआईपी पार्किंग)
- कोतवाली में सामान्य पार्किंग

### शहर में 2 बजे से रहेगा डायवर्जन

**जौनपुर।** कुमार पेट्रोल पम्प से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। बदलापुर पड़ाव से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पुर्णतः प्रतिबंधित होंगे। मछलीशहर पड़ाव से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। शाहगंज पड़ाव से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। प्रेम गाढ़ा से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। सिपाह मंदिर से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। सद्भावना तिराहा से अंदर शाही किला की ओर केवल शादी वाले व वीवीआईपी ही आयेंगें बाकी सभी छोटे-बड़े वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे। ओलन्दगंज क्षेत्र से गुप्ता शू सेन्टर से सद्भावना के तरफ कोइ भी वाहन नहीं जायेगा। चन्द्रा से सद्भावना के तरफ कोई भी वाहन नहीं जायेगा। ओलंदगंज से जेसीज की तरफ आने वाले सभी वाहन जेपी, चंद्रा होकर जेसीज आयेगें।

### सामूहिक विवाह में शाहगंज ब्लॉक के शामिल होंगे 159 जोड़े

**खेतासराय।** जौनपुर के शाही किला में बुधवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शाहगंज ब्लाक से 159 जोड़े एक-दूसरे के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। इसके लिए गांवों में सचिव और सफाईकर्मियों को भेजकर जोड़ों को टोकन दिया जा रहा है। खंड विकास कार्यालय से सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ों की सूची एक सप्ताह पहले ही जारी कर दी गई थी। इन्हें कार्यक्रम स्थल तक सकुशल ले जाने के लिए तीन प्रभारी 12 नोडल अधिकारी और 48 सहयोगी लगाए गए हैं। इसमें एडीओ, सचिव और सफाईकर्मी को शामिल हैं। एडीओ पंचायत रमेश कुमार यादव ने बताया कि आज सभी नोडल अधिकारियों से सामूहिक विवाह में शामिल होने वाले जोड़ों को टोकन दिया गया ताकि कार्यक्रम के दौरान कोई परेशानी न आए। बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने सभी जोड़ों के साथ कार्यक्रम स्थल पर समय से उपस्थित होने का ड्यूटी में लगे एडीओ, सचिव और सफाई कर्मियों को निर्देश दिया है।

### शहर के अंदर आने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट

**जौनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में प्रस्तावित आगमन को लेकर यातायात व्यवस्था के लिए शहर के अंदर आने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया है। जो सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक रहेगा। प्रयागराज, प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाली गाड़ियों को पकड़ी तिराहा पर भाजपा कार्यालय से हाइवे पर डाइवर्ट कर दिया जाएगा। सुल्तानपुर रोड से आने वाले वाहन जो आजमगढ़ व शाहगंज की तरफ जाएंगे उनको बक्शा हाईवे से नीचे अलीगंज पर ही कार्यक्रम की समाप्ति तक रोक दिया जाएगा। शाहगंज की ओर से आने वाले बड़े वाहन व छोटे वाहनों को पंचहटिया से डायवर्ट कर दिया जाएगा। आजमगढ़ रोड से आने वाले सभी छोटा व बड़ा वाहन पूर्ण रूप से प्रसाद कॉलेज तिराहा से केराकत की ओर मोड़ दिया जाएगा। भदोही की ओर से आने वाले बड़े वाहनों को चांदपुर हाइवे से डायवर्ट किया जाएगा। बनारस की तरफ से आने वाले सभी छोटे वाहन व बड़े वाहनों को हौज खास से नीचे शहर की तरफ कार्यक्रम की समाप्ति तक रोक दिया जाएगा।

**संक्षेप**

### सद्भावना पुल से शास्त्री पुल तक होगा सौंदर्यीकरण : गिरीश यादव

**जौनपुर।** नगर के सदभावना सेतु से शास्त्री सेतु तक पर्यटन की दृष्टि से घाटों के निर्माण व सुंदरीकरण के कार्य के लिए खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव पिछले काफी दिनों से प्रयासरत थे। इस घाट के निर्माण लिए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कई बार केद्रीय मंत्री व डिजी नमामि गंगे से मिलकर घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए आग्रह किया था उसी के क्रम में आज जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अधिकारियों की टीम, निधि डंडोना (रीवर फ्रंट डेवलपमेन्ट एक्सपर्ट) एवं पंकज रावत (सपोर्ट इंजिनियर) जनपद में आकर खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार के साथ सद्भावना सेतु से शास्त्री सेतु तक स्थलीय निरीक्षण किया। राज्यमंत्री ने सबंधित अधिकारियों को घाटों के सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि अतिशीघ्र ही घाटों के सौंदर्यीकरण के कार्य की स्वीकृति मिल जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद पवन कुमार, वढढउछ के अभियंता अजय, श्याम मोहन अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, आशीष गुप्ता, सुनील यादव, बसन्त प्रजापति व पियूष सिंह मौजूद रहे।

### मरुधर एक्सप्रेस का ब्रेक बैड, निकली चिंगारी, उठे धुएं के गुबार

**जफराबाद।** जोधपुर से चलकर वाराणसी को जाने वाली मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन में उस समय अफरा तफरी मच गयी जब ट्रेन की एक बोगी के लोगों ने ट्रेन के पहिये से आग की चिंगारी और धुएं निकलते देखा। यात्रियों द्वारा शोरगुल मचाने पर ट्रेन के गार्ड को किसी अनहोनी की आशंका के ट्रेन को रूकवा दिया। दरअसल ट्रेन संख्या 14854 मरुधर एक्सप्रेस जौनपुर जंक्शन से वाराणसी के लिये मंगलवार की सुबह 8 बजकर 27 मिनट पर निकली। जैसे ही वह सिटी स्टेशन को जाने वाली ट्रैक के मोड़ के पास पहुंची ही थी कि उसके बोगी संख्या 202617 के पहिये से तेज धुएं के गुबार उठने लगा जिसे देख उस बोगी के यात्रियों में अफरा तफरी मच गयी। यात्रियों के शोरगुल को देख गार्ड ने किसी अनहोनी की आशंका पर ट्रेन को रूकवा दिया और देर न करते हुए अग्निशमन यंत्र का उपयोग करते हुए आग बुझायी और पहिये को ठण्डा किया। सतर्कता की दृष्टि से ट्रेन को हल्की रफ्तार से जंक्शन पर लाया गया। वहां गार्ड द्वारा बैण्ड हो चुके ब्रेक को रिलीज करने के बाद पूर्ण रूप से संतुष्ट होने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया। इस दौरान मरुधर ट्रेन को समय से निकालने के लिये एक मालगाड़ी को आउटर पर रोक दिया गया था। स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि इस घटना के चलते कोई पैसेन्जर या एक्सप्रेस ट्रेने तो प्रभावित नहीं हुई एक मालगाड़ी को 30 मिनट के लिये आउटर पर खड़ा किया गया था।

### खेलो इण्डिया के अस्मिता संस्करण में जिले के खिलाड़ियों का वर्चस्व

**जौनपुर।** युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत खेलो इंडिया ताइक्वांडो के अस्मिता संस्करण में जिले के एएस ताईक्वान्डो क्लब महाराणा प्रताप इण्डोर हाल टी.डी. कालेज के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर कई पदक अर्जित किये। यह लीग केंद्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय, खेले इंण्डिया ओर भारतीय खेल प्राधिकरण की देखरेख में ताइक्वांडो फेडरेशन आफ इण्डिया और उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो एसोसिएशन ने लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बैडमिंटन हाल में आयोजित की। बताते चलें कि भारत सरकार एवं युवा मामलों के मंत्रालय कि यह प्रतियोगिता वूमेंस लीग के नाम से जानी जाती है। जिसमें 15 से 17 वर्ष व 17 वर्ष के उपर केवल महिलाओं का प्रतिभाग होता है। कोच आशुतोष सिंह एड. ने बताया कि क्लब कि तरफ से रिया यादव ने जूनियर आयु वर्ग के अण्डर 49 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। रिया 1 प्वाइंट से स्वर्ण से दूर रह गईं। इसी आयु वर्ग में अंशिका यादव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया परन्तु पदक से एक कदम दूर रहीं। सीनियर आयु वर्ग के अण्डर 46 किलो भार वर्ग में जागृती सिंह ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। इसी आयु वर्ग के अण्डर 62 किलो भार वर्ग में सरोजनी सिंह ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया। जिला सचिव अरविन्द सिंह, वरिष्ठ प्रशिक्षक शेफाली सिंह ने सभी खिलाड़ियों को अपना अशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मां ने मासूम बेटी संग ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**दर्दनाक**

### मीट बनाने को लेकर हुई तकरार में पत्नी ने दिया घटना को अंजाम

**खेतासराय।** क्षेत्र के मानीकला हाल्ट के पास मंगलवार की सुबह एक मां ने अपनी दो वर्ष की बेटी के संग ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। इस घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है।

पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव निवासी सचिन बिंद की तीन साल पहले मानीकला निवासी रामधारी बिंद की 27 वर्षीय पुत्री परमशीला के साथ शादी हुई थी। सचिन की यह दूसरी शादी थी। जुड़वा बच्चे पैदा होने के बाद पहली पत्नी की मौत हो गई। सचिन ने बताया कि परमशीला से उसकी दूसरी शादी हुई थी। शादी के एक वर्ष बाद इससे एक पुत्री पैदा हुई। माता पिता ने उसका नाम रंजना रखा। सचिन रोजी रोटी के लिए मुंबई रहता है। दो सप्ताह पहले मुंबई से घर आया था। सोमवार की रात्रि मीट बनाने को लेकर पति पत्नी में तकरार हो गई। सुबह होने पर पत्नी अपनी दो वर्षीया बेटी को लेकर मायके जाने को घर से निकली। सुबह ग्यारह बजे घर से कुछ दूरी पर मानीकला हाल्ट के पास रेलवे ट्रैक पर मां बेटी की क्षत-विक्षत लाश मिली।



### वारंटी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सुइथाकला।** क्षेत्र का मदनकोल गांव निवासी एक वारण्टी पुलिसिया कार्रवाई में पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस मामले में चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बतौर पुलिस उक्त गांव निवासी 37 वर्षीय अभियुक्त विनोद यादव पुत्र शिवनाथ न्यायालयी कार्रवाई में मुकदमा अपराध संख्या 99/2017 धारा 323, 504, 506, 427, 379 भादवि 3 (1) 10 एससी एसटी एक्ट के तहत वारण्टी रहा। क्षेत्र भ्रमण के दौरान मंगलवार को वह उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव व हमराह के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तारी के बाद उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराते हुए पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने बताया कि अभियुक्त न्यायालय द्वारा एक पुराने मामले में वांछित रहा जिसे गिरफ्तार कर संबंधित मामले में चालान कर दिया गया। इस दौरान कान्स्टेबल सर्वेश गौड़ मौजूद रहे।

# ट्रेन से कटी महिला की हुई शिनाख्त

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के प्रेमापुर चक लक्ष्मणपुर में स्थित रेलवे ट्रैक के किनारे मिली अज्ञात महिला की लाश की पहचान हो गई है। महिला की पहचान आजमगढ़ जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के मचहरी गांव निवासी संदीप कुमार की 30 वर्षीय पत्नी सुनीता के रूप में हुई है।

महिला का पति शुक्रवार को प्रदेश से कमाकर घर वापस लौटा हुआ था। गांव में उसका दो मकान था जिसमें एक पुराना मकान और दूसरा नया मकान बना हुआ था। वह नए मकान में जाकर सो गया। महिला उसे जगाने के लिए गई कि वह पुराने घर चलकर खाना खाकर वहीं विश्राम करें। लेकिन उसका पति वहीं सोना चाहता था। पत्नी ने दोबारा उसे घर चलने को कहा लेकिन उसके पति ने उसे फटकार लगाते हुए वहां से भगा दिया। इसी बात से दुखी होकर वह अपनी मायके मरहटी थाना बरदह गई और वहां से चल पड़ी ऐसा ससुराल पक्ष का कथन है। दूसरे दिन शनिवार को तड़के रेलवे ट्रैक के किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में इसकी लाश पुलिस को मिली। थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी मायके पक्ष से कोई तहरीर नही मिली है। तहरीर दी जाएगी तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

**दुःखद**

### पति से नाराज होकर ससुराल से निकली थी

# यात्रा में शामिल विद्यार्थियों के अनुभवों का होगा संकलन : प्रो. वंदना



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के लिए कुलपति सभागार में सोमवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की प्रगति एवं समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम के सफलता पर समिति के सदस्यों एवं पर्यवेक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों को एक साथ मिलकर सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। उन्होंने कहा कि विभागों में सफाई अभियान के लिए महीने का एक दिन निर्धारित किया जाएगा और सभी शिक्षक, अधिकारी स्वयंसेवक की भांति अपने कक्ष की सफाई करेंगे। कहा कि गोद लिए गए गांव में भाषण प्रतियोगिता में भाग लिए विद्यार्थियों से भाषण करवाए जाएंगे जिससे वहां के बच्चे कौशल सीख सकें। इसके साथ उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया की ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित करे जो कुशल वक्ता है उनके कौशल को और निखारा जायेगा। उन्होंने कहा कि राजभवन के दिशा निर्देश के क्रम में विद्यार्थियों के समूह द्वारा 150 किलोमीटर की साइकिल यात्रा निकाली जाएगी जो गोद लिए गांव तथा ऐतिहासिक स्थलों पर पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि साइकिल यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के अनुभवों का संकलन किया जाएगा और उसकी पुस्तक के एक रूप में विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित भी कराया जाएगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रोफेसर राकेश कुमार यादव को नोडल अधिकारी एवं डॉ. अनुराग मिश्रा को सह नोडल अधिकारी नामित किया है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने विश्वविद्यालय में हुए पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को बधाई दी एवं पुष्प वितरित कर होली की शुभकामनाएं दिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव एवं डॉ. अनुराग मिश्रा ने पढ़े जौनपुर, बढ़े जौनपुर एवं प्रतिज्ञा कार्यक्रम के रिपोर्ट के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. अविनाश, प्रो. मुराद अली, प्रो. राकेश कुमार यादव, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. मिथिलेश सिंह, उप कुलसचिव अमृतलाल, अजीत प्रताप सिंह, डॉ. संजीव गंगवार, कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश यादव, डॉ. प्रमोद कुमार कौशिक समेत अन्य शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बैठक**

### ऐतिहासिक स्थलों के लिए निकलेगी साइकिल यात्रा

# होटल पर मजिस्ट्रेट का छापा, चार जोड़े धराए

जनसंदेश न्यूज

**मुंगराबादशाहपुर।** सुजानगंज रोड स्थित एक होटल पर नायब तहसीलदार ने छापा मारकर होटल में मौजूद चार लड़के और लड़कियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने होटल संचालक को भी गिरफ्तार कर लिया है।

दोपहर दो बजे नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव ने अपनी टीम के साथ अचानक छापेमारी कर दी। छापेमारी की सूचना पर होटल में अफरातफरी मच गई। कुछ देर में ही थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र भी पुलिस बल के साथ होटल में पहुंच गए। कमरों की तलाशी ली गई तो चार लड़के और चार लड़कियां अलग अलग कमरों में मौजूद थे सभी की आईडी अलग अलग पतों पर थी। माना यह जा रहा है कि चारों अनैतिक कार्य में लिप्त थे। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। छापेमारी की सूचना मिलते ही भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। पुलिस सभी को थाने ले आई और उनके परिजनों को जानकारी दी गई।

होटल संचालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्र ने छापेमारी की घटना को तो स्वीकार किया लेकिन कोई अन्य जानकारी देने में आनाकानी करते नजर आए। छापेमारी के दौरान सबसे उपरी तल पर एक युवक और युवती छिपे थे। पुलिस के जाने के बाद वह दुपट्टा और अन्य कपड़ों के सहारे होटल के पिछले हिस्से से नीचे उतरकर फरार हो गये। इस बाबत नायब तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि चारों लड़के और लड़कियों के परिजनों को कड़ी हिदायत के बाद उनके सुपुर्द कर दिया गया है। होटल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# मां शीतला धाम में मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**सुजानगंज।** क्षेत्र के पढुवा ग्राम सभा स्थित मां शीतला धाम में आचार्य सुधाकर मिश्र, सुरेश तिवारी, हरिश्चंद्र उपाध्याय, सत्यम पांडेय के मंत्रोचारण के बीच माता शीतला, दुर्गा माता, बजरंगबली एवं अन्य मूर्ति का अनावरण किया गया। मुख्य यजमान राम इकबाल सिंह/पत्नी आभा सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा निकलकर बेलवार बाजार से होते हुए चारों धाम गोल्हना मऊ, घीसी का पूरा, धर्मनगर होते हुए मां शीतला धाम पढुवा में यात्रा समाप्त हुई। मंदिर निर्माण से लेकर सभी धार्मिक कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासी सहित क्षेत्रीय वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोहित मौर्य, शैलेश गुप्ता, सोनू सिंह बघेल, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, शिव शंकर विश्वकर्मा, लालमनि विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अनियंत्रित कार ने दो बाइकों को रौंदा

जनसंदेश न्यूज

**रामपुर।** थाना क्षेत्र के मई गांव में स्थित बाल्थर पब्लिक स्कूल व इंटर कॉलेज के सामने परीक्षा से छूटे छात्रों के बीच अनियंत्रित कार ने दो मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। संयोग रहा की पांच मिनट पहले काफी संख्या में छात्र निकल गए थे नहीं तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता था।

मंगलवार की सुबह लगभग 12 बजे प्रथम पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद विद्यालय प्रांगण से जैसे ही छात्रों का हुजूम निकलकर सड़क पर अपने-अपने गंतव्य की तरफ जा रहे थे थोड़ी देर बाद भदोही की तरफ से एक कार तेज रफ्तार से अनियंत्रित होकर पहुंचा और विद्यालय के सामने रामपुर निवासी आदित्यनाथ जायसवाल की लूना मोपेड को रौंदती हुई विद्यालय की दीवार से टकराकर बगल में खड़ी सिधवन निवासी कामता मिश्रा के हीरो पैशन गाड़ी पर चढ़ गई जिससे पैशन गाड़ी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर छात्रों एवं अभिभावकों के बीच अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। कुछ लोगों ने दौड़कर कार और कार सवार को पकड़ लिया। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन की तरफ से रत्नेश तिवारी पहुंचे उन्होंने दुर्घटना करने वाली कार को पकड़ कर बैठा लिया। संयोग अच्छा था कि 5 मिनट पहले बच्चे निकल चुके थे नहीं तो इस हादसे में सैकड़ों बच्चों की जान भी जा सकती थी। विद्यालय प्रबंधन रत्नेश तिवारी ने आए दिन हादसे को देखते हुए जिलाधिकारी से विद्यालय के सामने डिवाइडर बनवाने की मांग किया है।



# निविदाकर्मी लाइनमैनों ने किया विरोध प्रदर्शन

**जौनपुर।** विद्युत विभाग में कार्यरत निविदा कर्मी लाइन मैनों को विगत 3 माह से वेतन न मिलने से विरोध प्रदर्शन को बाध्य होना पड़ रहा है। होली और ईद का त्योहार सिर पर है ऐसे में वेतन न मिलने से निविदा कर्मी लाइनमैन काफी परेशान है। अपनी परेशानी को जताने के लिए मंगलवार को अहियापुर उपकेंद्र पर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें सिपाह सेक्शन, उर्दू बाजार सेक्शन, कोतवाली सेक्शन, चौकियां सेक्शन सहित तमाम निविदा कर्मी लाइन मैन मौजूद रहे।



उन्होंने मांग किया कि हम लोगो का पिछले तीन माह से वेतन रुका हुआ है जिसके कारण हम लोगों को समक्ष रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है। वेतन न मिलने से दुकानदारों द्वारा उधार राशन पानी देना बंद कर दिया गया है, बच्चों की फीस न जमा होने से उन्हें परीक्षा में शामिल होने से रोक दिया गया है जिसके कारण हम लोग भुखमरी के शिकार हो गए हैं। होली और ईद का त्योहार सिर पर आ गया है लेकिन विभाग द्वारा अभी भी हम लोगों को वेतन नहीं दिया गया है। निविदा कर्मियों ने शिकायत दर्ज कराया कि हम लोगों से ड्यूटी के नाम पर 8 घंटे की वजाय 16-16 घंटे काम लिया जाता है हम लोग जान पर खेल कर जनता को सुविधा मुहैया कराते हैं लेकिन हम लोगों के साथ विभागीय अन्याय होता है। निविदा कर्मियों की मांगों को संज्ञान में लेते हुए अधिशासी अभियंता ने कहा कि आप लोग कार्य करते रहें दो दिन बाद आप लोगों का पेमेंट हो जाएगा इसके लिए हम उच्च अधिकारियों से बातचीत कर रहे हैं। उनके आश्वासन पर निविदा कर्मियों ने अपने विरोध प्रदर्शन को स्थगित कर दिया।विरोध प्रदर्शन करने वाले में राकेश कुमार, अजय यादव, शिवम, पवन कुमार, महेंद्र कुमार, सुशील कुमार, विपिन कुमार, प्रवीण कुमार, फैजल, निरंजन, छेदीलाल, शाहिद अन्य क्षेत्र के निविदा कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### तहसीलदार के समझाने पर माने ग्रामीण, बिजली विभाग को मिली राहत

**सुइथाकला।** जाली लगाने और ट्रिपिंग मशीन दुरुस्त कराने की मांग पर अड़े ग्रामीण और बिजली विभाग के बीच आखिरकार प्रशासन की दखल के बाद सुलह हो गई। मौके पर तहसीलदार आशीष कुमार सिंह के समझाने के बाद उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य शुरू हो पाया। बता दें कि सप्ताह भर के अन्तराल पर बूढ़ूपुर गांव में दो बार हाईटेंशन तार टूटकर गिर जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए थे और टूटे तार को जोड़ने नहीं दे रहे थे। इसके चलते बड़ागांव फीडर के उपभोक्ताओं की बत्ती छत्तीस घंटे गुल रही। एक सप्ताह पूर्व तार गिरने से गांव निवासी रामलवट विंद की भैंस मर गई थी। इसके अलावा पिछले सोमवार की सुबह शार्ट सर्किट से तीन चार जगह तार टूटकर गिर गया। कोई अप्रिय घटना नहीं घटने के बावजूद हफ्तेभर में ही दूसरी बार हुई दिक्कत से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। नाराज ग्रामीणों की मांग थी कि आबादी क्षेत्र में तारों के नीचे जाली लगायी जाए और खराब हुई ट्रिपिंग मशीन को दुरूस्त किया जाय। ग्रामीण उक्त मांग के पूरा होने तक काम नहीं होने देने की अपनी जिद पर अड़े थे। लगभग छत्तीस घंटे बाद तहसीलदार के समझाने बुझाने के पर मामला पटरी पर आया। खबर लिखे जाने तक विद्युत विभाग मरम्मत कार्य में जुटा हुआ था। तहसीलदार ने बताया कि कल से जाली लगाने कार्य शुरू हो जाएगा और मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। खबर लिखे जाने तक वे उपकेंद्र पर ही जमे रहे। इस दौरान एक्सईएन संतोष कुमार मिश्र, उप खंड अधिकारी धर्मेन्द्र गुप्ता, अवर अभियंता भानु सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### टेम्पो से टकराकर बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव क्षेत्र के मकरा बाजार के पास अपराह्न करीब एक बजे टेम्पो से टकराकर एक बाईक सवार की मौत हो गयी जबकि बाईक पर पीछे बैठा एक युवक घायल हो गया। क्षेत्र के रेहटी गांव निवासी अजय उर्फ रिंकू सिंह (40 वर्ष) बाईक से कहीं जा रहा था कि असन्तुलित टेम्पों में पीछे से टकराकर सड़क पर गिर गया जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी। उसे पास के निजी अस्पताल पर ले जाया गया फिर सीएचसी रेहटी ले जाया गया जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक पर पीछे बैठा बाबा राजभर घायल हो गया जिसका उपचार चचल रहा है। मृतक को एक पुत्र और एक पुत्री है। लड़की की शादी हो चुकी है। पुत्र पवन सिंह (20 वर्ष) के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना की सूचना पाकर स्वजन और बड़ी संख्या मे गांव के लोग अस्पताल पहुँचे। पत्नी बंदना समेत स्वजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर अस्पताल पर पहुँची पुलिस शव को अपने कब्जे मे लेकर विधिक कारवाई मे जुट गयी है।

### भगवान प्रेम से पुकारने पर प्रकट होते हैं : डॉ. नरेंद्र नाथ

**मड़ियाहू।** ईश्वर ही सर्वोपरि है भगवान की लीला से ही सारा संसार चल रहा है। भगवान श्री कृष्णा माता के साथ मित्र के साथ गोपियों के साथ अपने सखाओ के साथ लीला कर सबके मन को मोह लिया था। उक्त बातें प्रयागराज से पधारे कथावाचक डॉ. नरेंद्र नाथ ने श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन ग्राम परसथ में सोमवार को देर शाम कथा करते हुए कहा। उन्होंने सुदामा और श्री कृष्ण के मित्रता का वर्णन करते हुए अपनी कथा के माध्यम से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान श्री कृष्णा ने संसार के लोगों को संदेश दिया और बताया की मित्रता का रिश्ता बहुत ही पवित्र होता है। अमीरी और गरीबी मित्रता के पवित्र रिश्ते में बाधा नहीं बनती है। ईश्वर सर्वत्र हैं उन्हें पुकारने की जरूरत है जब आप उन्हें हृदय से सर्वभावेन पुकारेंगे तो आपके प्रेम में दौड़े दौड़े चले आएंगे। आपको यह मानव तन मिला है तो जब भी समय मिले उनके लीला रूप नाम कथा वार्ता में अवश्य समय देना चाहिए जितना अधिक आपका प्रेम भगवान से बढ़ेगा उतना ही जीवन में आनंद की स्रोत की धारा बहती जाएगी फिर मानव का कल्याण ही कल्याण है। इस मौके पर मनोज तिवारी राज कृष्ण शर्मा गायत्री शुक्ला संतोष त्रिपाठी संतोष मिश्रा संजीव गुप्ता आदि अनेक लोग थे। अंत में आयोजन केशव तिवारी ने सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और प्रसाद का वितरण कराया।

### संकट मोचन बालाजी धाम का मना स्थापना दिवस

**सुजानगंज।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोटिला गांव में संकट मोचन बालाजी का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य यजमान द्वारा रुद्राभिषेक एवं सुंदरकांड कराया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभा किया। इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ के बाद कीर्तन भजन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आयोजक संगम दुबे ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जमुना प्रसाद, बेनी प्रसाद दुबे, रमा शंकर दुबे आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर आईजी ने परखी व्यवस्था



**जौनपुर।** आईजी वाराणसी मंडल मोहित गुप्ता द्वारा जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र तथा पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ की उपस्थिति में 12 मार्च को मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव को लेकर प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग किया गया।

इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक व्यवस्था, अधिकारियों की ड्यूटी, पुलिस कर्मियों की ड्यूटी, यातायात व्यवस्था आदि के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारीगण डयूटी के दौरान आईडी कार्ड अवश्य लगा कर रखें। निर्धारित ड्रेस कोड में उपस्थित रहकर अपने कर्तव्यो का निर्वाहन करें। जौनपुर महोत्सव के दौरान प्रस्तावित 1001 जोड़ों के सामूहिक विवाह के संबंध में मंडप व्यवस्था आदि का निरीक्षण करते हुए विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल की भी तैयारी का जायजा लिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, अपर जिलाधिकारी वि.रा. राम अक्षयबर चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ब्लैकमेलिंग करने, तस्वीरे खींचने पर मुकदमा दर्ज



**पवांरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासी युवती ने थाने पर लिखित तहरीर दी कि विगत कई महीनों से राजेश यादव उर्फ राजू पुत्र राजकुमार यादव निवासी गुड़हनपुर थाना मुंगराबादशाहपुर उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहा है और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर पैसे वसूल कर रहा है। इस सम्बन्ध में उसके पिता ने उपरोक्त के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज करवाया था। राजेश यादव ने उसके भाई सहित पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी और उसका अपहरण कर लिया था जिससे वह डर गयी थी और जिससे मैंने अपना बयान बदल दिया था। इसी बीच उसके पिता ने उसकी शादी प्रतापगढ़ जिले के एक गांव में कर तय कर दी थी। तिलक व शादी के रस्मों के दौरान राजेश यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर विघ्न डालने की कोशिश की थी। उसकी कुछ फोटो तथा वीडियो तैयार कर वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग की। इस पूरे प्रकरण में मुझसे पांच से छः लाख रुपये नकद तथा चार लाख से अधिक रुपये बैंक खाते से निकलवाकर ले चुका है। वह डरकर अपनी मां के गहने भी दे दी हूं । 15 फरवरी को फोन करके जान से मारने की धमकी दी और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके पिता से दस लाख रुपये की मांग किया और उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी। आठ मार्च को उपरोक्त व्यक्ति उसके घर पर रात करीब ग्यारह बजे चार से पांच हथियार से लैस साथियों के साथ आकर उसके पति व परिवार के अन्य सदस्यों से पांच दिन के अन्दर दस लाख रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं इस प्रकरण में थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखकर मामले की जांचकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## संक्षेप

### पुरानी रंजिश के चलते वृद्ध महिला को पीटा, केस दर्ज

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के दक्षिणपट्टी गांव में सोमवार की रात एक वृद्ध महिला को पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज कर लिया और विधिक कार्रवाई में जुट गई है। सरायख्वाजा के दक्षिण पट्टी गांव निवासी नंदू की 60 वर्षीया पत्नी निर्मला देवी ने मंगलवार को तहरीर देकर बताया कि सोमवार रात करीब 7 बजे पुरानी रंजिश के चलते दबंग किस्म के तीन लोग एक अज्ञात व्यक्ति के साथ घर पहुंच कर गाली गलौज करने लगे। इस दौरान जब निर्मला ने विरोध किया तो गुस्साए दबंगों ने लाठी डंडे व ईट पत्थर से निर्मला को पीटना शुरू कर दिया और मकान के सामने खड़ी चार पहिया वाहन में भी तोड़फोड़ कर दी। शोरगुल की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग इकट्ठे हुए तो मौके से चारों दबंग भाग खड़े हुए। पुलिस ने पहुंचकर हालात पर काबू पाया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है।

### रगंभरी एकादशी की रात से बंद हुआ बाबा धाम का कपाट

**गोपीगंज।** नगर स्थित प्रमुख धार्मिक स्थल बाबा बड़े शिव धाम मे विराजमान देवाधिदेव महादेव का रंगभरी एकादशी की रात दर्शन पूजन व अबीर गुलाल अर्पित करने के उपरांत मंदिर का कपाट बंद कर दिया गया। बंद कपाट होली के उपरांत खोल दिया जाएगा। रंग भरी एकादशी पर नगर और ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित प्रमुख शिव मंदिर और शिवालयो में महोत्सव का आयोजन किया गया था। देररात तक चले दर्शन पूजन के उपरांत मंदिर का कपाट परम्परा का पालन करते हुए बंद कर दिया गया। बाबा की नियमित सुबह शाम की आरती आदि किया जा रहा है। बाबा बड़े शिव धाम सेवा समिति के सचिव रामकृष्ण खड्डू ने बताया कि प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा का पालन करते हुये कपाट बंद किया गया है। होली के उपरांत कपाट खुलने के बाद पूर्व की भांति दर्शन पूजन प्रारंभ हो जाएगा।

### कार के टर्न लेने से पीछे चल रहे बाइक सवार भिड़े, दो घायल

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के राजमार्ग के टोल प्लाजा के पास आगे चल रही वैगन आर कार के अचानक टर्न लेने से पीछे से आ रहा बाईक सवार कार में जा भिड़े, जिससे बाइक सवार युवक युवती घायल हो गए। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि मंगलवार को वाराणसी की तरफ से आ रहे बाईक सवार अभिषेक सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी हरी डेहरा, लालगंज, आजमगढ़, अदिति सिंह पुत्री विजय शंकर निवासी रसड़ा बलिया प्रयागराज की तरफ जा रहे थे कि आगे चल रही वैगन आर कार के टर्न लेने से पीछे से जा भिड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हे तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर वाराणसी को रेफर कर दिया गया।

### नशे में धुत बाइक सवार टकराये डिवाइडर से, एक की हालत गंभीर

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के राजमार्ग के ओबीटी कंपनी के पास औराई की तरफ से आ रहे एक ही बाईक पर तीन युवक सवार असंतुलित होकर सड़क के किनारे डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए, जिन्हें 112 पीआरबी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि दलपतपुर थाना औराई निवासी अंकित पुत्र अमृतलाल 27, सिकंदर पुत्र हूबनारायण 28, संदीप पुत्र राकेश सभी एक ही गांव के है। गोपीगंज किसी कार्यवस आ रहे थे, जैसे ही राजमार्ग के ओबीटी के पास पहुंचे थे कि असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर घायल हो गए, जिन्हें 112 पीआरबी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### होली को देखते हुए खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग अलर्ट

**भदोही।** जनपद में होली त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य और पेय पदार्थों में सम्भावित मिलावट कर बिक्री और भण्डारण की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा स्टेशन रोड गोपीगंज, जंगीगंज, भदोही शहर के जमुनीपुर कालोनी और हिम्मतपुर बकुचियां आदि स्थानों पर दुकानों में जांच पड़ताल की गई। सहायक आयुक्त (खाद्य) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन भदोही शशि शेखर द्वारा अवगत कराया गया कि खाद्य सुरक्षा-मानक अधिनियम 2006 के उल्लघंन के संदेह के आधार पर पेड़ा, बर्फी, पापड़, सरसों का तेल, दूध के कुल 5 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु लैब भेज दिया गया। विवेचना के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता को निदेर्शित किया गया कि व्यापारी खाद्य पदार्थ में किसी भी प्रकार की कोई मिलावट न करें। खाद्य रंगो तथा वर्क का प्रयोग सीमित मात्रा में करें तथा खाद्य प्रतिष्ठान लाईसेंस, पंजीकरण प्रमाण पत्र सहज दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करें, साथ ही किचेन क्षेत्र में सफाई सुनिश्चत करने हेतु किचन में सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर उसकी दृश्यता उपभोक्ता क्षेत्र में प्रदर्शित की जाय।

### साइबर क्राइम पुलिस टीम ने पीड़ित के बैंक खाते में धनराशि को कराया वापस

**भदोही।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक रवि प्रताप सिंह पुत्र सन्त कुमार सिंह निवासी सुबापुर मोढ़ के साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फ्रॉड करने के संबंध में आनलाइन शिकायत गत 25 फरवरी को किया गया था। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना बृजेश सिंह हे.का. गोवर्धन कुशवाहा द्वारा 56,000 रुपए की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।

#### साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानियां

साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें, वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें। किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसों की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये, अज्ञात व्यक्ति या अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

### रोजगार योजना में आवेदन के लिए किया जागरूक

**भदोही।** जिला खादी एवं ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा विपणन विकास सहायता (एससीएसपी) योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन मंगलवार को विकास खण्ड औराई के सायर में आयोजित किया गया। अतिथियों ने गॉधी प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विपणन विकास सहायता योजनान्तर्गत एक दिवसीय जागरूकता शिविर की उपादेयता व प्रासंगिकता पर बल देते हुए जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अमितेश कुमार सिंह ने बताया कि रोजगार के नये पहल के अन्तर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत ईकाइयों का उत्पादों के लिए विपणन सहायता के रूप में उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रदर्शनी, क्रेता, विक्रेता, सम्मेलन आदि आयोजित किए जाते है। उन्होंने उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित मुख्यमंत्री माटी कला, रोजगार योजना व माटी कला टूल्स किट वितरण योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए स्वरोजगार से नई उड़ान, युवाओं का कौशल विकास रोजगार का आधार, रोजगार के लिए ऋण लेना हुआ आसान, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार, हर हुनरमंद हाथों को काम मिले, नये-नये स्टार्टअप व उद्यम स्थापित करना, रोजगार के अवसर अपार आदि बिन्दुओं पर उनका मार्गदर्शन किया।

# भदोही पुलिस ने 12 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को दबोचा



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी के विरोध में चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की हैं। भदोही पुलिस ने दो गांजा तस्करों से 3.20 लाख रुपए कीमत का 12.546 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है।प्रभारी निरीक्षक भदोही अश्वनी कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कोतवाली और रजपुरा चौकी पुलिस टीम गजिया ओवरब्रिज के नीचे पेट्रोल पंप के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने जौनपुर के दो अंतर्जनपदीय तस्करों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में लवकुश पटेल जितापुर थाना रामपुर का रहने वाला है। वहीं अभिषेक सेहरा थाना रामपुर का निवासी है। दोनों के पास से अलग-अलग बैग में गांजा बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी त्रिपाठी ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही हैं। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार त्रिपाठी, उपनिरीक्षक बृजेश कुमार राय, उपनिरीक्षक वीरेंद्र यादव, मुख्य आरक्षी विनोद यादव, तौकीर अहमद, रवि प्रकाश पाठक और आरक्षी नितेश राय टीम में शामिल रहें।

# जागरूकता शिविर में दो हजार महिलाओं को किया जागरूक

**भदोही।** मानव संसाधन, महिला विकास संस्थान व वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नालेज के सहयोग से मंगलवार को सुरियावां ब्लॉक के छनौरा, तुलापुर, महुआ पुर, सियरहा, बरमौहनी ग्राम पंचायतो में जागरूकता शिविर लगाकर मास अवेयरनेस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओ और किशोरियों को जेंडर और वास सेनिटेशन के बारे में जागरूक किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में कुल मिलाकर लगभग दो हजार महिलाओं को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकत्री केसा सरिता मौर्या ने बताया कि अगर गांव की महिलाए और किशोरियां जागरूक हो जाएंगी तो आने वाला जनरेशन भी जागरूक होगा और गांव की महिलाएं और किशोरियां अपने मुद्दे पर खुल बात करने में सक्षम होंगी तो हमारा जिला सेनिटेशन और हायजिंग से मुक्त जिला और गांव होंगा तो देश का विकास होंगा। इस मौके पर स्वयंसेवी संस्थाओं की कार्यकत्रियां मौजूद रही।

# राज्यपाल से पुरस्कृत हुईं प्रतिभा

**सम्मान**

## आंगनबाड़ी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मिला सम्मान

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** जहां चाह, वहां राह उक्ति को बखूबी चरितार्थ किया है आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिभा सिंह ने। इन्होंने अपनी दृढ़इच्छा शक्ति, लगन व नवाचार के माध्यम से बड़नपुर आंगनबाड़ी केंद्र को एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में स्थापित कर दिया है।

इस उत्कृष्ट कार्य व प्रबन्धन हेतु राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उन्हें राजभवन लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया। वापस घर आने पर क्षेत्रवासियों ने प्रतिभा को बधाई व शुभकामना संदेश प्रेषित किया। सकारात्मक सोच की धनी प्रतिभा सिंह को वर्ष 2020 में लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया था। इससे पूर्व पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भी राज्यपाल ने उन्हें उनके अच्छे कार्यो की वजह से सम्मानित किया था। इसके अलावा इनको प्रशासनिक स्तर पर डीएम व बीईओ द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। नैतिकता की प्रेरणा लेकर प्रतिभा सिंह ने सरकारी धन के अलावा



अपना वेतन खर्च कर आंगनबाड़ी केंद्र में नौनिहालों के लिये कुर्सी, बेंच, टेबल, स्वच्छ जल के लिए आरो, साउंड सिस्टम, वाद्य यंत्र, एलाईडी टेलीविजन, फैन, खिलौने तथा अन्य साज सज्जा हेतु सामग्री समेत तमाम संसाधन जुटा लिए जिससे बच्चों को पढ़ने में सहूलियत महसूस हो रही है। समाज में बदलाव की चाहत हो तो रास्ते खुद ही निकल आते है। प्रतिभा सिंह ने अपनी मातृत्व कुशलता की बदौलत केंद्र के पढ़ने वाले नौनिहालों को अपना बना लिया है। उनके अभिभावकों से भी सम्पर्क साधकर उन्हें बच्चों की शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती है।

# अनुशासन मेहनत कौशल और ज्ञान के बल पर हो सकते हैं सफल: डॉ. पीएन डोंगरे

**आयोजन**

## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई के प्राचार्य डॉक्टर पीएन डोंगरे और प्राचार्य प्रोफेसर शाहिद परवेज के संयुक्त रूप से किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।




सरस्वती वंदना वंदना राय ने, कुलगीत शिप्रा दुबे, स्वागत गीत दीपा ने किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुतियां के माध्यम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्राध्यापक डॉ अनुराग सिंह ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की जिसमें शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक नवाचार व अन्य गतिविधियों में महाविद्यालय द्वारा प्राप्त प्रगति को निरूपित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ पीएन डोंगरे ने विजेता छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए जीवन में अनुशासन मेहनत और तकनीकी दक्षता, कौशल और ज्ञान के बल पर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। समारोह को सफल बनाने में प्राध्यापक डॉ राजकुमार सिंह यादव, डॉ भावना, सिंह डॉ श्वेता सिंह, डॉ अनीश कुमार मिश्र, डॉ सुजीत कुमार सिंह, बृजेश कुमार, डॉ अंकिता तिवारी, पूनम द्विवेदी, आशीष जायसवाल, विनोद कुमार भारती आदि की महिती भूमिका रही। इस अवसर पर केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ लक्ष्मी यादव और डॉ रीना सिंह भी मौजूद रहे।

# जौनपुर महोत्सव में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

**जौनपुर।** जौनपुर में हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग के समन्वय से शाही किला में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और निपुण भारत मिशन के दिशा-निदेर्शों के तहत बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।



कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी ब्लाक से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं पर आधारित कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिनमें उनके आत्मविश्वास और कला का बेहतरीन प्रदर्शन हुआ। नन्हें-मुन्हें बच्चों के इन मनमोहक प्रदर्शन ने उपस्थित सभी दर्शकों को प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में निपुण भारत मिशन की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने आज अपनी प्रस्तुति से कान्वेंट विद्यालयों को भी मात दी है। इस अवसर पर वरिष्ठ खंड शिक्षा अधिकारी उदयभान कुशवाहा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ पाठ्य सहगामी क्रियाएं बच्चों के अधिगम स्तर और आत्मविश्वास में सकारात्मक वृद्धि का कारण बन रही हैं। कार्यक्रम का संचालन खंड शिक्षा अधिकारी महराजगंज, रमेश चन्द्र पटेल के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में बालवाटिका के नोडल शिक्षकों, निपुण बच्चों और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में समस्त विकास खंडों के खंड शिक्षा अधिकारी,एस आरजी कमलेश यादव और अजय मौर्य, कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग देने वाले नामित एआरपी व शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षिकाओं, नन्हें बच्चों, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। इस आयोजन ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा और समर्पण को उजागर किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

इस होली मशाल, राकेट लॉन्चर, अनार, बम से चिंगारी नहीं, निकलेंगे सतरंगी ड्राई रंग

# इस बार की होली में बच्चों को भा गयी सूखे रंगों की रंगीन दुनिया

**अनोखा अंदाज**

**लोगों ने कहा- गीले रंगों से परहेज कर सूखे रंगों से इस बार खेलेंगे होली**

**सतरंगी रंगों से भरे कई पटाखों की खरीदारी में जुटे लोग, कहा ऐसी होली मन को भाती**

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव







**वाराणसी।** गीले रंगों से तौबा कर रहे लोगों को ध्यान में रखते हुए इस बार फॉग गुलाल बाजार की शोभा बढ़ा रहे हैं, इनमें फाग बम भी लोग पंसद कर रहे हैं। फाग बम घर में फेंकते ही तेज धमाके की आवाज की जगह अबीर गुलाल से पूरा वातावरण रंगीन कर देगा। जी हां, अगर आप भी रंगों के इस त्योहार में अपने मित्रों से रंगों से सराबोर होने से बचना चाहेंगे तो भी बच नहीं पायेंगे, क्योंकि यह फाग बम आपके घर आंगन में आकर गिरेगा और पूरे घर को रंगों में सराबोर कर देगा। यह फाग बम बीस रुपये से सौ रुपये तक प्रति पीस बाजार में उपलब्ध है। रंगों के इस त्योहार में हर बार परम्पराओं से कुछ अलग बाजार में उपलब्ध होता है सो इस बार भी गीले रंग की बजाए बाजार में सूखे रंगों की खुमारी छायी है। सिर्फ अबीर गुलाल को हाथ से ना लगाकर अब इसे बम की तरह इस्तेमाल किया जायेगा। इतना ही नहीं रंगों से डरने वालों लोग भी इससे बच नहीं पायेंगे।




### फायर केन व माचिस ने भी मचाया धमाल

फायर केन दिखने में एकदम कोल्ड ड्रिंक की तरह लेकिन ढक्कन खोलते ही आपको अबीर गुलाल से सराबोर कर देगा। इसके अलावा फाग माचिस चिंगारी के बजाए अबीर गुलाल की जगह लेगा। फायर केन की कीमत दो सौ रुपये प्रति बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा कई किस्म के मॉस्क लोगों को खुब लुभा रहा है। फाग राकेट भी बाजार में उपलब्ध है जो आपके घर में तो जायेगा लेकिन बजने के बजाए सतरंगी छटा बिखेरेगा। होली पर बाजार में हर ओर रंगों से दुकाने सज खूब गयी हैं। जो हर्बल के नाम पर लोगों को लुभा रही है। लेकिन इन रंगों में असली और नकली भी आपको परखना होगा। नकली रंग आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### बच्चों को भा गया फाग राकेट

राकेट का नाम आते ही लोगों के जेहन में बम की तर्ज पर एक खौफ होता है। लेकिन यह राकेट ऐसा नहीं होगा, ये किसी के घर में फेंक दिया जाए तो बजने के बजाए पूरा घर रंगों में डूब जायेगा। यह फाग राकेट बच्चों को खूब भा रहा है। इसके अलावा बच्चे फाग बम भी खूब पसंद कर रहें हैं।

### फॉग मशाल सहित अन्य फाग पटाखे

गीले रंगों से परहेज करने वाले लोगों के लिए हर वर्ष बाजार में नाया लाने वाले लोगों में इस बार भी कई ऐसे पटाखों को शामिल किया गया है जिसमें पटाखों से रौशनी व तेज आवाज नहीं बल्कि सतरंगी दुनिया का आभास होगा। उसी में से एक है, 40 सेकेंड तक चलने वाले फॉग मशाल लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र है।

### बोले अधिष्ठाता

सिगरा स्थित प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता अशोक गोगिया ने बताया कि इस बार



होली में यह नया स्वरुप में आया है, दीपावली के सभी पटाखों की तर्ज पर रंगों वाला पटाखा बनाया गया है जो आवाज ना करते हुए लोगों को सूखे रंगों में सराबोर करेगा। बताया कि लोग अब गीले रंगों से परहेज करने लगे हैं। इसलिए सूखे रंगों के प्रति लोगों को क्रेज बढ़ा है।

## होलिका में नहीं डालना चाहिए कबाड़ पड़ता है नकारात्मक प्रभाव

**बिगड़ा स्वरूप**

**अनाप-शनाप चीजें डालने से पर्यावरण को पहुंचता है काफी नुकसान**

**बहुत पवित्र होती है होलिका दहन की अग्नि, डालनी चाहिए ये चीजें**



**वाराणसी।** प्राचीन काल से चली आ रही होलिका की परम्परा का स्वरूप अब बिगड़ चुका है। अब लोग होलिका में कबाड़ तक डाल देते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अनाप-शनाप चीजें डालने से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है। वातावरण, समाज और परिवार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अबकी होलिका दहन का पर्व 13 मार्च को मनाया जाएगा।होलिका दहन का पर्व हर साल फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। रात के समय भद्रा मुक्त मुहूर्त में होलिका दहन किया जाता है और पूरे परिवार के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इस त्योहार का बच्चे-बुजुर्ग, महिला-पुरुष सभी इंतजार करते हैं और परिवार के साथ होलिका दहन करते हैं। साथ ही प्रार्थना करते हैं कि होलिका दहन की अग्नि में परिवार के सभी सदस्यों की परेशानियों और कष्ट भी स्वाहा हो जाएं। शास्त्रों के अनुसार, होलिका दहन की अग्नि बहुत पवित्र होती है, लेकिन इस अग्नि में जानकारी ना होने की वजह से लोग कुछ भी डाल देते हैं, जिसका नकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। कुछ शरारती तत्व टॉयर, ट्यूब तक डाल देते हैं। लोग अपने घरों का कबाड़ तक होलिका में डाल ही देते हैं। जबकि होलिका शुद्ध रूप से गाय के उपले से बनाया जाना चाहिए। लकड़ी भी शुद्ध डालनी चाहिए।

होलिका में टूटे फूटे लकड़ी के सामान डालने से शनि, राहु और केतु के अशुभ प्रभाव का सामना भी करना पड़ता है। लोग होलिका की आग में कपड़े, टायर आदि चीजें डाल देते हैं, जिससे ना सिर्फ होलिका की अग्नि अपवित्र होती है, बल्कि प्रदूषण भी होता है। साथ ही इन चीजों का संबंध राहु और मंगल ग्रह से माना जाता है। ऐसे में इन ग्रहों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इतना ही नहीं, होलिका की आग में भूलकर भी पानी वाला नारियल नहीं डालना चाहिए, ऐसा करना अशुभ माना जाता है। ऐसा करने से चंद्रमा की स्थिति खराब हो सकती है। होलिका की अग्नि में सूखा नारियल, अक्षत, ताजे फूल, नीम के पत्ते, कपूर का टुकड़ा, घी में भिगोए पान के पत्ते, बताशा आदि अर्पित करना अत्यंत शुभ माना गया है। इससे समाज और परिवार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।



भोजूबीर तिराहे पर उपलों से जलेंगी होलिका।

### पांच किसानों ने कराया रजिस्ट्रेशन

**चिरईगांव।** यूपी नेडा की ओर से पीएम कुसुम घटक सीवन योजना के तहत निजी आनग्रीड पम्प के सोलराइजेशन के लिए मंगलवार को बीज विक्रय केन्द्र पर लगाए गए शिविर में पांच किसानों ने पंजीकरण कराया। इस योजना के तहत किसानों को 10 प्रतिशत अंशदान और 90 प्रतिशत अनुदान से निजी पम्प के आनलाइन सोलराइजेशन की जानकारी दी गयी। इस दौरान कृषि विभाग के डा राजशेखर, सीबी सिंह, दिनेश कुशवाहा, मनोज प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## भाषा संस्थान की ओर से संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** पद्मभूषण सुभद्रा कुमारी चौहान की रचनाओं में स्त्री विमर्श विषय पर उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन भोजूबीर स्थित उद्गार सभागार में अंतर राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ। सुभद्रा कुमारी चौहान की रचनाओं में स्त्री विमर्श पर विस्तृत चर्चा करते हुए पण्डित छतिश द्विवेदी कुण्ठित ने कहा कि सुभद्रा ने झांसी की रानी कविता के माध्यम से स्त्री के शौर्य और बल को रेखांकित करते हुए उनके अंदर उत्साह और ऊर्जा का संचार पैदा करती है। वहीं प्रोफेसर अशोक राय ने कहा की खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी ऐसी वीरांगना चरित्र को कविता के माध्यम से विश्व पटल पर नारी के स्वावलंबी एवं उनमें आत्म बल के साथ संघर्ष करने की सोच को विकसित करती है। वक्ता सुनील सेठ ने कहा कि आज नारी को अपने आत्म सम्मान और गौरव की रक्षा करने का समय है जिसकी नसीहत सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं से मिलती है। श्रीमती रचना तिवारी एवं अंचला पाण्डेय के साथ ही श्रीमती प्रज्ञाश्री ने अपने विचारों को विस्तार पूर्वक रखा। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन जाने-माने हास्य कवि डॉक्टर अशोक राय अज्ञान ने किया और अंत में सभागार में उपस्थित सभी जनमानस के प्रति आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख साहित्यकारों में डॉक्टर लियाकत अली, चंद्र भूषण सिंह, खुशी मिश्रा, रितु पटेल, आननद कृष्ण मासूम, प्रकाशानंद, जीउल पटेल एवं वैभवी आनंद उपस्थित थे।

## होली के बाजारों में उमड़ी भीड़

**कारोबारी बम-बम**

**कपड़ा, जूता, सौन्दर्य और खाद्यान्न की दुकानों में बूम का आलम**

**रंग-अबीर-पिचकारी, चिप्स-पापड़ आदि की दुकानों पर बिक्री बढ़ी**



**वाराणसी।** होली बाजारों में ग्राहकों की जबर्दस्त भीड़ निकलने लगी है। शाम के बाद तो कई बाजारों में तिल रखने की जगह नहीं थी। कपड़ा-जूता, सौंदर्य प्रसाधन और खाद्यान्न की दुकानों पर बूम रहीं। मिठाई की दुकानों पर रेडिमेड गुझियां की डिमांड सर्वाधिक रही। रंग-अबीर-गुलाल-पिचकारी, चिप्स-पापड़ आदि की दुकानों भी बिक्री ने जोर पकड़ लिया है। बच्चों संग परिजन खरीदारी करने में मगशूल नजर आए। भीड़ ऐसी की पैदल चलना भी दुश्वार। सेल्समैनों के पुकार की एक बानगी-'आवा-आवा होलिया का कपड़ा लेते जा, ए भौजी, एक बहना, ए भइया, अइसन कपड़ा कतहू ना पइबा।'बाजार दशाश्वमेध का रहा हो या फिर नयी सड़क, बेनिया, हथुआ मार्केट, लहुराबीर, मलदहिया, मालवीय मार्केट, विशेश्वरगंज, गोलादीनानाथ, लक्सा, गुरुबाग, रथयात्रा, महमूरगंज, मंडुवाडीह, अर्दली बाजार, कचहरी, शिवपुर, पांडेयपुर, आशापुर आदि इलाकों में खुले कपड़े के प्रतिष्ठान रहे हो या फिर जूता-चप्पल-सैंडिल के। चटपटे नमकीन की बात हो या फिर ड्राई फूट्स की। इन दुकानों पर भीड़ ठसाठस रहीं। रंग-अबीर-गुलाल-पिचकारी-रंगीली टोपियों के लिए बच्चे खासे जिद करते नजर आए। इन बाजारों में अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों ने मनपसंद खरीदारी की। दुकानों पर उमड़ी भीड़ देख यह नहीं लगा कि महंगाई भी किसी चिड़िया का नाम है। प्रतिष्ठानों के कर्मचारी ग्राहकों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए लुभावने स्लोगन के साथ आवाज दे रहे थे। ग्राहकों ने भी छूट और ऑफर का जमकर लाभ उठाया। हर कोई अपनी पसंद के अनुसार तैयार परिधान, जूता, चप्पल, सैंडिल, सौन्दर्य प्रसाधन, बेल्ट आदि खरीदते नजर आए। ड्राई फूट्स में मेवा, मखाना, किशमिश, काजू आदि की बिक्री हुई। रेडिमेड खाद्य सामग्रियों में पापड़, चिप्स, फिंगर के अलावा तरह-तरह के चटपटे नमकीनों की बिक्री भी खूब हुई। ठंडई की दुकानों पर भी भीड़ कम नहीं थी। बाजारों में निकली ग्राहकी के चलते कारोबारियों में जबर्दस्त उत्साह नजर आया।

### 15 को लाट भैरव भजन मंडल का पारंपरिक होली मिलन

**वाराणसी।** धार्मिक संस्था श्री लाट भैरव भजन मंडल व सामाजिक संस्था विश्व बंधु लायंस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मनाएं जाने वाला होली मिलन 15 मार्च शनिवार को आयोजित है ।व्यवस्थापक केवल कुशवाहा ने बताया कि इस बार 41वां वर्ष मनाया जा रहा है ।विगत सन 1984 से लगातार यह आयोजन सामाजिक सरोकार को प्रगाढ़ करने हेतु मनाया जाता है ।जिसमें नवीन-पुरातन लोगों का जमावड़ा होता है ।संस्था 40 वर्षों से अनवरत परम्पराओं को सहेजने में जुटी है ।होली मिलन के अवसर पर तेलियाना स्थित सभागार में संगीतमय श्री सुंदरकांड पाठ के बाद परम्परागत होली गीतों से शाम सजेगी ।श्री राम जानकी मंदिर के महंत रामदास कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे ।उक्त आशय की जानकारी शिवम अग्रहरि ने दिया।

### एमडी ने किया निर्माणाधीन विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण



**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार मंगलवार की देर शाम काशी विद्यापीठ परिसर पहुंचे और वहां बन रहे विद्युत उपकेंद्र का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन इस विद्युत उपकेंद्र से रोप-वे परियोजना को निर्बाध आपूर्ति उपलब्ध करायी जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक से निर्माण कार्य में लगे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। कहा कि उपकेंद्र के निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। इसमें लापरवाही किसी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## होली के त्योहार को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** होली के त्यौहार के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सतर्क हैं। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के साथ ही सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं के लिए 24 घंटे अलर्ट रहने का निर्देश दिया गया है।

*मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने कहा कि होली के पर्व पर दुर्घटना/मार्ग दुर्घटना की घटनाओं में बढ़ोत्तरी होने की संभावना के दृष्टिगत सभी आकस्मिक सेवायें सुव्यवस्थित एवं संचालित रखी जायें। साथ ही संबंधित चिकित्सा इकाई की इमरजेंसी में कुछ बेड अतिरिक्त रूप से आरक्षित रखे जायें। समस्त चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को बिना अपरिहार्य कारणों के अवकाश स्वीकृत न किये जाएं। समस्त चिकित्सकीय इकाईयों पर

**बोले सीएमओ**

**अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं के लिए 24 घंटे अलर्ट**

क्रियाशील एबुलेंस की उपलब्धता समयान्तर्गत सुनिश्चित की जाए। चूंकि होली रंगों का पर्व है, जिसमें प्रायः कैमिकल वाले रंगों के उपयोग से नेत्र एवं त्वचा से संबंधित समस्यायें उत्पन्न होती हैं, अतएव समस्त इकाईयों पर नेत्र तथा त्वचा रोग से संबंधित औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता तथा त्वचा एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों की आन-काल उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए।

जिला प्रशासन से समन्वय कर होली के त्योहार को स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित रूप से मनाने के लिए समस्त यथाआवश्यक कदम उठायें जाएं। बताया कि होली पर्व पर दुर्घटनाओं की आशंका अधिक रहती है लिहाजा आपातकालीन सेवा के लिए चिकित्सकों, स्टाफ नर्स और स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी अपने निर्धारित ड्रेस कोड के साथ एवं समयानुसार लगा दी गई है।

सभी स्टाफ चिकित्सालय में उपस्थित रहकर चिकित्सीय कार्य करना सुनिश्चित करें एंबुलेंस कर्मियों को भी सक्रिय रहने और समय से कॉल रिसीव करने का निर्देश दिया गया है।

मण्डलीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बेड आरक्षित किये गये हैं। होली में केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से त्वचा झुलसने के साथ ही स्वांश व नेत्र रोग संबंधी मामलों की आशंका अधिक रहती है। इसे देखते हुए सभी स्वास्थ्य इकाइयों पर नेत्र रोग और त्वचा रोग संबंधी पर्याप्त औषधियों के साथ चिकित्सकों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## भट्ठा संचालक मिले डिप्टी सीएम व पर्यावरण मंत्री से

**सौंपा पत्रक**

**ईंट-भट्ठा के लिए शीघ्र ही लागू होगी नयी नीति : डॉ. बृजेश पाठक**



**सेवापुरी।** नवगठित ईंट निर्माता संघ वाराणसी मंडल का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को लखनऊ में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण सक्सेना और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन डॉ. आरपी सिंह से मिला और ईंट-भट्ठा संचालन में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। भट्ठा संचालकों की पीड़ा को सुनकर उप मुख्यमंत्री, मंत्री व चेयरमैन ने आश्वासन दिया कि ईंट-भट्ठे बंद नहीं होंगे, क्योंकि भट्ठों पर गरीब, असहाय लोगों रोजगार मिलता है। सरकार भी रोजगार के प्रति अग्रेषित है। पुलिस प्रशासन कदापि भट्ठा संचालकों को प्रताड़ित नहीं करेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही नया नीति लागू कर आप लोगों को न्याय दिलायेगी। आप लोग घबराइये नहीं। सरकार भी इस विषय पर मंथन कर रही है। चेयरमैन ने कहा कि नयी नीति लागू होने पर कैम्प लगाकर एनओसी दिया जाएगा। बनारस प्रधानमंत्री का क्षेत्र है। यहां पर किसी भट्ठा संचालक का उत्पीड़न कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना, घनश्याम सिंह यादव, संजय सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, सत्येंद्र यादव सत्या, हरिओम सिंह, अजीत सिंह, हेमंत सिंह, अमित कुमार सिंह, तरुन सिंह आदि थे।

## मैदान में खेलिए, बीमारियों को दूर भगाइए

**आयोजन**

**राज्यपाल ने पीएमश्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में खेल को प्रोत्साहित करने का दिया मंत्र**

**स्कूलों में रोजाना खेल का टाइमटेबल बनाने का दिया सुझाव**




**वाराणसी।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि खेल के मैदान में जाकर खेलिए और बीमारियों को दूर भगाइए। एक्साइज से खाना पचता हैं, तो खेल से लहू बनता है। स्कूलों में खेलने का टाइमटेबल बनना चाहिए और बच्चों को रोजाना खेलना चाहिए। उन्होंने चैम्पियंस ट्राफी का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी टीम सबको हरा कर आयी हैं। यह रोजाना अभ्यास से ही संभव हुआ है। राज्यपाल मंगलवार को बड़ालालपुर स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल में आयोजित जनपदस्तरीय पीएमश्री वार्षिकोत्सव खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अपने उद्गार प्रकट कर रहीं थी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि स्कूलों में बॉडी मेजरमेंट इंडेक्स को भी जोड़ा जाए जिससे बच्चों के स्वास्थ्य की सही जानकारी हो सकें। उन्होंने बच्चियों को मजबूत होकर मुकाबला करने तथा सभी को टीम वर्क की भावना से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने कहा कि खेल की दुनिया में भी नये नवाचार कर सकते हैं। खेलों में भी नवाचार के जरिए विश्व को नया रास्ता भी दिखा सकते हैं। उन्होंने कहा कि खेल की दुनिया में आगे बढ़ने के लिए अपनी दिनचर्या को उस अनुरूप ढालना होगा। एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा एवं धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया, पीएम श्री खेलकूद प्रतियोगिता से गांवों में छिपी प्रतिभा को दिखाने का मौका मिल रहा है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा कि राज्यपाल के प्रयास से वाराणसी के प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए व्यवस्था को सुदृढ़ करने के नित्य नए प्रयास किये जा रहे हैं। विद्यालयो में निपुण भारत तथा विद्यालयों में कम्प्यूटर लैब, बच्चों को पोषणयुक्त खाद्य पदार्थ समेत विभिन्न योजनाओं से सशक्त किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक सुनील पटेल, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, बीएसए डॉ अरविन्द पाठक समेत छात्र-छात्राएं, अध्यापक, कोच आदि उपस्थित रहे।

### विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिमा में प्रथम स्थान कंपोजिट विद्यालय पिंडरा, द्वितीय स्थान कंपोजिट विद्यालय सेवापुरी तथा तृतीय स्थान कंपोजिट विद्यालय सारनाथ को मिला। 100 मीटर रेस में पुरुष वर्ग में शुभम पटेल को प्रथम तथा महिला कटेगरी में सील यादव को प्रथम स्थान मिला। परमा विश्वास को मिशन शक्ति की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया है।

### राज्यपाल ने अपने बचपन को किया याद

प्रतियोगिता में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि उनकी रूचि दौड़ में थी और 100, 200, 400 तथा 800 मीटर दौड़ में अव्वल रही हैं। उन्होंने कहा कि छुट्टियों के दौरान खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले ट्रेनिंग लें जिससे वो और अच्छा प्रदर्शन कर सकें। राज्यपाल ने कहा कि लड़कियों को खेलों के प्रति रूचि रखना चाहिए। इससे वो अपने को फिजिकली फिट रख सकेंगी। प्राइमरी शिक्षा ले रही बच्चियों के मेडिकल चेकअप को बढ़ावा देने को लगातार अभियान चलाने का डीएम व सीडीओ को निर्देश दिया। उन्होंने बेटा- बेटी का भेदभाव करने वालों पर कटाक्ष करते हुए बेटियों को आगे लाने के लिए सभी संभव प्रयास करने को कहा।